दैनिक
नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | अभिव्यक्ति 3 | राजधानी 6 | आंचलिक 7 | छत्तीसगढ़

RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, शुक्रवार 20 जनवरी 2023, शुक्ल पक्ष त्रयोदशी, विक्रम संवत-2078 वर्ष-11 अंक-315 पृष्ठ-08 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

युवा क्रिकेटर बेसिक पर ध्यान दें, रायपुर में मैच का आयोजन छग के लिए ऐतिहासिक पल

अपराजित क्रिकेटर राजेश चौहान से नवप्रदेश के विशेष संवाददाता नितेश छाबड़ा की खास बातचीत

नितेश छाबड़ा

रायपुर/नवप्रदेश। टीम इंडिया के पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी राजेश चौहान हर टीम के लिए कड़े प्रतिद्वंद्वी के तौर पर जाने जाते थे। उनके साथ एक अनोखा रिकॉर्ड भी जुड़ा है। उन्होंने अपने कैरियर में जो 21 टेस्ट खेले हैं, उनमें टीम इंडिया को कभी हार का सामना नही करना पड़ा। एक वक्त ऐसा भी था जब अनिल कुंबले, वेंकटपति राजू और राजेश चौहान की स्पिन तिकड़ी को भारतीय पिचों पर खेल पाना विदेशी टीमों के लिए कभी आसान नहीं था। नवप्रदेश के विशेष खेल संवाददाता नितेश छाबड़ा ने उनसे चर्चा की। साक्षात्कार के दौरान उन्होंने अपने कैरियर के विभिन्न पहलुओं के बारे में बताया। साथ ही भारतीय टीम के वर्तमान परिदृश्य और रायपुर में होने वाले पहले अंतराष्ट्रीय मैच पर भी अपने विचार व्यक्त किए। प्रस्तुत हैं इसके प्रमुख अंश...

राजेश चौहान

प्रश्न- क्रिकेट में आपकी शुरुआत किस तरह हुई?

उत्तर - मेरी क्रिकेट की शुरूआत भिलाई से ही हुई। पिताजी भी क्रिकेट खेलते थे, इसलिए क्रिकेट में मेरी भी रुचि बढ़ी। मैं शुरू से पढ़ाई में भी अच्छा था, इसलिए स्कूली क्रिकेट में ज़्यादा नहीं खेल पाया। कॉलेज में आने के बाद मैंने क्रिकेट को गंभीरता से लिया। कॉलेज के ही कुछ प्राध्यापकों और पिताजी से मुझे काफी बढ़ावा मिला। इसी दौरान भिलाई स्टील प्लांट में मेरी नौकरी लग गई और जल्दी ही मेरा चयन रणजी ट्रॉफी के लिए हो गया। इसका सबसे सकारात्मक पहलू यह था कि उस वक्त मध्यप्रदेश की टीम में संदीप पाटिल और चंद्रकांत पंडित थे। मुझे इनसे काफी मार्गदर्शन मिला। मैंने स्टील ऑथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) की टीम का भी प्रतिनिधित्व किया और अगले 10 वर्षो तक काफी हार्ड क्रिकेट खेला। वहां की परफॉर्मेंस के आधार पर टीम इंडिया में मेरा चयन हो गया। शुरुआत में मै मीडियम पेस गेंदबाज था। मेरे पिताजी खब्बू स्पिनर के तौर पर दिलीप ट्रॉफी खेले थे, इसलिए मैंने भी स्पिन गेंदबाजी पर अपना फोकस किया। भारतीय टीम के पूर्व स्पिनर मनिंदर सिंह और सेल में कार्यरत दलजीत सिंग से स्पिन गेंदबाजी के गुर सीखने में काफी मदद मिली। मैंने स्वयं भी बहुत मेहनत की ओर नेट्स में जो गेंदबाज होते थे, उनसे भी मै सीखता चला गया। उनसे राय लेता था। धीरे धीरे मैं अपने गेम को निखारते चला गया।

प्रश्न - स्पिन तिकड़ी को लेकर कुछ बताएं। आखिर ये कैसे बनी और अनिल कुंबले और राजू के साथ का अनुभव कैसा रहा ?

उत्तर- हमारी स्पिन तिकड़ी स्वाभाविक रूप से बनती चली गई। सबसे बड़ी बात यह थी कि क्रिकेट प्रेमी और समीक्षक हमारे बारे में बातें करते थे। हर जगह हमारी तिकड़ी को एक प्रसिद्धि मिली थी। हमने बड़ी मेहनत से टीम के अंदर जगह बनाई थी। हम आपस में चर्चा करके रणनीति बनाते थे कि किस तरह से गेंदबाजी करनी है। कैसे सामने वाली टीम के बल्लेबाजों को परेशान करना है। ये सब पर भारतीय उपमहाद्वीप के बाहर या यह कहे कि ऐसे विकेटों पर जहां गेंद सीम होती थी, तीन स्पिनरों का एक साथ खेलना संभव नही था। भारतीय उपमहाद्वीप में हमारी तिकड़ी लगातार खेली और अच्छा परफॉर्मेंस किया। साथ ही यह भी कहना चाहिए कि ऊपर वाले का आशीर्वाद था कि मैंने अपने कैरियर में जो 21 टेस्ट खेले हैं, उनमें कभी भी टीम इंडिया को हार का सामना नहीं करना पड़ा।

प्रश्न - 1997 में जब श्रीलंका की टीम ने रिकॉर्ड 952 रनों का स्कोर किया, तब आप भी उस टीम में थे और सनथ जयसूर्या को 340 के स्कोर पर आपने ही आउट किया था। श्रीलंका के द्वारा इतना बड़ा स्कोर बना लेने पर आप क्या कहेंगे?

उत्तर- इस बारे में जब भी मैं अनिल और राजू मिलते हैं, तो जरूर इस पर चर्चा होती है। कुछ महीने पहले भी हम आपस में मिले थे तब भी यही चर्चा हुई थी कि उस टेस्ट में हमारी गेंदबाजी में ऐसा क्या हुआ था, जो श्रीलंका ने इतना बड़ा स्कोर खड़ा कर लिया था। हम दो तीन दिन तक मशीन की तरह गेंद डालते रहे और वे मशीन की तरह रन बनाते रहे। पिच भी फ्लैट थी, जिसमे गेंदबाजों के लिए कोई मदद नहीं थी। उस पारी में श्रीलंकाई बल्लेबाज बहुत अच्छा क्रिकेट खेल रहे थे। मैं इतना ही कहना चाहूंगा कि वह हम गेंदबाजों के लिए याद रखने लायक मैच बिल्कुल भी नहीं था।

प्रश्न - कराची के ऐतिहासिक एकदिवसीय में सकलेन मुश्ताक की गेंद पर आपने जो छक्का लगाकर मैच जिताया था, वह काफी रोचक अनुभव होगा। उसके बारे में कुछ बताएं।

उत्तर -वह सीरीज का दूसरा मैच था। पहला मैच हम हार चुके थे और तीन मैचों की सीरीज में बने रहने के लिए किसी भी हाल में हमे यह मैच जीतना था। पाकिस्तान के 266 रनों का पीछा करते हुए गांगुली और कांबली ने एक अच्छी पार्टनरशिप लगाई थी। उसके बाद सबा करीम और रोबिन सिंह मैच को फिनिशिंग मोड में ले आये थे। सबा के आउट होने के बाद मैं बल्लेबाजी करने गया। इससे पहले सचिन और विनोद कांबली मुझे पविलियन में लगातार यह बता रहे थे कि चौहान साहब (उस समय टीम के अधिकतर खिलाड़ी मुझे चौहान साहब ही कहते थे) वकार यूनुस और सकलेन को किस तरह से खेलना है। मेरी एक आदत थी कि मैं बिना हेलमेट के बल्लेबाजी में उतरना ज्यादा पसंद करता था। टीम के सीनियर खिलाड़ी मुझे यह भी समझा रहे थे कि वकार के सामने आपको हेलमेट लगाकर उतरना चाहिए। जब मेरी बैटिंग आयी उस वक्त टीम को आखिरी ओवर में 8 रनों की जरूरत थी और स्ट्राइक मेरे पास थी। सामने सकलेन थे। मैं उनकी पहली ही गेंद पर क्रीज से आगे बढ़ा। गेंद फुल लेंथ की थी, जिसे मैंने फुल टॉस में तब्दील करके मिड विकेट की ओर शॉट लगाया। बहुत अच्छा कनेक्शन हुआ और गेंद सीधे बाउंडरी पार पहुंच गयी। आज भी यह पल मुझे रोमांचित करता है। यह एक अविस्मरणीय मैच था। उसके बाद सचिन, सौरव और टीम के कोच मदनलाल ■ शेष पृष्ठ 6 पर

रायपुर पहुंची भारत व न्यूजीलैंड की टीम

छत्तीसगढ़िया अंदाज में किया स्वागत

गुरुवार को टीम इंडिया रायपुर पहुंच गई। भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा की अगुवाई में सभी खिलाड़ी पहुंचे हैं। हैदराबाद से आने वाली इन क्रिकेटर्स की फ्लाइट करीब डेढ़ घंटे डीले हुई। मगर शाम 6 बजे तक सभी प्लेयर्स रायपुर पहुंच गए। सभी का छत्तीसगसढ़िया अंदाज में स्वागत हुआ। रायपुर एयरपोर्ट में भी खिलाड़ियों का पूरे जोश में फैंस ने स्वागत किया। बाहर आते हुए प्लेयर्स खास बस में सवार हुए, हाथ हिलाकर फैंस को अभिवादन स्वीकारा और आगे होटल की ओर बढ़े। होटल में भी सभी प्लेयर्स का स्वागत हुआ। आदिवासी नृत्य करते कलाकारों ने छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया वाला फील दिया। रायपुर में पहली बार इंडियन क्रिकेट टीम मैच खेलते नजर आएगी। राजधानी के वीर नारायण सिंह स्टेडियम को इंटरनेशनल क्रिकेट के लिए तैयार किया जा रहा है। प्रदेश के क्रिकेट इतिहास में पहली बार बीसीसीआई ने प्रदेश को एक अंतरराष्ट्रीय मुकाबले की मेजबानी सौंपी है। ये मुकाबला 21 जनवरी की दोपहर डेढ़ बजे खेला जाएगा। वहीं आज सुबह दोनों ही टीम के खिलाड़ी अभ्यास के लिए स्टेडियम पहुंचेगी।

आज बेबाक

पाकिस्तान और श्रीलंका सहित कई देशों को गले तक कर्ज में डुबों कर उनको बर्बाद करने वाले चालबाज चीन को उसके किए की सजा मिल रही है। चीन की खुद की अर्थव्यवस्था पटरी से उतर गई है। पिछले पांच दशकों में चीन की अर्थव्यवस्था पहली बार इस कदर खस्ताहाल में पहुंच गई है कि अब उसे इस संकट से ऊबरने का रास्ता नही मिल रहा है। सारी दुनिया में कोरोना का कहर बरपाने वाला चीन कोरोना के कारण ही बदहाली का शिकार हो रहा है। दूसरों के लिए गढ्डा खोदने वाला चीन अब खुद खाई में गिरने जा रहा है।

बाजार

सेंसेक्स	60858.43
निफ्टी	18107.80
गोल्ड	56,890 प्रति 10 ग्राम
चांदी	71,900 प्रति किग्रा
अण्डा दर	5.76 प्रति नग

चुनावी बजट पर मंत्रियों से सीएम का 27 से 29 तक वन टू वन चर्चा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में इस साल विधानसभा का चुनाव है। इस बीच सरकार में 2023 के बजट पर मंथन तेज हो गया है। सभी विभागों ने बजट प्रस्ताव मंगा लिए गए हैं। 27 से 29 जनवरी के बीच मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने मंत्रियों के साथ विभागीय प्रस्तावों पर बातचीत करने वाले हैं। मंत्रियों से चर्चा के लिए तीन दिन का समय तय हुआ है। पहले दिन मंत्री उमेश पटेल, जय सिंह अग्रवाल और अमरजीत भगत के विभागों पर बात होनी है। दूसरे

दिन यानी 28 जनवरी को अनिला भेंडिया, गुरु रुद्र कुमार, कवासी लखमा, डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम और डॉ. शिव कुमार डहरिया से जुड़े विभागों के प्रस्ताव पर चर्चा होगी। अंतिम दिन यानी 29 जनवरी को मोहम्मद अकबर, रविंद्र चौबे, टीएस सिंहदेव, ताम्रध्वज साहू और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ■ शेष पृष्ठ 6 पर

इस बार ई-बजट होगा

छत्तीसगढ़ में इस बार का बजट ई-बजट होने वाला है। वित्त विभाग और विधानसभा में इसकी तैयारी भी हो रही है। इसके तहत बजट भाषण की प्रति सीधे टेबलेट पर पढ़ी जाएगी। इसके लिए वित्त विभाग ने एक ऐप भी तैयार किया है। इसमें बजट से जुड़ी पूरी जानकारी होगी। विधायकों को लिए भी टेबलेट उपलब्ध कराया जाएगा। विधायकों की सीट पर इसे देखने की सुविधा उपलब्ध होगी। इससे पहले विधानसभा में प्रश्न पूछने के लिए विधायकों को लैपटॉप दिए गए थे।

वोट बैंक की राजनीति नहीं, विकास पर है हमारा ध्यान : मोदी

यादगीर (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्र की अपनी सरकार की प्राथमिकताओं का जिक्र करते हुए गुरुवार को कहा कि उसका ध्यान केवल विकास पर है न कि वोट बैंक की राजनीति पर।

श्री मोदी ने यहां कई परियोजनाओं का उद्घाटन करने के बाद कहा, अगर देश का एक जिला भी विकास के मानकों पर पिछड़ जाता है, तो देश विकसित नहीं हो सकता।

उत्तर कर्नाटक में यादगीर का उदाहरण देते हुए श्री मोदी ने विकास की राह में इस क्षेत्र के पिछड़ेपन पर दुख जताया। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में क्षमता थी, लेकिन पिछली सरकारों ने यादगीर और ऐसे अन्य जिलों को पिछड़ा घोषित करके खुद को दोषमुक्त कर लिया था।

उन्होंने उस समय को याद किया जब पुरानी सरकारें वोट बैंक की राजनीति में लिप्त थीं और बिजली, सड़क और पानी जैसे बुनियादी ढांचे पर ध्यान नहीं दिया था। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने प्राथमिकता के आधार पर सबसे पिछड़े क्षेत्रों पर ध्यान दिया और यादगीर सहित सौ आकांक्षी गांवों के अभियान की शुरुआत की।

मुगलकालीन दुर्लभ चांदी के सिक्कों से भरा घड़ा मिला

■ पाइप लाइन बिछाने हो रही थी खुदाई

राजनांदगांव/नवप्रदेश। राजनांदगांव जिले के डोंगरगांव विकासखंड अंतर्गत ग्राम बाजार-नवागांव (ग्राम पंचायत बडगांव-चारभाठा) में नल पाइप लाइन खुदाई के दौरान मुगल काल के 65 चांदी के सिक्के प्राप्त हुए हैं। पुरावशेष विशेषज्ञों के अनुसार मुगलकालीन यह सिक्के लगभग 1700-1800 ई. के बताए जा रहे हैं। इसके अलावा खुदाई के दौरान मिश्रित धातु के 3 बाघनखनुमा अंगुठियां और मिश्रित धातु के 2 कड़े भी मिले हैं। गौरतलब है कि जिला प्रशासन के तत्वावधान में नल जल योजना के तहत ग्राम बाजार नवागांव में पाइपलाइन बिछाते समय 65 रजत (चांदी) के सिक्के सहित अन्य पुरावशेष एक मटके से प्राप्त हुए हैं। डोंगरगांव के अनुविभागीय अधिकारी सुनील नायक ने बताया कि विवेक आचार्य संचालक पुरातत्त्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय रायपुर के निर्देशन में विभागीय दल जिसमें डॉ. प्रताप चन्द ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मंदी के खतरे से गिरा शेयर बाजार

मुंबई (वार्ता)। अमेरिकी उपभोक्ता मांग के कमजोर आंकड़ों से दुनिया में एक बार फिर मंदी का खतरा मंडराने की आशंका में वैश्विक बाजार के गोता लगाने से हतोत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर यूटिलिटीज, पावर सीडी, ऊर्जा और एफएमसीजी समेत 12 समूहों में हुई बिकवाली से शेयर बाजार की पिछले लगातार दो दिन की तेजी आज थम गई। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 187.31 अंक अर्थात 0.31 प्रतिशत की गिरावट लेकर 61 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 60858.43 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 57.50 अंक यानी 0.32 प्रतिशत उतरकर 18107.85 अंक पर आ गया।

इस दौरान दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों में भी बिकवाली हुई। इससे बीएसई का मिडकैप 0.06 प्रतिशत टूटकर 25,171.93 अंक और स्मॉलकैप 0.24 प्रतिशत गिरकर 28,773.27 अंक पर रहा। बीएसई में कुल 3626 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1927 में बिकवाली जबकि 1585 में लिवाली हुई वहीं 114 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में 34 कंपनियों के शेयर लुढ़के जबकि 15 में तेजी रही वहीं एक के भाव स्थिर रहे।

लखीमपुर खीरी हिंसा : सुको ने आशीष की जमानत पर फैसला सुरक्षित रखा

नयी दिल्ली (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने वर्ष 2021 के उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी किसान आंदोलन के दौरान हिंसा मामले में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा के पुत्र आशीष मिश्रा की जमानत याचिका पर सुनवाई पूरी होने के बाद गुरुवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया।

न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति जे. के. महेश्वरी की पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कहा कि मामले की सुनवाई पूरी होने में पांच साल लग सकते हैं। इस हालात में अभियुक्तों को अनिश्चितकाल

के लिए कैद नहीं किया जा सकता है। पीठ के समक्ष उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से एडिशनल एडवोकेट जनरल गरिमा प्रसाद, याचिकाकर्ता आशीष मिश्रा का पक्ष वरिष्ठ मुकुल रोहतगी, जबकि पीड़ित किसानों में से एक शिकायतकर्ता की ओर से वरिष्ठ वकील दुष्यंत दवे ने दलीलें दीं।

गरमा-गरम

ठगी

होमग्रोन कॉर्पोरेशन का संचालक फरार, 15 दिन में 35 सौ रुपए देने जमा करवाए थे 25 सौ रुपए

ठगी का शिकार बनी महिलाओं का फूटा गुस्सा, कार्यालय में की तोड़फोड़

दुर्ग/नवप्रदेश। दुर्ग शहर में स्वरोजगार के आड़ में करीब 5 करोड़ से अधिक राशि का ठगी का बड़ा मामला प्रकाश में आया है। इंदिरा मार्केट स्थित प्रेम कॉपलेक्स के दूसरी मंजिल में संचालित ठग कंपनी होमग्रोन कॉर्पोरेशन ने महिलाओं को साढ़े तीन किलो मोती का माला पिरोने के एवज में 15 दिन में साढ़े तीन हजार रुपए देने का वादा किया था। जिसके लिए ठग कंपनी द्वारा महिलाओं से ढाई हजार रुपए सुरक्षा राशि जमा करवाई गई थी। कम राशि में आसानी से ज्यादा कमाई के ठग कंपनी के जाल में महिलाए फंस गई। इस कंपनी से करीब 1 हजार से अधिक महिलाओं के जुड़े होने का पता चला है। कंपनी से जुड़ी महिलाएं गुरुवार को कंपनी के इंदिरा मार्केट स्थित कार्यालय पहुंची, तो उन्हे कार्यालय में ताला लगा

मिला। कंपनी के संचालक सानू कुमार का मोबाइल फोन भी स्वीच ऑफ मिला। जिसके बाद महिलाओं को समझते देर नहीं लगी कि वे बड़े ठगी का शिकार हो गए। यह खबर शहर में आग की तरह फैली। जिससे कंपनी से जुड़ी अन्य महिलाएं और उनके परिवार के सदस्य भी मौके पर पहुंचे और कंपनी के खिलाफ जमकर हंगामा मचाया। इस दौरान महिलाओं का कंपनी संचालक के खिलाफ जमकर गुस्सा फूटा। मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने कंपनी कार्यालय में लगे ताला को तोड़कर ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पिछले 3 महीने से हो रहा था संचालन

पिछले 3 माह से होमग्रोन कॉर्पोरेशन का संचालन किया जा रहा था। इसके लिए कंपनी संचालक द्वारा 15-20 की संख्या में कार्यालय में कर्मचारी भी रखे गए थे। ये कर्मचारी कार्यालय में महिलाओं को माला पिरोने की स्कीम की जानकारी देकर कंपनी में जोड़ते थे। कंपनी से जुड़ने वाली महिला सदस्यों द्वारा नए सदस्य बनाए जाने पर उन्हे 4सौ रुपए का कमीशन भी दिया जाता था। जिससे महिलाओं में कंपनी की स्कीम को लेकर खासा उत्साह था और लगातार कंपनी से महिलाएं जुड़ रही थी।

मध्यम व निम्न वर्ग की जुड़ी थीं महिलाएं

इस कंपनी से खासकर आर्थिक रुप से मध्यम व निम्न वर्ग की महिलाएं जुड़ी हुई है। होमग्रोन कॉर्पोरेशन से दुर्ग शहर की करीब हजार से अधिक की संख्या में महिलाएं जुड़ी थी। इस कंपनी से एक ही परिवार के 4-5 महिला सदस्यों के जुड़े होने का भी पता चला है। कंपनी द्वारा दुर्ग के अलावा भिलाई में भी कार्यालय खोला गया था। जिसके माध्यम से कंपनी महिलाओं को अपनी ठगी का शिकार बना रहा था। घटना की जानकारी मिलने पर जिला भाजपा महामंत्री ललित चंद्राकर,जिला भाजयुमों अध्यक्ष नितेश साहू, राहुल पाटिल, रजा खोखर,रामत्रिलोचन तिवारी मौके पर पहुंचे और घटना की निंदा करते हुए महिलाओं को न्याय दिलाने पुलिस से मांग की है।

संपादकीय

पीएम पद के लिए बढ़ती दावेदारी

2024 में होने जा रहे लोकसभा चुनाव के लिए सभी राजनीतिक पार्टियों ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है। सत्तारूढ़ भाजपा ने जहां अभी से लोकसभा चुनाव के लिए बूथ स्तर पर तैयारी करने के लिए अपने कार्यकर्ताओं को दिशा निर्देश जारी कर दिए है और खुद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया है कि वे विवादास्पद बयानबाजी से बचे। यही नहीं बल्कि भाजपा ने अल्पसंख्यकों के वोटों को अपने पाले में लाने की कवायद भी शुरू कर दी है। राजनीतिक गलियारों में भारी खर्चे से हुए एक चुनावी सर्वेक्षण की चर्चा है। सर्वे के नतीजे बताते हैं कि 2024 में नरेंद्र मोदी के खिलाफ सभी विपक्षी दलों के संभावित प्रधानमंत्री पद के दावेदार स्पष्ट रूप से हार रहे हैं। वहीं अरविंद केजरीवाल राहुल गांधी की तुलना में थोड़ा अधिक स्कोर करते नजर आ रहे हैं। यह स्थिति तब है जब कांग्रेस अपने करीब 17 प्रतिशत प्रतिबद्ध मतदाताओं के पूरे भारत में मौजूद है। यह सर्वे ऐसे समय में आया है जब आम सहमति है कि राहुल की भारत जोड़ो यात्रा ने उनकी छवि को ठीक किया है। भाजपा के प्रचार तंत्र ने राहुल गांधी की छवि को 'पप्पू' वाली बनायी थी, जिसे कांग्रेस और राहुल गांधी ने अब ईमानदारी और अद्भुत शारीरिक सहनशक्ति वाले व्यक्ति के छवि से बदल दिया है। लंबी दाढ़ी और एक टी-शर्ट के साथ राहुल गांधी कड़ाके की ठंड में रोज 20 किलोमीटर चल रहे हैं। उन्होंनें अपने साथ मार्च करने वालों को गले लगाकर कई नए प्रशंसक बना लिए हैं। हालांकि आलोचकों का मानना है कि राहुल की छवि में बदलाव से अब तक कोई ठोस चुनावी लाभ नहीं हुआ है। राहुल गांधी हिमाचल प्रदेश के विधानसभा चुनाव में गायब थे। यह एकमात्र राज्य है, जिसे हाल में पार्टी ने जीता है। नए सर्वेक्षण से पता चलता है कि यात्रा ने भाजपा के कोर वोट बैंक में सेंध नहीं लगाई है। विपक्षी दल स्पष्ट रूप से चाहते हैं कि कांग्रेस एकजुट विपक्ष का हिस्सा बने। जब तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने कांग्रेस को छोड़कर गैर-बीजेपी दलों के लिए दोपहर के भोजन की मेजबानी की, तो नीतीश कुमार ने यह कहते हुए खुद को अलग कर लिया, ÷हम एक मुख्य मोर्चा चाहते हैं, तीसरा मोर्चा नहीं। अगर कांग्रेस 2024 में राहुल गांधी को मोर्चे का चेहरा बनाने पर जोर देती है, तो विपक्षी एकता के प्रयासों में अड़चन पैदा हो सकती है। टीएमसी के डेरेक ओ'ब्रायन ने पहले ही एक ÷फेसलेस फ्रंट÷ का सुझाव दिया है। प्रभावी रूप से एक नेताविहीन मोर्चा, जिसमें मोदी का मुकाबला करने के लिए अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग व्यक्ति हों। गौरतलब है कि राहुल की छवि निर्माण यात्रा से लगभग सभी वरिष्ठ विपक्षी नेता दूर रहे हैं। यहां तक कि तेजस्वी यादव, उद्धव ठाकरे, शरद पवार और हेमंत सोरेन जैसे करीबी सहयोगियों ने भी अपने जूनियर्स को यात्रा में भेजा है। अखिलेश यादव, देवेगौड़ा, मायावती और आप जैसे अन्य लोगों ने भी दूरी बनाए रखी है। यह देखना होगा कि 30 जनवरी को यात्रा के समापन के मौके पर आमंत्रित 21 विपक्षी दलों में से कितने आते हैं।

योगेश कुमार गोयल

विश्व के कई अन्य देशों के साथ भारत में भी बढ़ती आर्थिक असमानता बेहद चिंताजनक है क्योंकि बढ़ती विषमता का दुष्प्रभाव देश के विकास और समाज पर दिखाई देता है और इससे कई तरह की सामाजिक और राजनीतिक विसंगतियां भी पैदा होती हैं। करीब दो वर्ष पहले भी यह तथ्य सामने आया था कि भारत के केवल एक फीसदी सर्वाधिक अमीर लोगों के पास ही देश की कम आय वाली 70 फीसदी आबादी की तुलना में चार गुना से ज्यादा और देश के अरबपतियों के पास देश के कुल बजट से भी ज्यादा सम्पत्ति है। विश्व आर्थिक पत्रिका 'फोर्ब्स' की अरबपतियों की सूची में सौ से भी ज्यादा भारतीय हैं जबकि तीन दशक पहले तक इस सूची में एक भी भारतीय नाम नहीं होता था। हालांकि देश में अरबपतियों की संख्या बढ़ना हर भारतीय के लिए गर्व की बात होनी चाहिए लेकिन गर्व भी तभी हो सकता है, जब इसी अनुपात में गरीबों की आर्थिक सेहत में भी सुधार हो। ऑक्सफैम की हालिया रिपोर्ट में मांग की गई है कि धनी लोगों पर उच्च सम्पति कर लगाते हुए श्रमिकों के लिए मजबूत संरक्षण का प्रबंध किया जाए।

चिंताजनक स्तर तक बढ़ती अमीरी-गरीबी की खाई

दुनियाभर में अमीरी और गरीबी के बीच खाई निरन्तर बढ़ती जा रही है, जो कोरोना काल के बीच और तेजी से बढ़ी है। इसी बढ़ती खाई को लेकर पूरी दुनिया में एक नई बहस छिड़ी है। गरीबी उन्मूलन के लिए कार्यरत संस्था ऑक्सफैम इंटरनेशनल की वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की बैठक से ठीक पहले आई रिपोर्ट 'सर्वाइवल ऑफ द रिचेस्टः द इंडिया स्टोरी' में इसे लेकर कई चौंका देने वाले खुलासे किए गए हैं। इस रिपोर्ट के मुताबिक भारत के 21 सबसे अमीर अरबपतियों के पास इस समय देश के 70 करोड़ लोगों से भी ज्यादा धन-दौलत है और वर्ष 2021 में भारत की कुल संपत्ति में से 62 फीसदी हिस्से पर देश के केवल 5 प्रतिशत लोगों का ही कब्जा था जबकि भारत की निचले तबके की बहुत बड़ी आबादी का देश की केवल तीन फीसदी सम्पत्ति पर ही कब्जा रहा। इस रिपोर्ट के मुताबिक भारत में 2020 में अरबपतियों की संख्या 102 थी, जो 2022 में 166 पर पहुंच गई पिछले साल नवम्बर तक भारतीय अरबपतियों की सम्पत्ति में 121 फीसदी तक बढ़ोतरी देखी गई। एक ओर जहां आम आदमी कोरोना महामारी के दौर में पेट भरने का जुगाड़ करने के लिए संसाधन जुटाने को तरसता रहा, नौकरी संबंधी समस्याओं का सामना करता रहा, वहीं उस दौर में भी भारत के अरबपतियों की दौलत में प्रतिदिन 3608 करोड़ रुपये प्रतिदिन बढ़े।

ऑक्सफैम की इस रिपोर्ट में पिछले दस वर्षों में देश में पैदा हुई सम्पत्ति के गैर-बराबर बंटवारे के मुद्दे को भी उठाते हुए कहा गया है कि 2012 से 2021 के बीच भारत में जितनी भी संपत्ति अस्तित्व में आई, उसका 40 प्रतिशत हिस्सा देश के सबसे अमीर एक फीसदी लोगों के हाथ में गया जबकि 50 फीसदी जनता के हाथ में केवल तीन फीसदी सम्पत्ति ही आई। रिपोर्ट के अनुसार भारत के 100 सबसे अमीर लोगों की सम्पत्ति 54.12 लाख करोड़ रुपये के पार जा चुकी है, जिससे 18 महीनों तक देश का पूरा बजट चलाया जा सकता है। यही कारण है कि सरकार को सलाह दी जाती रही है कि यदि भारतीय अरबपतियों की कुल सम्पत्ति पर महज दो फीसदी टैक्स ही लगा दिया जाए तो उसी से आगामी तीन वर्षों तक कुपोषण के शिकार बच्चों की सभी जरूरतों को बहुत आसानी से पूरा किया जा सकता है। 1980 के दशक की शुरूआत में एक फीसदी धनाढ्यों का देश की कुल आय के छह फीसदी हिस्से पर ही कब्जा था लेकिन बीते वर्षों में यह लगातार बढ़ता गया है और तेजी से बढ़ी आर्थिक असमानता के कारण स्थिति बिगड़ती गई है।

वैसे तो पिछले कुछ वर्षों से लगातार यह तथ्य सामने आ रहे हैं कि देश की आधी सम्पत्ति देश के चंद अमीरों की तिजोरियों में बंद है और अमीर-गरीब के बीच खाई निरन्तर गहरी हो गई है लेकिन बढ़ती आर्थिक असमानता को लेकर स्थिति अब और भी बदतर होती जा रही है और यह केवल भारत की ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया की समस्या है। कटु सत्य यही है कि महामारी के दौर में तो अमीर जहां और ज्यादा अमीर हुए, वहीं गरीबों तथा मध्यम वर्ग का हाल और बुरा हुआ है तथा आर्थिक विषमता चिंताजनक स्थिति तक बढ़ गई है। ऑक्सफैम की रिपोर्ट में पहले भी कहा जा चुका है कि अमीर लोग महामारी के समय में आरामदायक जिंदगी का आनंद ले रहे थे जबकि स्वास्थ्य कर्मचारी, दुकानों में काम करने वाले और विक्रेता जरूरी भुगतान करने में असमर्थ थे और इस परिस्थिति से निकलने में वर्षों लग सकते हैं। ऑक्सफैम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमिताभ बेहर के मुताबिक रिपोर्ट से स्पष्ट है कि अन्यायपूर्ण आर्थिक व्यवस्था से किस तरह सबसे बड़े आर्थिक संकट के दौरान सबसे धनी लोगों ने बहुत अधिक सम्पत्ति अर्जित की जबकि करोड़ों लोग बेहद मुश्किल से गुजर-बसर कर रहे हैं।

ऑक्सफैम की पिछले साल की रिपोर्ट में भी कहा गया था कि यदि कोरोना के कुबेरों से वसूली होती तो देश में आर्थिक असमानता को लेकर स्थिति इतनी खराब नहीं होती। इससे पूर्व 'रिफ्यूजी इंटरनेशनल' की एक रिपोर्ट में भी खुलासा हुआ था कि कोरोना महामारी ने दुनियाभर में 16 करोड़ से भी ज्यादा ऐसे लोगों के रहने का ठिकाना छीन लिया, जो भुखमरी, बेरोजगारी तथा आतंकवाद के कारण अपने घर या देश छोड़कर दूसरी जगहों पर बस गए थे। रिपोर्ट के मुताबिक कोरोना महामारी सामाजिक असमानताओं को और उभार रही है। संयुक्त राष्ट्र और डेनवर विश्वविद्यालय के एक अध्ययन में भी कहा जा चुका है कि महामारी के दीर्घकालिक परिणामों के चलते वर्ष 2030 तक 20.7 करोड़ और लोग बेहद गरीबी की ओर जा सकते हैं और यदि ऐसा हुआ तो दुनियाभर में बेहद गरीब लोगों की संख्या एक अरब को पार कर जाएगी। विश्व खाद्य कार्यक्रम के एक आकलन के अनुसार दुनियाभर में 82 करोड़ से भी ज्यादा लोग हर रात भूखे सोते हैं और बहुत जल्द 13 करोड़ और लोग भुखमरी तक पहुंच सकते हैं। सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट (सीएसई) की 'स्टेट ऑफ इंडियाज एनवायरनमेंट इन फिगर्स 2020' रिपोर्ट में कहा गया था कि कोरोना से वैश्विक गरीबी दर में 22 वर्षों में पहली बार बढ़ोतरी होगी और भारत की गरीब आबादी में 1.2 करोड़ लोग और जुड़ जाएंगे, जो दुनिया में सर्वाधिक हैं।

विश्व के कई अन्य देशों के साथ भारत में भी बढ़ती आर्थिक असमानता बेहद चिंताजनक है क्योंकि बढ़ती विषमता का दुष्प्रभाव देश के विकास और समाज पर दिखाई देता है और इससे कई तरह की सामाजिक और राजनीतिक विसंगतियां भी पैदा होती हैं। करीब दो वर्ष पहले भी यह तथ्य सामने आया था कि भारत के केवल एक फीसदी सर्वाधिक अमीर लोगों के पास ही देश की कम आय वाली 70 फीसदी आबादी की तुलना में चार गुना से ज्यादा और देश के अरबपतियों के पास देश के कुल बजट से भी ज्यादा सम्पत्ति है। विश्व आर्थिक पत्रिका 'फोर्ब्स' की अरबपतियों की सूची में सौ से भी ज्यादा भारतीय हैं जबकि तीन दशक पहले तक इस सूची में एक भी भारतीय नाम नहीं होता था। हालांकि देश में अरबपतियों की संख्या बढ़ना हर भारतीय के लिए गर्व की बात होनी चाहिए लेकिन गर्व भी तभी हो सकता है, जब इसी अनुपात में गरीबों की आर्थिक सेहत में भी सुधार हो।

ऑक्सफैम की हालिया रिपोर्ट में मांग की गई है कि धनी लोगों पर उच्च सम्पत्ति कर लगाते हुए श्रमिकों के लिए मजबूत संरक्षण का प्रबंध किया जाए। दरअसल बड़े औद्योगिक घरानों पर टैक्स लगाकर सार्वजनिक सेवाओं के लिए आवश्यक संसाधन जुटाए जा सकते हैं। कुछ विशेषज्ञों का मत है कि देश के शीर्ष धनकुबेरों पर महज डेढ़ फीसदी सम्पत्ति कर लगाकर ही देश के कई करोड़ लोगों की गरीबी दूर की जा सकती है लेकिन किसी भी सरकार के लिए यह कार्य इतना सहज नहीं है। दरअसल यह जगजाहिर है कि बहुत से राजनीतिक फैसलों पर भी इन धन कुबेरों का ही नियंत्रण होता है।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

मुझे मिटा के उसे

मुझे मिटा के उसे गमगुसार मिल जाए। है चाह जिसकी उसे बेशुमार मिल जाए। पकड़ रखी है थमी डोर सांस की मैंने, मेरे वजूद को जीने का सार मिल जाए। बुझा सके लौ दिए की कहां किसी में दम, सुकूं मिले उसको मुझे करार मिल जाए। सबर जो टूटे किसी का रहे तड़प बाकी, उसे करीब के आने का तार मिल जाए। हज़ार ज़ख्म छिपाए हुए ज़िगर में वह, खुदा उसे फिर खोया वो प्यार मिल जाए।

– दीपा गुप्ता

मेरी हँसी मर चुकी

मेरी हँसी मर चुकी है धीमे ज़हर के कारण हर मजाक सो चुका है गहरी नींद अचेत सा मैं रोगग्रस्त मौन पड़ा यहाँ इस जर्जर मकान में कर रहा हूँ मरी हँसी को जीवित करने का असफल प्रयास शायद कोई चमत्कार हो!

– प्रवीण माटी

खास पाती | पाकिस्तान और श्रीलंका के

पाकिस्तान और श्रीलंका के पास खाना नहीं... लेकिन वे हंगर इंडेक्स में भारत से बेहतर रैंक पर हैं... यूएई का कोई निजी मीडिया नहीं है... लेकिन वे प्रेस फ्रीडम में भारत से बेहतर रैंक रखते हैं... अफगानिस्तान लड़कियों को पढ़ने नहीं देता... लेकिन अकादमिक और महिला स्वतंत्रता में भारत से बेहतर रैंक है... इराक और सीरिया में शांति नहीं केवल युद्ध है... लेकिन वे हैप्पीनेस इंडेक्स में भारत से बेहतर रैंक पर हैं...ये हैं अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों के बुद्धिजीवियों द्वारा 'वैज्ञानिक रूप' से' किए गए बेहतरीन सर्वे।

– कुमार संतोष

नींद की छाँव में आकाश को

नींद की छाँव में आकाश को बदलते देखा वह चाँद मेरे बागों में टहलते देखा । भौरें को कमल में बदले देखा नीले जल का आकाश देखा । बंद आँखों से जो देखा सपना वह हक़ीक़त नहीं मंज़िल की तरफ जाने का एक यत्न देखा । पंछी के गीतों का गुंजन स्वर संध्या अरुणोदय का संगकीर्तन सब कहते हैं रत्नों का आकाश अनगिनत ग्रह तारें चलते हैं बंद आंखों से जो देखा सपना सब साक्षी थे सच होने में सब चलते थे मौसीकी में दबाकर चट्टानों को पैरों में।

– पुष्पा त्रिपाठी

आके देखें ये दोस्त कभी ये

आके देखें ये दोस्त कभी ये नजारे। क्यों चाँद है रोशन और टूटे हैं सितारे। ये लोग सारे अच्छे हैं वे लोग भी भले। डुबो दिए जो हमको दिखाके किनारे।। कौन सा ख्वाब इस दुनिया में अपना। लुट भी गए अगर क्या जाएँगे हमारे। दर्द दिली में कमल कुछ सूझता नहीं। कौन सी जगह, जहाँ हम दिन गुजारे। – कमलकांत डोंगरे

मेरे ख्वाबों में ही खुशबाश मुझे

मेरे ख्वाबों में ही खुशबाश मुझे रहने दो क्या यह लाज़िम है हर लम्हा हक़ीक़त में रहूँ मसअले और भी हैं मुझको मुहब्बत के सिवा यह तो मुमकिन नहीं हर वक्त मुहब्बत में रहूँ।

– अनु मित्तल

इश्क़ में हो गया घायल तो हो

इश्क़ में हो गया घायल तो हो गया है अब दिल किसी पर हुआ पागल तो गया है अब अब कहाँ चैन मुझे और करार आएगा जमी का हो गया बादल तो हो गया है अब।

– नीरू श्रीवास्तव

बागेश्वर धाम और शास्त्रीजी पर

बागेश्वर धाम और शास्त्रीजी पर सवाल उठाने वाले कभी चंगाई सभा पर बोल देते तो कुछ बात समझ मे भी आती। पर सबको तो केवल हिन्दू धर्म और हिन्दू धर्मगुरुओं में खामी दिखती है। जाओ तुम अपने घर, हमे अपने हाल में खुश रहने दो न। वैसे भी कांच के घर मे रहने वालों को दूसरे के घर पत्थर नहीं फेंकने चाहिए।

–गजेन्द्र द्विवेदी गिरीश

एक दिन मुलाकात होगी छत

एक दिन मुलाकात होगी छत पर पसरी धूप पलक पर उतरी अनेक वेदना के घेरे से, सांझ के केसरी उपटन पर मरुस्थल में धसे, एक संवाद सा अपने अंतर्मन में परोसे होगा, आपका मेरा : धूप का टुकड़ा और : मौलिक अधिकार रोटी के जैसे गोल मोल बातें लिए थाली पर सजा बैठेंगे मुझे, तुमसे गुजरते हुए मुट्ठी में क़ैद टेढ़ी मेढ़ी रेखाओं में।

– अनुभूमि अनु

QUIZ TIME

1) छत्तीसगढ़ के किस जिले में सर्वाधिक वन पाये जाते हैं
2) छत्तीसगढ़ का कौन-सा नेशनल पार्क प्रोजेक्ट टाइगर के अन्तर्गत है
3) महानदी का पोराणिक नाम 'नीलोत्पला' बताया गया है-
4) लाल-पीली मिट्टी हेतु स्थानीय नाम क्या है
5) वर्ष 1948 में 'कर्मवीर' से पत्रकारिता प्रारंभ करने वाले व्यक्ति का नाम बताइए
6) छत्तीसगढ़ राज्य के रायपुर में स्थित ब्रिटिश सेना के किस भारतीय सिपाही ने अपने अधिकारी मेजर सिडवेल की हत्या की थी

Ramaquiz

उत्तर- 1) सरगुजा 2) इन्द्रावती राष्ट्रीय उद्यान 3) वायु पुराण 4) मटासी मिट्टी 5) श्यामलाल चतुर्वेदी 6) हनुमान सिंह

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1817-कलकत्ता में हिन्दू कॉलेज की स्थापना। 1841-प्रथम अफीम युद्ध में चीन ने हांगकांग को ब्रिटेन के हवाले किया। 1860-इंडोनेशियाई द्वीप सेलेब्स के वाटमपोन पर डच सेना ने जीत हासिल किया। 1887-पर्ल हार्बर को अमेरिकी सीनेट ने नौसैनिक अड्डा बनाने की अनुमति दी। 1892-दुनिया में सबसे पहले बॉस्केट बॉल का खेल आज ही के दिन खेला गया था। 1920-अमेरिका में नागरिक स्वतंत्रता संघ की स्थापना। 1925-जापान और सोवियत संघ के बीच सहयोग समझौता हुआ। 1940-भारतीय अभिनेता और राजनेता कृष्णम राजू का जन्म। 1942-आज ही के दिन जापान ने बर्मा पर आक्रमण किया। 1945-भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल का जन्म। 1950-दक्षिण अमेरिकी देश सूरीनाम नीदरलैंड से स्वतंत्र हुआ। 1957-भारत के पहले परमाणु रिएक्टर 'अप्सरा' का आज ही के दिन ट्रॉम्बे में उद्घाटन किया गया। 1961-जॉन एफ केनेडी ने अमेरिका के 35वें राष्ट्रपति पद की शपथ ली। 1968-इराक के राष्ट्रपति आरिफ़ हटा दिये गए। 1971-केंद्रशासित प्रदेश के रूप में मिज़ोरम और अरुणाचल प्रदेश का उदय। 1972-भारतीय राज्य मेघालय की स्थापना आज ही के दिन हुई थी। 1988-भारत रत्न सम्मानित महान स्वतंत्रता सेनानी ख़ान अब्दुलगफ़्फ़ार ख़ान का निधन। 1993-परमवीर चक्र सम्मानित भूतपूर्व भारतीय सैनिक लांस नायक करम सिंह का निधन। 2000-सांख्यिकी एवं अंतर्राष्ट्रीय फुटबाल महासंघ ने पेले को शताब्दी का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया।

वर्ग पहेली

शब्द सामर्थ्य -317

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. आय व्यय का लेखा-जोखा, गणित, एकाउंट 3. विनती, अदब 6. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 7. मूल्यवान, बहुमूल्य 8. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 10. बराबर, सम 12. मुख, चेहरा 14. अनुकृति, अनुकरण, असल का विलोम 17. दिमाग, मस्तिष्क 18. मनोहर, सुंदर, इच्छित, प्यारा 19. गर्मी, ताप 21. रसिया, प्रेमी, रसपान करने वाला 23. दबाव, भार 24. भीख 25. काम से जी चुराने वाला, आलसी।

ऊपर से नीचे

1. साहस, वीरता, बहादुरी 2. बहिन, प्रवाहित होना 3. प्रणय क्रीडा, सुखोपभोग, हावभाव 4. विश्वास, प्रतीति 5. इंतजार 9. खाने-पीने का सामान, रसद 11. नशीला, मदभरा 12. घायल, जख्मी 13. झुकना, प्रणाम, नमस्कार 14. दृष्टि, निगाह 15. तीव्रइच्छा 16. अर्थ, अभिप्राय, स्वार्थ 20. इम्तिहान, योग्यता आदि को परखना 22. जुल्म, अन्याय 23. पत्नी, बीवी, एक प्रत्यय।

1		2	■	3		4	■	5
	■	6			■	7		
8	9		■	10	11		■	
■		■	■			■	■	■
12		13	■	14		15	■	16
	■	17			■	18		
19	20		■	21	22		■	
■		■	■	■		■	23	
24		■	■	25				■

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 316 का हल

दा	ढ़ी	■	की	■	खा	सो	आ	म
वा	■	त	म	न्ना	■	■	जा	■
न	जा	क	त	■	बा	अ	द	ब
ल	■	ली	■	वि	ला	प	■	हा
■	अ	फ	सा	ना	■	मा	हि	र
दा	ब	■	■	श	गु	न	■	■
न	■	उ	प	का	र	■	शि	■
व	■	त्स	■	र	■	त	क	ला
■	सा	व	न	■	गु	रु	वा	र

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष : आज का दिन आपको आशा से अधिक एवं एक दम विपरीत फल देगा। विशेष कर आज अपनी सोच में निराशा को जगह ना दें।

वृष : आपका आज का दिन लाभदायक रहेगा। प्रतिस्पर्धियों पर आसानी से विजय पा लेंगे। कार्य व्यवसाय भी पहले से बेहतर चलेंगे। आपकी सोची हुई योजनाओं में से अधिकांश सफल रहेंगी। आत्मविश्वास बढ़ा हुआ रहेगा।

मिथुन : आपका आज का दिन मिला-जुला रहेगा। भावुकता अधिक रहने के कारण छोटी-छोटी बातों को दिल पर लेंगे। घर एवं बाहर का वातावरण इसी कारण दूषित हो सकता है। आर्थिक आयोजनों को पूर्ण करने में पहले बाधाएं आएगी बाद में स्थिति आपके पक्ष में आने से लाभ के अवसर मिलेंगे।

कर्क : आपका आज का दिन सामान्य से अधिक शुभ फल देने वाला रहेगा। सामाजिक एवं व्यावसायिक क्षेत्र पर अपनी प्रतिभा दिखाने का सुअवसर मिलेगा फिर भी इससे आर्थिक लाभ की आशा ना रखे सम्बन्ध प्रगाढ़ होंगे।

सिंह : आपको आज के दिन भी थोड़ा सावधानी बरतने की सलाह है चंद्र आपकी राशि से चौथे होने पर किसी गलती के कारण मन में संताप रहेगा। हानि के चलते कार्यो से मजबूरन जी चुरायेंगे।

कन्या : आज के दिन सभी कार्यो को आप जी जान से करेंगे परन्तु फिर भी सफलता मिलने में संदेह रहेगा। सरकारी कार्य भी नियमो की पूर्ति ना होने के कारण अधूरे रहेंगे। मध्यान के बाद व्यावसायिक एवं घरेलु कार्यो के कारण दौड़-धूप करनी पड़ेगी।

तुला : आज दिन के पूर्वार्ध में आप दुविधा में फंसे रहेंगे। किसी भी कार्य में स्थिति स्पष्ट ना होने के कारण कार्य रुके रह सकते है केवल मन ही मन कार्यो की रूपरेखा बनाएंगे।

वृश्चिक : आज के दिन अधिकांश समय आपमें चंचलता अधिक रहेगी। महत्वपूर्ण कार्यो में भी लापरवाही दिखाएंगे अथवा इच्छा शक्ति की कमी रहने से कार्य हानि हो सकती है। व्यवहारिक रूप से आप अधिक सक्रिय रहेंगे।

धनु : आज दिन के पूर्वार्ध में परिस्तिथियां प्रतिकूल रहेंगी। पूर्व निर्धारित कार्य में विलम्ब होने से भाग-दौड़ करनी पड़ेगी। धन संबंधित कार्य को लेकर किसी से तकरार हो सकती है।

मकर : आज दिन के पहले भाग में सभी कार्य निर्विघ्न पूर्ण होंगे। स्वास्थ्य उत्तम् रहेगा।सामाजिक क्षेत्र से मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। धन लाभ होने से आर्थिक रूप से अधिक सक्षम बनेंगे।

कुंभ : आज भी दिन आपके अनुकूल रहेगा। सरकार की तरफसे लाभ होने के संकेत है अथवा थोड़े प्रयास के बाद लटके सरकारी कार्यो में सफलता अवश्य मिलेगी। कार्य क्षेत्र से दोपहर के बाद आकस्मिक खुशखबरी मिलने से आनंदित रहेंगे।

मीन : आपका आज का दिन भाग्योदय कारक रहेगा। घर एवं बाहर आशा से अधिक सहयोगी वातावरण मिलने से लगभग सभी कार्य निर्विघ्न पूर्ण होंगे परन्तु उधार सम्बंधित व्यवहारों के कारण थोड़ी चिंता भी रहेगी।

दैनिक पंचांग (शुक्रवार, 20 जनवरी 2023)



सूर्योदय	:	07:14
सूर्यास्त	:	05:45
चन्द्रोदय	:	29:45
चन्द्रास्त	:	14:47

अयन उत्तरायणे (दक्षिणगोलीय)

ऋतु	:	शिशिर
शक सम्वत	:	1944 (शुभकृत)
विक्रम सम्वत	:	2079 (नल)
मास	:	माघ
पक्ष	:	कृष्ण
तिथि		द्वादशी (13:18 से त्रयोदशी)
नक्षत्र	:	मूल
योग	:	ध्रुव (23:04 से व्याघात)
प्रथम करण	:	तैतिल (13:18 तक)
द्वितीय करण	:	गर (23:42 तक)

॥ गोचर ग्रहा: ॥

सूर्य	मकर
चंद्र	धनु (15:17 से)
मंगल	वृष (उदित, पश्चिम, मार्गी)
बुध	धनु (उदित, पूर्व, मार्गी)
गुरु	मीन (उदित, पूर्व, मार्गी)
शुक्र	मकर (उदित, पश्चिम)
शनि	कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी)
राहु	मेष
केतु	तुला

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त	12:07 से 12:49
अमृत काल	07:16 से 08:43
विजय मुहूर्त	14:12 से 14:54
गोधूलि मुहूर्त	17:39 से 18:07
सायाह्न सन्ध्या	17:42 से 19:03
निशिता मुहूर्त	24:00 से 24:54
राहुकाल	10:30 से 12:00
राहुवास	दक्षिण
यमगण्ड	07:13 से 08:32
दुर्मुहूर्त	10:43 से 11:25
होमाहुति	केतु
दिशाशूल	दक्षिण
नक्षत्र शूल	पूर्व (15:18 तक)

अग्निवास	आकाश
चन्द्रवास	उत्तर (पूर्व 15:18 से)
शिववास	नन्दी पर (13:18 से भोजन में)

चौघड़िया विचार

॥ दिन का चौघड़िया ॥

1 - शुभ	2 - रोग
3 - उद्वेग	4 - चर
5 - लाभ	6 - अमृत
7 - काल	8 - शुभ

॥रात्रि का चौघड़िया॥

1 - अमृत	2 - चर
3 - रोग	4 - काल
5 - लाभ	6 - उद्वेग
7 - शुभ	8 - अमृत

नोट : दिन और रात्रि के चौघड़िया का आरंभ क्रमशः सूर्योदय और सूर्यास्त से होता है। प्रत्येक चौघड़िए की अवधि डेढ़ घंटा होती है।

आज जन्मे शिशुओं का नामकरण

जन्मे शिशुओ का नाम मूल नक्षत्र के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय चरण अनुसार क्रमशः (ये, यो, भ) नामाक्षर से रखना शास्त्रसम्मत है।

उदय-लग्न मुहूर्त

मकर	- 31:00 से 08:41
कुम्भ	- 08:41 से 10:07
मीन	- 10:07 से 11:30
मेष	- 11:30 से 13:04
वृषभ	- 13:04 से 14:59
मिथुन	- 14:59 से 17:14
कर्क	- 17:14 से 19:35
सिंह	- 19:35 से 21:54
कन्या	- 21:54 से 24:12
तुला	- 24:12 से 26:33
वृश्चिक	- 26:33 से 28:52
धनु	- 28:52 से 30:56

13 करोड़ की लागत से निर्मित नर्सिंग कॉलेज के नए भवन का मंत्री सिंहदेव ने किया लोकार्पण

रायपुर/नवप्रदेश। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा मंत्री टी.एस. सिंहदेव ने आज राजनांदगांव के पेंड्री में शासकीय नर्सिंग कॉलेज के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया। उन्होंने कॉलेज भवन का मुआयना भी किया। राजनांदगांव में नर्सिंग कॉलेज के नए भवन का निर्माण लगभग 13 करोड़ रूपए की लागत से किया गया है।

लोकार्पण कार्यक्रम में प्राध्यापकों और नर्सिंग छात्र-छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए सिंहदेव ने कहा कि चिकित्सा का क्षेत्र मानवीय संवेदना और सहृदयता के लिए जाना जाता है। इन मूल्यों का ध्यान रखते हुए आप लोगों को अपने पेशे में सेवाएं देनी है। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ अन्य पिछड़ा वर्ग विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष दलेश्वर साहू, छत्तीसगढ़ अंत्यावसायी सहकारी वित्त एवं विकास निगम के अध्यक्ष धनेश पाटिला, खुज्जी की विधायक छन्नी साहू, राजनांदगांव की महापौर हेमा देशमुख, राजगामी संपदा न्यास के अध्यक्ष विवेक वासनिक, समाज सेवी पदम कोठारी, कलेक्टर डोमन सिंह, पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल ठाकुर, चिकित्सा शिक्षा विभाग के संचालक डॉ. विष्णु दत्त, राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज की डीन डॉ. रेणुका गहिने, संयुक्त संचालक जितेन्द्र तिवारी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बंसोड़, अधीक्षक डॉ. प्रदीप बेक और नर्सिंग कॉलेज के प्राचार्य डॉ. शाइनी सजू सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी तथा तथा नर्सिंग कॉलेज के स्टॉफ व विद्यार्थी मौजूद थे।

छत्तीसगढ़ मदरसा बोर्ड की परीक्षाएं 25 अप्रैल से

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ मदरसा बोर्ड द्वारा आयोजित हाईस्कूल, हायर सेकेण्डरी पत्राचार पाठ्यक्रम परीक्षा-2023 तथा उर्दू अदीब, उर्दू माहिर प्रमाण-पत्र परीक्षा 25 अप्रैल से प्रारंभ होकर 6 मई 2023 तक जारी रहेगी। परीक्षा का समय प्रातः 8.30 से 11.30 बजे तक निर्धारित किया गया है। केन्द्राध्यक्ष द्वारा अवकाश के दिनों में विज्ञान, जीव विज्ञान, रसायन, भौतिकी, भूगोल की प्रायोगिक परीक्षा ली जाएगी। परीक्षाकाल में शासन द्वारा यदि कोई अवकाश अथवा स्थानीय अवकाश घोषित किया जाता है तो भी परीक्षाएं यथावत परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार संपन्न होगी।

छत्तीसगढ़ मदरसा बोर्ड के सचिव ने बताया कि राज्य के विभिन्न जिलों में परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। रायपुर के परीक्षार्थियों के लिए उर्दू कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रायपुर को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। हाईस्कूल पत्राचार पाठ्यक्रम परीक्षा के अंतर्गत 25 अप्रैल को गणित, 27 अप्रैल को विज्ञान, 29 अप्रैल को सामाजिक विज्ञान, 01 मई को विशिष्ट उर्दू, 03 मई को सामान्य अंग्रेजी एवं सामान्य संस्कृत, 04 मई को सामान्य हिन्दी के प्रश्न-पत्र होंगे।

हायर सेकेण्डरी पत्राचार पाठ्यक्रम परीक्षा के तहत 25 अप्रैल को इतिहास, भौतिकी व्यवसाय अध्ययन, 27 अप्रैल को भूगोल, रसायन, लेखाशास्त्र, 29 अप्रैल को अर्थशास्त्र, गणित, जीव विज्ञान, 01 मई को राजनीतिक शास्त्र, 03 मई को विशिष्ट उर्दू, 04 मई को समाज शास्त्र, 6 मई को सामान्य अंग्रेजी और सामान्य हिन्दी के पर्चे होंगे।

23 को प्लेसमेंट कैम्प

कवर्धा/नवप्रदेश। कबीरधाम जिले के ऐसे इच्छुक अभ्यर्थी जो, निजी क्षेत्रों में रोजगार करना चाहते है। उन्हें अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, कबीरधाम कार्यालय परिसर में 23 जनवरी सोमवार को दोपहर 12 से 4 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। प्लेसमेंट कैम्प में सुखकिसान बायो प्लॉटेक प्रा.लिमि., एचआईजी आईएसटीडी 19, अभिलाषा परिसर, बिलासपुर द्वारा बिजनेस डेवल्पमेंट एक्सक्यूटिव के 21 पद पर भर्ती किया जाना है। यह प्लेसमेंट कैम्प पूर्णतः निःशुल्क है। जिला रोजगार कार्यालय नियोजक (निजी संस्था) तथा आवेदक के मध्य एक प्लेटफार्म उपलब्ध कराता है तथा यह नियुक्ति केवल निजी क्षेत्र के संस्थाओं में कार्य के लिए किया जाता है। चयन संबंधी कार्यवाही नियोजक द्वारा ही किया जाना है, अतः पद, संस्था, कार्य, वेतन व अन्य विस्तृत जानकारी कैम्प में उपस्थित नियोजक या प्रतिनिधि से संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है। प्लेसमेंट कैम्प में सम्मिलित होने के लिए इच्छुक अभ्यर्थी को अपने समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्र, स्थायी जाति व निवास प्रमाण पत्र, रोजगार पहचान पत्र, ड्राईविंग लायसेंस, आधार कार्ड, 2 पासपोर्ट साईज फोटो व अन्य प्रमाण पत्रों (जो पद हेतु आवश्यक हो) की मूलप्रति एवं छायाप्रतियों के साथ नियत समय में जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, जिला न्यायालय रोड, कवर्धा में उपस्थित हो सकते है।

शाला प्रबंधन समिति की बैठक आज

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य में सभी शासकीय शालाओं में इस सत्र में शाला प्रबंधन समिति की तृतीय बैठक 20 जनवरी को आयोजित करने के निर्देश प्रबंध संचालक समग्र शिक्षा द्वारा सभी जिला शिक्षा अधिकारियों, प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान और जिला मिशन समन्वयकों को दिए हैं। समग्र शिक्षा द्वारा बैठक के लिए तय एजेण्डा के अनुसार स्कूलों में आयोजित होने वाली शाला प्रबंधन समिति की बैठक में चर्चा की जाएगी। तय एजेण्डा के अनुसार बैठक में निपुण भारत अभियान से परिचय (सामग्री का अध्ययन) एवं निपुण भारत शपथ दिलवाई जाएगी। स्कूल में बच्चों की मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान के लक्ष्यों की स्थिति एवं उनमें सुधार के लिए आवश्यक उपाय करने कहा है। माताओं के उन्मुखीकरण के माध्यम से बच्चों में सुधार हेतु 'अंगना म शिक्षा' कार्यक्रम, शालाओं स्कूलों में गुणवत्ता परक शिक्षा के लिए सोशल ऑडिट का आयोजन किया जाए। अर्धवार्षिक परीक्षा, बेसलाइन के परिणामों पर चर्चा एवं सुधार के लिए रणनीति बनाई जाए। शाला को अब तक प्राप्त विभिन्न अनुदान, इन्टरनेट, प्रिंट-रिच एवं अन्य मदों से प्राप्त बजट और उनके उपयोग की स्थिति की जानकारी तथा उपलब्ध बजट को माह फरवरी तक व्यय करने के लिए प्रस्ताव भेजे।

नेता प्रतिपक्ष चंदेल के बेटे पर दुष्कर्म का आरोप, केस दर्ज

■ रायपुर के महिला थाने में दुष्कर्म एवं एट्रोसिटी एक्ट के तहत मामला दर्ज

क्या कहते है थाना प्रभारी

थाना प्रभारी कविता धुर्वे ने बताया कि, पीड़िता ने पलाश चंदेल के खिलाफ रेप की शिकायत की है। पलाश चंदेल पर आरोप है कि, उसने शादी का झांसा देकर पीड़िता से दुष्कर्म किया है। थाने में जीरो पर एफआईआर दर्ज करने के बाद मामला जांजगीर भेज दिया गया है।

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। भाजपा विधायक और नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल के बेटे पर दुष्कर्म का आरोप लगा है। पीड़िता ने रायपुर के महिला थाने में नारायण चंदेल के बेटे के खिलाफ एफ आईआर दर्ज कराई है। जानकारी के मुताबिक जांजगीर की रहने वाली युवती ने नारायण चंदेल के बेटे पलाश चंदेल पर यह आरोप लगाया है। पीड़िता ने पहले महिला आयोग में इसकी शिकायत की थी। महिला आयोग के निर्देश पर रायपुर के महिला थाना में बलात्कार का मामला दर्ज किया है। महिला थाना रायपुर में महिला की शिकायत पर आरोपी के विरूद्ध भादवि 376, 376(2) (छ), 313 व 3(2) (ट क)एसटी/एससी एक्ट के तहत जीरो पर कायमी की गई है। प्रकरण को अग्रिम कार्यवाही एवं अन्वेषण के लिए रायपुर पुलिस द्वारा संबंधित जिले जांजगीर-चांपा की पुलिस को अग्रेषित किया गया है। पीड़िता ने आरोपी पलाश चंदेल से अपनी एवं अपने परिवार की सुरक्षा की भी मांग की है।

नवाचारों को प्रोत्साहित करने दी जाएगी आर्थिक सहायता राशि

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य योजना आयोग छत्तीसगढ़ द्वारा राज्य में नवाचारों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आर्थिक सहायता हेतु तथा राज्य के संतुलित विकास में उपयोगी नवाचारों की पहचान करने के उद्देश्य से आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है। इस आशय का आदेश राज्य योजना आयोग छत्तीसगढ़ द्वारा जारी किया गया है। जारी आदेश के तहत राज्य के संतुलित विकास में उपयोगी नवाचारों की पहचान करने के उद्देश्य से राज्य के शैक्षणिक एवं शोध संस्थाओं, शासकीय एवं निजी संस्थाओं, उद्योगों एवं नवप्रवर्तकों से आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है। इच्छुक व्यक्ति-संस्थाएं इस संबंध में राज्य योजना आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं। नवाचारों के आवेदन हेतु दिशा-निर्देश और आवेदन का प्रारूप राज्य योजना आयोग की वेबसाइट spc.cg.gov.in पर उपलब्ध है। आवेदक अपना आवेदन ऑफलाइन अथवा ऑनलाइन ई-मेल आईडी ms.cgspc@ gov.in पर संलग्न निर्धारित प्रारूप में सदस्य सचिव, राज्य योजना आयोग छत्तीसगढ़ को प्रेषित कर सकते हैं।

महिला से 31 हजार की ठगी

रायपुर/नवप्रदेश। कम कीमत में टाईल्स सप्लाई करने का झांसा देकर 31 हजार की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थिया की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार बसंत विहार महावीर नगर न्यू राजेन्द्र नगर निवासी प्रार्थिया सुनीता जुमानी 45 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात मोबाइल क्रमांक 77408-48723 से उसके पास कॉल आया। उक्त व्यक्ति ने कम कीमत में टाईल्स सप्लाई करने का झांसा देकर फोन पे के माध्यम से 31 हजार रुपए अपने खाता में डलवा लिया। जिसके बाद आरोपी ने अपना फोन बंद कर दिया।

वेटलिफ्टिंग खेल का खेलो इंडिया लघु केन्द्र प्रशिक्षक के लिए 24 को इंटरव्यू

रायपुर/नवप्रदेश। खेलो इंडिया लघु केन्द्र वेटलिफ्टिंग खेल में प्रशिक्षण केन्द्र प्रारंभ किया जाना है। जिसके लिए अस्थायी रूप से एक वेटलिफ्टिंग प्रशिक्षक की आवश्यकता है। प्रशिक्षक को एक मुश्त मासिक मानदेय शासन के निर्देशानुसार प्रदाय किया जाएगा। योग्य प्रशिक्षक की नियुक्ति के लिए वॉक इन इंटरव्यू द्वारा 24 जनवरी को सुबह 11 बजे से कार्यालय सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण, साईस कॉलेज मैदान, जी.ई.रोड जिला रायपुर में आयोजित है। इच्छुक अभ्यार्थी उक्त तिथि एवं समय पर अपनी शैक्षणिक योग्यता एवं वेटलिफटिंग खेल में उपलब्धि का प्रमाण पत्र सहित उपस्थित होकर चयन प्रकिया में भाग ले सकते है। इस हेतु पंजीयन सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक किया जाएगा तथा पंजीकृत उम्मीद्वार को वॉक इन इंटरव्यू में शामिल किया जाएगा।

कुमारी सैलजा आज पहुंचेंगी रायपुर

रायपुर/नवप्रदेश। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी कुमारी सैलजा 20 जनवरी शुक्रवार को सुबह 08.35 बजे नई दिल्ली से इंडिगों की नियमित विमान सेवा द्वारा विमानतल रायपुर पहुंचकर सर्किट हाउस जायेगी। सुबह 10.30 बजे सर्किट हाउस से प्रस्तावित महाधिवेशन स्थल के लिये रवाना होगी। सुबह 11 बजे प्रस्तावित महाधिवेशन स्थल का निरीक्षण करेंगी। 21 जनवरी शनिवार को सुबह 11 बजे राजीव भवन रायपुर में हाथ से हाथ जोड़ो अभियान की तैयारी को लेकर वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकताओं के साथ चर्चा करेंगी। 22 जनवरी रविवार को सुबह 08.15 बजे रायपुर से नई दिल्ली के लिये रवाना होंगी।

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय का 37वां स्थापना दिवस आज

रायपुर/नवप्रदेश। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर का 37वां स्थापना दिवस 20 जनवरी को मनाया जाएगा। इस दिन विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। इस अवसर पर ''खाद्य एवं पोषण सुरक्षा हेतु लघु धान्य फसलें'' विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा जिसके मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग के मंत्री श्री रविन्द्र चौबे होंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री प्रदीप शर्मा, मुख्यमंत्री जी के सलाहकार, कृषि, ग्रामीण विकास एवं योजना तथा डॉ. कमलप्रीत सिंह, सचिव एवं कृषि उत्पादन आयुक्त उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल करेंगे। इस कार्यशाला में लघु धान्य फसलों पर कार्य करने वाले कृषक, वैज्ञानिक, उद्यमी, प्रसंस्करणकर्ता आदि शामिल होंगे। इस अवसर पर कृषि मंत्री श्री चौबे इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय राजमार्ग 53 पर नवनिर्मित मिलेट कैफे का शुभारंभ भी करेंगे। इस मिलेट कैफे में कोदो, कुटकी, रागी तथा अन्य लघु धान्य फसलों से निर्मित व्यंजन एवं अन्य उत्पाद आम जनता के लिए उपलब्ध रहेंगे।

नव निर्मित मिलेट कैफे

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ में लघु धान्य फसलों के उत्पादन को बढ़ावा देने, लोगो में लघु धान्य फसलों के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने, लघु धान्य फसलों के पोषक मूल्य तथा औषधीय गुणों पर अनुसंधान, लघु धान्य फसलों के प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन, उत्पाद निर्माण तथा इन फसलों के बीज उत्पादन एवं वितरण हेतु इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर तथा ईक्रिसेट हैदराबाद, भारतीय लघु धान्य फसल अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद तथा राष्ट्रीय बीज निगम, हैदराबाद के मध्य तीन समझौते भी निष्पादित किये जाएंगें। कार्यशाला में राष्ट्रीय बीज निगम की अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डॉ. मनिन्दर कौर, छत्तीसगढ़ लघु वनोपज महासंघ के अतिरिक्त प्रबंध संचालक आनंद बाबू, अन्तर्राष्ट्रीय अर्धशुष्क कटिबंधीय फसल अनुसंधान संस्थान (ईक्रिसेट) के उप महानिदेशक डॉ. अरविंद कुमार, भारतीय लघु धान्य फसल अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिक डॉ. हरिप्रसन्न एवं वैंकटेश्वरलू, सिम्बायसिस इंस्टिट्यूट पूणे की प्राध्यापक डॉ. निशा भारती तथा भारतीय पैकेजिंग संस्थान मुम्बई के प्राध्यापक डॉ. तनवीर आलम भी शामिल होंगे।

योजनाओं का क्रियान्वयन तत्परता से करें : सीएस

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने राज्य शासन के विभिन्न विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाली योजनाओं का क्रियान्वयन तत्परता से किया जाए। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए हैं कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की फ्लैगशिप योजनाओं के अपडेट्स नियमित रूप से प्रत्येक माह सीएम सचिवालय के सीएम डेसबोर्ड पर अपलोड किए जाएं। मुख्य सचिव श्री जैन ने आज यहां मंत्रालय महानदी भवन से वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में राम-वन-गमन-पथ निर्माण, राजस्व प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण, नजूल भूमि का सीमांकन तथा आबंटन, औद्योगिक इकाई से जल कर की वसूली, ई.डब्ल्यू.एस. के लिए आरक्षित भूखण्डों के उपयोग और अवैध निर्माण नियमितीकरण अधिनियम के प्रकरणों के निराकरण सहित अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने राम वन गमन पथ निर्माण के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि टूरिज्म बोर्ड के अधिकारी राम-वन-गमन-पथ मार्ग के कार्यों की मौके पर पहुंचकर निगरानी करें। साथ ही राम वन गमन पथ पर साइन बोर्ड लगाने, रोड मेप और राम वन गमन पथ निर्माण का प्रस्तुतिकरण तैयार करने के निर्देश टूरिज्म विभाग के अधिकारियों को दिए।

विकासोन्मुखी अध्ययन के लिए मिलेगी आर्थिक सहायता राशि

■ राज्य योजना आयोग ने मंगाए आवेदन

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य योजना आयोग छत्तीसगढ़ द्वारा राज्य के प्रासंगिक एवं विकासोन्मुखी विषयों पर अध्ययन प्रायोजन हेतु आर्थिक सहायता के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है। इस आशय का आदेश राज्य योजना आयोग छत्तीसगढ़ द्वारा जारी किया गया है।

जारी आदेश के तहत राज्य योजना आयोग द्वारा राज्य के संतुलित विकास हेतु उपयुक्त प्रासंगिक एवं विकासोन्मुखी विषयों पर अध्ययन प्रस्तावों को प्राप्त करने के उद्देश्य से शैक्षणिक संस्थाओं के शिक्षक, छात्र-अनुसंधान या निजी अनुसंधानकर्ताओं आदि से आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक व्यक्ति, संस्थाएं प्रासंगिक विषयों पर प्रचलित दिशा-निर्देश अनुसार प्रस्ताव प्रस्तुत कर सकते हैं और 31 जनवरी 2023 तक प्राप्त प्रस्तावों पर प्राथमिकता से विचार किया जाएगा। इस संबंध में राज्य योजना आयोग की वेबसाइट spc.cg.gov.in पर दिशा-निर्देश उपलब्ध है। जिसके अनुसार इच्छुक शैक्षणिक संस्थाओं के शिक्षक, छात्र-अनुसंधान या निजी अनुसंधानकर्ताओं संलग्न प्रासंगिक विषयों पर निर्धारित प्रारूप में अपने प्रस्ताव ऑफलाइन अथवा ऑनलाइन ई-मेल आईडी ms.cgspc@gov.in पर सदस्य सचिव राज्य योजना आयोग छत्तीसगढ़ को प्रेषित कर सकते हैं।

रायपुर संभाग में 27 से शुरू होगी प्रतियोगिता

रायपुर/नवप्रदेश। स्कूली विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता के विकास और लोक तांत्रिक व्यवस्था से युवाओं को परिचित कराने के लिए 'युवा संसद' प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता रायपुर संभाग में 27 जनवरी से शुरू होगी। प्रथम चरण में विकासखंड में 27 जनवरी से 5 फरवरी तक, जिला स्तर पर 6 फरवरी से 15 फरवरी तक युवा संसद प्रतियोगिता का आयोजन होगा। अंतिम चरण में संभाग स्तरीय युवा संसद का आयोजन होगा। संभाग स्तर पर यह प्रतियोगिता 18 से 25 फरवरी तक होगी।

युवा संसद प्रतियोगिता में शासकीय विद्यालयों में कक्षा 6वीं से 9वीं और कक्षा 11वीं के विद्यार्थी शामिल होंगे। युवा संसद की बैठक अवधि 50 मिनट की होगी। इसमें 20 मिनट का प्रश्नकाल, शेष 30 मिनट-शपथ ग्रहण, निधन संबंधी उल्लेख, नए मंत्री का सदन से परिचय, विशेषाधिकार हनन, राज्य सभा से संदेश, ध्यानाकर्षण प्रस्ताव, विधेयक-संकल्प-प्रस्ताव पर चर्चा, स्थगन प्रस्ताव, मत विभाजन, एवं पारित करना आदि प्रक्रियाओं का प्रदर्शन होगा। युवा संसद की भाषा प्रतिभागी विद्यार्थी अपनी इच्छानुसार हिन्दी अथवा अंग्रेजी का उपयोग कर सकते है। शपथ-ग्रहण के लिए भारतीय संविधान की आठवीं सूची में उल्लेखित भाषाओं में से किसी एक का प्रयोग किया जा सकता है। स्पीकर की भूमिका निभाने वाले विद्यार्थी को हिन्दी और अंग्रेजी दोनों भाषाएं आना चाहिए। निर्णयक मूल्यांकन समिति के 3 सदस्यीय निर्णायों की समिति 100 अंकों पर मूल्यांकन करेगी।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, बलौदाबाजार (छ.ग.)

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना

ऑनलाईन निविदाएँ प्रपत्र-ए में एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से जल जीवन मिशन के सिंगल विलेज नलजल प्रदाय योजनांतर्गत निर्माण कार्य की ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

निविदा सूचना क्र./ दिनांक	सिस्टम क.	विकासखण्ड	ग्राम का नाम	अनुमानित लागत (रू. लाख में)
197/16.01.2023	120968	भाटापारा	सुरजपुरा	130.93
198/16.01.2023	120969	भाटापारा	अमलीडीह	77.16
199/16.01.2023	120970	भाटापारा	ढाबाडीह	75.84
200/16.01.2023	120971	भाटापारा	जरहागांव	75.32
201/16.01.2023	120975	भाटापारा	मधुबन	65.18
202/16.01.2023	120982	भाटापारा	परसवानी (अ)	71.60
203/16.01.2023	120984	सिमगा	शिकारी केसली	100.39
204/16.01.2023	120985	सिमगा	माचाभाठ	100.85
205/16.01.2023	120986	सिमगा	दामाखेड़ा	119.09
206/16.01.2023	120993	सिमगा	दौरेंगा	122.64
207/16.01.2023	120994	सिमगा	तिल्दाबंधा	100.61
208/16.01.2023	120995	सिमगा	बासीन	88.09
209/16.01.2023	120999	सिमगा	बम्हनीडीह + संजरी नवागांव	115.58
210/16.01.2023	121000	सिमगा	भोथीडीह	92.00
211/16.01.2023	121001	सिमगा	लोहारी	79.79

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेबपोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in में दिनांक 23.01.2023 से 08.02.2023 तक देखी जा सकती है एवं निविदा डाउनलोड की जा सकती है।

जी-97708/4

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

गौठानों के प्रबंधन चुस्त-दुरूस्त बनाने विभाग चलाएगा अभियान

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के गांवों में बनाए गए गौठानों में गौ-मूत्र की खरीदी, और मल्टीयुटीलिटी सेन्टर सहित अनेक सुविधाएं दी जा रही हैं। इन सुविधाओं को और मजबूत बनाने के लिए उद्देश्य से पशुपालन विभाग के मैदानी अमले द्वारा एक फरवरी से विशेष अभियान चलाए जाएगा। अमले द्वारा गौठानों का भ्रमण किया जाएगा और वहां पशुओं और चारा की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। कृषि उत्पादन आयुक्त डॉ. कमलप्रीत सिंह ने आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में आयोजित पशुपालन विभाग की समीक्षा बैठक में इस आशय के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए।

डॉ. कमलप्रीत सिंह ने कहा कि सभी गांवों में पशुपालन विभाग के अधिकारी भ्रमण कर गौठानों में पशुओं के लिए डे-केयर की व्यवस्था, पशुओं के लिए चारे का प्रबंध सहित गौठानों के संचालन व्यवस्था का अवलोकन करेंगे। उन्होंने कहा कि मैदानी अमले द्वारा यह देखा जाए कि गौठानों में आने वाले पशुओं के लिए चारा पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हो। किसानों को पैरादान करने के लिए प्रेरित करे साथ ही दान किये गये पैरा को गौठान प्रबंधन समिति के माध्यम से गौठानों तक पहुंचाना सुनिश्चित करे। डॉ. कमलप्रीत ने अधिकारियों से कहा कि देशी गायों के नस्ल सुधार से ही पशुओं की उत्पादकता में वृद्धि सम्भव हैं, अतः पशु नश्ल सुधार कार्य में आशातीत प्रगति लाई जाए। उन्होंने कहा कि राज्य डेयरी उद्यमिता विकास योजना अंतर्गत कलस्टर में मिल्क रूट पर डेयरी इकाईयॉ स्वीकृत करें। डॉ. सिंह ने कहा कि पशु चिकित्सक विभाग के अधिकारियों से कहा विभाग के अंतर्गत योजनाओं के भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्य फरवरी तक पूर्ण करें। योजनाओं का क्रियान्यवयन कलस्टर बना कर करें एवं भविष्य में तिमाही लक्ष्य तय कर पूर्ण उपलब्धि सुनिश्चित की जावें।

युवक पर चाकू से हमला, केस दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। सेंट्रल जेल के सामने एक युवक ने दूसरे युवक पर चाकू से हमला कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर गंज थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार दलदल सिवनी मोवा निवासी प्रार्थी दरशद दुबे 25 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि कल सेंट्रल जेल के सामने आरोपी युवराज सिंह ने बिना कारण प्रार्थी से विवाद कर चाकू से पीठ पर मारकर चोट पहुंचाया।

कार्यालय नगर पंचायत आमदी, जिला-धमतरी (छ.ग.)

-:: ई-प्रोक्यूरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना ::-

Main Protal:-http://eproc.cgstate.gov.in Email ID: comamdi@gmail.com
क्रमांक/2082/न.पं./ लोनिवि/2022-23 आमदी, दिनांक 18/01/2023

ई-प्रोक्यूरमेन्ट निविदा आमंत्रण सिस्टम टेण्डर नम्बर 121402

कार्यालय नगर पंचायत आमदी द्वारा लोक निर्माण विभाग में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों हेतु पीडब्ल्यूडी बिल्डिंग / रोड एस.ओ.आर. दिनांक 01.01.2015 (निविदा जारी होने के दिनांक तक समस्त संशोधनों के साथ) कम अधिक या समान दरों पर शेड्यूल अनुसार निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं :-

1. ऑनलाईन निविदा करने हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 10/02/2023 समय दोपहर 05.30 बजे तक ।
2. फिजिकल डाक्यूमेंट कार्यालय नगर पंचायत आमदी में जमा करने की अंतिम तिथि 14/02/2023 समय दोपहर 05.30 बजे तक ।
3. ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथि 15/02/2023 समय दोपहर 12.00 बजे से ।

क्र.	कार्य का नाम	प्राक्कलन राशि	धरोहर राशि रु.	कार्यावधि	ठेकेदार का वर्ग
1	वार्ड क्र. 03 रांवा मेन रोड़ से कैनाल रोड तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य	42.48 लाख	32000.00	03 माह	वर्ग डी एवं उच्च श्रेणी पंजीकृत ठेकेदार

उक्त कार्य हेतु विस्तृत जानकारी अवधि में ई-प्रोक्यूमेंट वेब पोर्टल Main Portal : http//eproc.cgstate.gov.in से भी डाउनलोड व देखी जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर नगर पंचायत आमदी

आय बढ़ाने पार्षदों ने सामान्य सभा में दिए सुझाव

■ **राजस्व वसूली के लिए बनेगी नीति, फिलहाल वसूली स्पायरो करेगी**

रिसाली/नवप्रदेश। रिसाली निगम गठन के बाद गुरूवार को सामान्य सभा में निगम की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने पार्षदों ने अपना अभिमत सभापति केशव बंछोर के समक्ष रखा। लगभग 3 घंटे 30 मिनट तक चले सदन में महापौर परिषद द्वारा रखे सभी एजेंण्डे को बहुमत के आधार पर पारित किया गया। खास बात यह है कि पूरे समय क्षेत्रीय विधायक व गृह एवं लोक निर्माण मंत्री ताम्रध्वज साहू सदन में उपस्थित रहे।

चर्चा के दौरान पार्षदों का कहना था निगम तीन वर्ष और शहर सरकार बने 1 वर्ष हुआ है। ऐसे समय पर सबसे पहले आर्थिक स्थिति को मजबूत करना चाहिए। राजस्व वसूली निजी हाथों में देने के बजाय निगम को करना चाहिए। इसके लिए नीति बने और वसूली कार्य के लिए जिम्मेदारी सौंपे। निगम सभापति केशव बंछोर वर्तमान समय में स्पायरो कंपनी द्वारा वसूली कार्य जारी रखने संबंधी प्रस्ताव बहुमत के आधार पर पारित करने की घोषणा की। सदन में महापौर शशि सिन्हा के अलावा परिषद के सद्स्य चन्द्रभान सिंह ठाकुर, गोविन्द चतुर्वेदी, अनुप डे, सनीर साहू, परमेश्वर कुमार, सोनिया देवांगन, ईश्वरी साहू, सांसद प्रतिनिधि पप्पू चंद्राकर, पार्षद, एल्डरमेन, आयुक्त आशीष देवांगन व विभाग प्रमुख उपस्थित थे।

यह प्रस्ताव हुआ पारित

- नगर पालिक निगम रिसाली अंतर्गत विभिन्न कार्यो हेतु प्लेसमेंट में श्रमिक-कर्मचारी प्रदाय कार्य।
- निविदा आमंत्रण होने तक वर्तमान कार्यरत एजेन्सी से राजस्व वसूली कराया जाए।
- रिसाली निगम क्षेत्र के छुटे हुए भवनों का सम्पत्तिकर निर्धारण किया जाए।

पार्षदों ने पूछे 31 सवाल

सामान्य सभा में प्रश्नकाल में 31 पार्षदों ने हिस्सा लिया। सवालों का जवाब महापौर परिषद के सद्स्य सनीर साहू, चन्द्रभान सिंह ठाकुर, गोविन्द चतुर्वेदी, अनुप डे, परमेश्वर, सोनिया देवांगन व ईश्वरी साहू ने सदन में दिया। प्रश्नकाल में कुछ गहमा गहमी भी हुई। बाद में नीतिगत सवालों का जवाब आयुक्त आशीष देवांगन ने दिया।

एल्डरमेनों का स्वागत

सदन शुरू होने से पहले सभाकक्ष में क्षेत्रीय विधायक व गृहमंत्री का स्वागत महापौर व सभापति केशव बंछोर ने किया। इसके बाद पहली बार सदन पहुंचे एल्डरमेनों का स्वागत महापौर शशि सिन्हा ने की। स्वागत पश्चात सभापति राष्ट्रीय व राज गीत के साथ सदन की शुरूआत की।

सर्व समाज के लोगों ने भूमि आबंटन का किया विरोध

कुम्हारी/नवप्रदेश। सर्व समाज कुम्हारी द्वारा गुरुवार को वार्ड क्रमांक 11 स्थित खसरा न. 295 की भूमि को निज़ाम मुस्लिम समाज को भवन हेतु दिए जाने का विरोध करते हुए एक ज्ञापन मुख्य नगरपालिका अधिकारी जितेंद्र कुशवाहा को सौंपा। उक्त ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने आरोप लगाया है कि जब पूर्व में यह भूमि आंगनबाड़ी के लिए प्रस्तावित थी जिसे यह कहकर की भूमि नहर के बगल में होने की वजह से इसपर भवन निर्माण संभव नही है कहकर खारिज कर बाद में इसे निज़ाम मुस्लिम समाज भवन हेतु कैसे दे दिया गया। सर्व समाज द्वारा इस बाबत पालिकाध्यक्ष राजेश्वर सोनकर से भी मिलकर विरोध जताया गया साथ ही इसपर पुनर्विचार करने की बात कही गई है।

> अभी आबंटन की प्रक्रिया नही की गई है। इसकी बाबत नगर पालिका प्रशासन द्वारा उच्च अधिकारियों को इस संबंध में अवगत कराया जाएगा पश्चात विधिवत संवैधानिक प्रक्रियाओं के अंतर्गत कार्य का निष्पादन किया जाएगा।
>
> **जितेंद्र कुशवाहा**
> मुख्य नपा अधिकारी कुम्हारी

> परिषद में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया है। जिस तरह सभी समाज को भूमि आबंटित की गई है उसी प्रकार उन्हें भी सामाजिक कार्य हेतु भूमि आबंटित किये जाने का प्रस्ताव है। अभी भूमि आबंटित नही हुई है। आंगनबाड़ी का स्थान अलग है।
>
> **राजेश्वर सोनकर**
> अध्यक्ष
> नगर पालिका परिषद कुम्हारी

पीएम के साथ 'परीक्षा पर चर्चा' कार्यक्रम में सीधे जुड़ेंगे केएच मेमोरियल स्कूल के स्टूडेंट्स

भिलाई/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 27 जनवरी को 'परीक्षा पर चर्चा' कार्यक्रम के तहत स्कूलों में पढ़ने वाले सभी स्टूडेंट्स से रूबरू चर्चा करने आ रहे हैं। कुछ स्कूलों के साथ वह ऑनलाइन भी रहेंगे। छत्तीसगढ़ के कुल 11 स्कूलों का इसके लिए चयन किया गया है। केएच मेमोरियल स्कूल के लिए यह गौरव की बात है कि दुर्ग जिले से उसका चयन हुआ है। स्कूल की प्रिंसिपल मेडम विभा झा ने इसे न केवल स्कूल के लिए बल्कि पूरे दुर्ग जिले खासकर शिक्षाधानी भिलाई के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि बताया है। प्रधानमंत्री के इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दूरदर्शन एवं आकाशवाणी के साथ-साथ सभी सरकारी एवं प्राइवेट न्यूज़ चैनलों पर किया जाएगा। प्रधानमंत्री श्री मोदी कुछ स्कूलों एवं उनके टीचर्स, स्टूडेंट्स से ऑनलाइन जुड़े रहेंगे। इस दौरान वे परीक्षा में सफल होने को लेकर कई महत्वपूर्ण टिप्स देंगे। साथ ही कुछ टीचर्स और स्टूडेंट्स से सीधे संवाद भी करेंगे। प्रसार भारती ने इसके लिए स्कूलों का चयन किया है। जवाहर नगर, भिलाई में संचालित केएच मेमोरियल स्कूल वह भाग्यशाली स्कूल है जिसका नाम भी स्कूलों की चयन लिस्ट में है।

प्रिंसिपल मेडम विभा झा ने बताया कि हम इस वर्ष स्कूल के स्थापना की रजत जयंती वर्ष बड़े गर्व से मना रहे हैं। यह विशेष संयोग ही है कि इसी वर्ष हमें प्रधानमंत्री से सीधे जुड़ने का अवसर मिला है। इस कार्यक्रम को लेकर स्कूल का हर एक टीचर्स एवं स्टूडेंट्स काफी उत्साहित है। हम प्रधानमंत्री मोदी जी से ऑनलाइन अच्छी तरह जुड़ सके उसके लिए स्कूल में पूरी व्यवस्था की है। स्कूल के हॉल में जहां 500 स्टूडेंट्स के बैठने की व्यवस्था है वहां प्रोजेक्टर के माध्यम से इस कार्यक्रम का प्रसारण होगा। यह हाल पूर्णतया,ष्ट है। साथ ही यहां 5ल की फास्ट नेटवर्किंग है जिससे कार्यक्रम में किसी प्रकार की रुकावट नहीं आएगी। प्रिंसिपल मेडम ने बताया कि स्टूडेंट्स के साथ-साथ यदि उनके पैरेंट्स आना चाहे तो उनके लिए भी बैठने की व्यवस्था की गई है।

शहर के निर्माणाधीन बिल्डिंग व कंस्ट्रक्शन की निगम करेगी जांच

■ **भवन अनुज्ञा के अनुरूप निर्माण हो रहा है या नहीं फील्ड में अधिकारी करेंगे निरीक्षण**

भिलाई/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत निर्माणाधीन बिल्डिंग एवं कंस्ट्रक्शन की जांच की जाएगी तथा भवन अनुज्ञा लिया गया है या नहीं लिया गया है अगर लिया गया है तो अनुज्ञा के अनुरूप निर्माण हो रहा है कि नहीं इसकी भी अधिकारी फील्ड में निरीक्षण कर जांच करेंगे। आयुक्त रोहित व्यास ने अधिकारियों को समीक्षा बैठक में इसके लिए निर्देश दिए हैं। मलबा बिखेरकर रखने वाले लोगों पर भी नजर रखा जाएगा तथा विध्वंस के बाद मलबे को इधर-उधर फेंकने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। कचरा फैलाने वालों पर जुर्माना लगाने की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। आयुक्त ने गोधन न्याय योजना की समीक्षा की और गौठान में बटेर पालन को शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए। गौठान में मिलेट्स को बढ़ावा देते हुए इससे फूड प्रोडक्ट तैयार करने प्लानिंग की जाएगी। मोबाइल मेडिकल यूनिट के तहत लग रहे स्वास्थ्य शिविर से अधिक से अधिक लोगों को लाभ दिलाने उन्होंने अधिकारियों को कहा, जोन आयुक्त इसकी नियमित मॉनिटरिंग भी करेंगे। भिलाई के मार्केट क्षेत्र को आदर्श मार्केट के रूप में विकसित करने उन्होंने अलग-अलग मार्केट क्षेत्रों का चयन करने जोन आयुक्त को कहा है। मार्केट की सूची अनुरूप इस पर उन्होंने सर्वे करने के भी निर्देश दिए है। आयुक्त ने सांसद निधि, विधायक निधि, महापौर निधि एवं अन्य मदो के तहत प्राप्त राशि के कार्यो की समीक्षा की तथा अप्रारंभ कार्यो को शीघ्र प्रारंभ करने, प्रगतिरत कार्यो को पूर्ण करने के निर्देश दिए। वहीं उन्होंने स्लो प्रोग्रेस पर नाराजगी भी जाहिर की तथा अति शीघ्र कार्यो को पूर्ण करने के निर्देश बैठक में दिए। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण, अवैध निर्माण तथा अवैध प्लाटिंग जैसे कार्यो पर निरंतर कार्यवाही हो। बैठक में अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, अधीक्षण अभियंता बीके देवांगन, उपायुक्त रमाकांत साहू एवं नरेंद्र बंजारे, जोन आयुक्त राजेंद्र नायक, खिरोद्र भोई एवं येशा लहरें, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, लेखा अधिकारी जितेंद्र ठाकुर व भवन अनुज्ञा अधिकारी हिमांशु देशमुख आदि मौजूद रहे।

महंत संग्राहालय परिसर की कला विधिका दो दिवसीय रामकथा के चित्रों से रहेगी रौशन

भिलाई/रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर के महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय परिसर की कला वीथिका दो दिन रामकथा के चित्रों से रौशन रहेगी। आदिवासी लोककला अकादमी छत्तीसगढ़ संस्कृति परिषद ओर से राम कथा पर आधारित 9 दिवसीय चित्र कला शिविर के समापन पर इस शिविर में शामिल देश भर के ख्यातिलब्ध पारंपरिक चित्रकारों के तैयार चित्रों की प्रदर्शनी यहां कला वीथिका में लगाई गई है। जिसमें अयोध्या, सीता-राम स्वयंवर से लेकर वनवास सहित रामकथा के तमाम प्रसंग दर्शाए गए हैं।

इस दो दिवसीय प्रदर्शनी की शुरुआत बुधवार की शाम कला वीथिका में हुई। यह प्रदर्शनी 19 जनवरी को भी दर्शकों के अवलोकनार्थ खुली रहेगी। इस प्रदर्शनी में प्रहलाद महाराणा ने उड़िया पट्ट शैली में अयोध्या के चित्र बनाए हैं। विनय कुमार ने चेरियल पट्टाम शैली के अपने चित्रों में राम की अयोध्या वापसी पर दीपोत्सव को दर्शाया है।

रघुपति भट्ट ने गंजीफा शैली में अशोक वाटिका में सीता को उकेरा है। चेतन गंगवाने ने चित्रकथी शैली में सीता राम स्वयंवर को अपनी शैली में चित्रित किया है।

निधन

अनिल गुप्ता

दुर्ग/नवप्रदेश। पद्मापुर निवासी अनिल गुप्ता 56 वर्ष का गुरुवार की शाम निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 20 जनवरी, शुक्रवार को दोपहर 12 शिवनाथ नदी मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे दैनिक समाचार पत्र चिंतक के संस्थापक स्व. रामचंद्र गुप्ता के पुत्र, दैनिक चिंतक के संपादक सुनील गुप्ता व आशीष गुप्ता के भाई थे।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग

उद्घोषणा

अ-2/2022-23

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका एल. सुषमा पति एल. कृष्ण कुमार निवासी-कुरूद तहसील व जिला दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम कुरूद प.ह.नं. 50 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 329/6 रकबा 0.003 हे. 2754 (आवासीय) प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा. सं. की धारा 59 (2) के तहत पुर्ननिर्धारण बाबत आवेदन प्रस्तुत किया है जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत माध्यम के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 09/12/2022 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

सील

अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग

उद्घोषणा पत्र

अ-2/ 2022-23
श्री देवकुमार

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री देवकुमार आ. श्री भाउराम निवासी-ग्राम गोढ़ी धमधा जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन एवं पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. सं. 1959 की धारा 172/59 (2) (5) के तहत इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा (क्षेत्रफल)	प्रयोजन
रिसाली प.ह.न. 22 तह. व जिला दुर्ग	733/56	0.0111हे. 1200 वर्गफीट	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 12.01.2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
दुर्ग, जिला-दुर्ग

साइंस कॉलेज के छात्रों ने जीते पुरस्कार

दुर्ग/नवप्रदेश। साइंस कॉलेज दुर्ग में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 2022 का आयोजन गायत्री शक्ति पीठ हरिद्वार द्वारा की ओर से किया गया जिसमें महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया जिसमें साइंस कॉलेज दुर्ग से कुल 87 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कु. चित्रकला कक्षा बीएससी प्रथम वर्ष ने इस प्रतियोगिता में जिला स्तर पर प्रथम पुरस्कार 500 की नकद राशि प्राप्त की है।इसी प्रकार ब्लॉक स्तर पर प्रथम स्थान पर कु. पुष्पांजलि यादव कक्षा बीएससी तृतीय ने प्राप्त किया है। द्वितीय स्थान पर द्रोण कुमार चंद्राकर बीएससी तृतीय वर्ष ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कु. वीणा साहू बीएससी द्वितीय वर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी तरह महाविद्यालय स्तर पर दीप्ति वर्मा बीएससी तृतीय वर्ष ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कु. मेघा कोठारी बीएससी द्वितीय वर्ष ने प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ राजेंद्र कुमार चैबे ने उक्त विद्यार्थियों को सभी विद्यार्थियों एवं आयोजकों को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रदान की है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी अपने व्यक्तित्व के चहुंमुखी विकास के लिए हर आयोजन में उत्साह से भाग लेते रहें जिससे वे जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सफल हो सकें। कार्यक्रम के संयोजक डॉ अभिनेष सुराना ने बताया कि उक्त सभी विद्यार्थियों ने इस परीक्षा में भाग लेकर तथा मेरिट में अपना स्थान बनाकर महाविद्यालय परिवार को गौरवान्वित किया है। सभी विद्यार्थियों के पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र अखिल भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के आयोजकों ने प्राचार्य महोदय को प्रदान किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. ए. के. खान, आईक्यूएसी संयोजक, डॉ. जगजीत कौर सलूजा, डॉ. शिखा अग्रवाल, प्रो थानसिंह वर्मा, डॉ. जी.एस. ठाकुर, डॉ शकील हुसैन, सह संयोजक एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो जनेंद्र कुमार दीवान, मुख्य लिपिक संजय यादव सहित सभी प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों ने सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रदान की है।

प्रधानमंत्री आवास का निगम आयुक्त ने किया निरीक्षण

■ **ठेकेदार को शेष बचे कार्यो को अप्रैल तक पूर्ण करने के निर्देश**

दुर्ग/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गतपीएम योजना के आवास बोरसी फार्च्यून हाईट्स का निगमायुक्त लोकेश चन्द्राकर ने नोडल अधिकारी जितेंद्र समैया के साथ निरीक्षण किया। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बन रहे निर्माणाधीन आवासों का निरीक्षण कर आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने आवास में बचे हुए काम को जल्द कराने के लिए ठेका एजेंसी को निर्देश दिए। ताकि अप्रेल तक हितग्राहियों को मकान का आवंटन हो सके।उन्होंने बोरसी मे निर्माणाधीन आवास का निरीक्षण कर सीवर लाईन, विद्युत कनेक्शन, जल प्रदाय,पीएम योजना के आवासों,सफाई आदि का निरीक्षण किया। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बन रहे निर्माणाधीन आवासों का निरीक्षण बोरसी फार्च्यून हाईट्स प्रधानमंत्री आवास का निरीक्षण के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के नोडल अधिकारी जितेंद्र समैया को निर्देशित किया कि समय पर गुणवत्तापूर्ण एवं मापदंड के अनुरूप काम पूरा किया जाए, ताकि समय पर इसका लाभ हितग्राहियों को मिल सके।जहां पर उन्होंने शौचालय, खिड़की, दरवाजे, टाइल्स, साफ सफाई सहित आदि कार्यो का अवलोकन कर आवश्यक निर्देश दिए। सुनहरा अवसर प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पाइये अपने सपनों का आशियाना, 36 आवासों में 24 आवास आबंटन की जा चुका है, मात्र 12 आवास शेष बचे हुए है इसके लिए हितग्राही राशि जमा कर अप्रेल माह में अपना खुद का आवास पा सकते हज।12 लाख का मकान, बेहतरीन लोकेशन,सबको मिल रहा है मात्र 3.50 लाख में अपना पक्का आवास नगर पालिक निगम सीमा अंतर्गत शहरी गरीबों को सर्वसुविधायुक्त सभी मौसम में टिकने वाले पक्के आवास उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आवास एवं शहरी गरीबी उपशमन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जून 2015 में प्रधानमंत्री आवास योजना-सबके लिए आवास मिशन 2022 पूरे देश में लागू किया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी अंतर्गत नगर पालिक निगम, दुर्ग में कुल 5000 से अधिक परिवारों को लाभ मिला है जिसमें हितग्राही द्वारा स्वयं आवास निर्माण / मोर जमीन मोर मकान योजना के 2680 लाभार्थी शामिल है । 2184 पूर्ण आवास एवं 496 प्रगतिरत आवास है। इसी प्रकार मोर मकान - मोर चिन्हारी एएचपी के 295 लोगो को अपना पहला पक्का मकान इस योजनांर्तगत आबंटन हो चुका है। क्रेडिट लिंक सब्सिडी योजना में 2700 से अधिक हितग्राहियों को कुल 45014. 95 लाख रू. की ऋण जारी की गई है जिसमें से 6065.8 लाख रू. की सब्सिडी हितग्राहियों के खाते में प्राप्त हो चुकी है। मोर मकान - मोर आस (किरायेदार) - 33 आवेदको द्वारा प्रथम किश्त की राशि भुगतान पश्चात 22.12.2022 को महापौर धीरज बाकलीवाल, अपर कलेक्टर सर, आयुक्त लोकेश चन्द्राकर तथा नोडल अधिकारी की उपस्थिति में लॉटरी के माध्यम से आवास आबंटन किया गया।

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन
प्रक्षेत्र-02, शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.)
फोन नं. 0771-2436320
email ID: eocghbzone2@gmail.com

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सरदार वल्लभ भाई पटेल थोक बाजार, डुमरतराई रायपुर में स्थित दुकान क्र. सी-65 श्री विशन दास धनवानी पिता स्व. श्री हरिराम, के नाम पर इस कार्यालय का आबंटन आदेश क्र. 5539 दिनांक 24.09.2010 द्वारा स्ववित्तीय आधार पर आबंटित है। आबंटियों द्वारा उक्त दुकान का पूर्ण मूल्य जमा कर अपने पक्ष में दिनांक 15.01.2013 को लीजडीड पंजीकृत उपरांत आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया गया है। वर्तमान में आबंटी श्री विशन दास धनवानी पिता स्व. श्री हरिराम की मृत्यु दिनांक 18.11.2018 को हो जाने के कारण उनके वारिसान पुत्र श्री दीपक धनवानी पिता स्व. श्री विशनदास धनवानी, निवासी-म.नं. 385, गोयल नर्सिंग होम के पीछे समता कालोनी रायपुर (छ.ग.) के द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, सहमति पत्र, शपथ पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त दुकान को अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया जिसके अनुसार नामांतरण किया जाना है।

अतः उक्त दुकान के नाम दर्ज करने के संबंध में किसी भी व्यक्ति, शासकीय, अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-2, रायपुर

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन
प्रक्षेत्र-4, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)
email ID: eocghbzone5@gmail.com

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कालोनी खिलौरा जिला रायपुर में स्थित दीनदयाल आवास योजनांतर्गत निर्मित भवन क्र. 256, श्री विकास अग्रवाल पिता श्री लीलाधर अग्रवाल के नाम पर इस कार्यालय के आबंटन आदेश क्र. 796 दिनांक 27.01.2009 के माध्यम से स्ववित्तीय आधार पर आबंटित है। आबंटी द्वारा भवन का पूर्ण मूल्य जमा कर दिनांक 25.07.2013 को सेलडीड निष्पादित करा लिया गया है। मूल आबंटी श्री विकास अग्रवाल पिता श्री लीलाधर अग्रवाल निवासी-वार्ड 06, बाया बलौदाबाजार (छ.ग.) उक्त भवन को क्रेता श्री कन्हैयालाल पाल पिता श्री पंचम पाल निवासी-ब्लाक नं. 14, जुनियर एमआईजी रुम 155, बिजेता काम्प्लेक्स न्यू राजेन्द्र नगर रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) के पक्ष में विक्रय करना चाहते हैं। विक्रय अनुमति हेतु आवेदन पत्र, विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति एवं आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त भवन को क्रेता श्री कन्हैया लाल पाल पिता श्री पंचम पाल के पक्ष में विक्रय हेतु अनुमति प्रदान किया जाना है।

अतः किसी भी व्यक्ति, शासकीय/ अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भवन के विक्रय करने हेतु अनुमति प्रदान करने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा नियत समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
प्रक्षेत्र-04, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग

उद्घोषणा

अ-2/2022-23

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका सुधा दास पति अजय कुमार दास निवासी-पुरानी सिविल लाईन दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम मालूद प.ह.नं. 02 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 288 रकबा 0.0600 हे. (आवासीय) प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा. सं. की धारा 59 (2) के तहत पुर्ननिर्धारण बाबत आवेदन प्रस्तुत किया है जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत माध्यम के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 17/01/2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

सील

अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग, जिला दुर्ग

कार्यालय, नगर पालिक निगम रायपुर, (जोन क्र.-4)
प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा रायपुर

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 889/ दि.-18.01.2023
वार्ड का नाम-57-पं. भगवतीचरण शुक्ल

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 57 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रापर्टी आईडी. RPR650J0221B जो कि निगम अभिलेख में श्रीमती SAPNA NATHA पिता/पति श्री/श्रीमती VIKASH NATHA के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती SMT. SHRADDHA GUPTA W/O MANOJ KUMAR GUPTA ने शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें

श्री विनय मिश्रा
जोन कमिश्नर
जोन क्र.-4
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम रायपुर, (जोन क्र.-7)
मंगलम काम्पलेक्स अग्रसेन चौक, रायपुर
Email ID- rmczone7@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 812 दिनांक 16.01.2023
वार्ड का नाम-22-पं. ईश्वरीचरण शुक्ल

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 22 वार्ड स्थित भवन/भूमि/जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR569F00037 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती होरीलाल साहू पिता/पति/श्री मानसिंह साहू के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती दयावती साहू पिता/पति/श्री स्व. होरीराम साहू ने सहमति पत्र/ **शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, एवं अन्य दस्तावेज**/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे

श्री विनोद पाण्डे
जोन कमिश्नर
जोन क्र.-7
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी साजा जिला बेमेतरा

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कुणाल वर्मा पिता गोलेलाल वर्मा ग्राम सुवरतला तहसील साजा जिला बेमेतरा छ.ग. द्वारा अपनी भूमि स्वामी की भूमि ग्राम सुवरतला स्थित प.ह.नं. 13 खसरा नंबर 474/3 रकबा 0.27 हे. भूमि को आवासीय व सह व्यवसायिक प्रयोजनार्थ व्यपवर्तित करने हेतु। इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है जिसे संहिता की धारा 172 सहपठित धारा 5(2), (5) के तहत व्यपवर्तित किया जाना है।

अतः इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर-दावा हो तो दिनांक 27.01.2023 तक स्वतः अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में शाम 5.00 बजे तक दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। बाद प्राप्त आपत्ति/ आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09.01.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा सहित जारी किया गया।

सील

अनुविभागीय अधिकारी
साजा, जिला बेमेतरा (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय (रा.) अधिकारी साजा जिला बेमेतरा

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती शैल वर्मा पति श्री जितेन्द्र कुमार वर्मा ग्राम साजा तहसील साजा जिला बेमेतरा (छ.ग.) द्वारा अपनी भूमि स्वामी की भूमि ग्राम साजा स्थित प.ह.नं. 09 खसरा नंबर 2224/2, 2224/3 रकबा 0.02, 0.03 हे. भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु। इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किय गया जिसे संहिता की धारा 172 सहपठित धारा 5(2), (5) के तहत व्यपवर्तित किया जाना है।

अतः इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर-दावा हो तो दिनांक 02.02.2023 तक स्वतः अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में शाम 5.00 बजे तक दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। बाद प्राप्त आपत्ति/ आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 17.01.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा सहित जारी किया गया।

सील

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
साजा, जिला बेमेतरा (छ.ग.)

समक्ष श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी महोदय दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

शपथ पत्र

मैं शपथकर्ती दुलसिया ठाकुर पिता पंचराम ठाकुर पति सुकलाल ठाकुर आयु 62 वर्ष, हल्बा निवासी. मंगरन नं. 41 वार्ड नं. 16, बी. आर. पी. कालोनी स्टेशन मरौदा, मिलाई सिविक सेंटर मिलाई जिला दुग छ.ग. है निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करती हूँ कि -
1. यह कि, मैं उपरोक्त दार्यो पते की निवासी हूँ । 2 यह कि, मेरे शालेय प्रमाण-पत्र एवं शादी के पूर्व हासननी बाई पिता पंच राम दर्ज है जो कि विवाह के पश्चात् मेरा नाम दुलसिया ठाकुर पति सुकलाल ठाकुर हो गया है। जो कि सत्य एवं सही है। 3. यह कि, मेरे आधार कार्ड, बैंक पास बुक एवं राशन कार्ड एवं मेरा पैन कार्ड में मेरा नाम दुलसिया ठाकुर पिता पंचराम ठाकुर पति सुकलाल ठाकुर है जो कि सत्य है । 4. यह कि, उक्त शपथ-पत्र हासनीन बाई ठाकुर पिता पंचराम ठाकुर के स्थान पर दुलसिया ठाकुर पिता पंचराम ठाकुर पति सुकलाल ठाकुर गजट में प्रकशन करना चाहती हूँ । 5. यह कि, उक्त शप-पत्र घासनीन बाई ठाकुर एवं पुलसिया ठाकुर पिता पंचराम ठाकुर पति सुकलाल ठाकुर दोनों नाम एक ही व्यक्ति के नाम ते जाने एवं पहचाने जाते है जिसके समर्थन में दुलसिया ठाकुर पिता पंचराम ठाकुर पति सुकलाल ठाकुर के नाम पर गजट प्रकाशन करने के समर्थन में यह शपथ-पत्र प्रस्तुत है ।

सत्यापन- मैं शपथकर्ता यह सत्यापित करती हू कि शपथ-पत्र की कंडिका क्र 01 से 05 तक के कथन मेरी निजी जानकारी एवं विश्वास से सत्य है अतएव आज दिनांक को स्थान दुर्ग में पढ़ समझकर अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

शपथकर्ता

विनम्रता, आस्था और धैर्य ही प्रभु को पाने का सबसे आसान उपाय : छन्नी

- भक्त गुहा निषाद जयंती में शामिल हुईं विधायक, बालाक्रीड़ा प्रतियोगिता में भी पहुंची
- कहा-प्रतियोगिता में बच्चों को जीवन के सूत्र का ज्ञान भी मिलना चाहिए

राजनांदगांव/नवप्रदेश। खुज्जी विधायक छन्नी चंदू साहू लगातार क्षेत्र के दौरे पर हैं। मंगलवार को ग्राम जोशीलमती में चिरचारीकला परिक्षेत्र के भक्त गुहा निषाद जयंती के आयोजित कार्यक्रम में विधायक साहू शामिल हुईं। इसके बाद वे ग्राम हर्राटोला और गेरुघाट में कार्यक्रमों में भी पहुंची। इस दौरान जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने उनका जगह-जगह स्वागत किया।

ग्राम जोशीलमती में क्षेत्रीय निषाद केंवट समाज भवन में आयोजित भक्त गुहा निषाद जयंती के आयोजन में शामिल होने पहुंची विधायक साहू ने प्रभु श्रीराम को प्रणाम कर निषाद राज को नमन किया। सामाजिकजनों ने यहां विधायक का सम्मान करते हुए उनका स्वागत किया। बड़ी संख्या में मौजूद समुदाय के लोगों को संबोधित करते हुए साहू ने कहा कि-निषादराज की भक्ति ने रामायणकाल में अपना विशेष स्थान बनाया। विनम्रता, आस्था और धैर्य ही प्रभु को पाने का सबसे आसान उपाय है। निषादराज के वंशज आप सभी के बीच उपस्थित होना और ऐसे पावन अवसर पर सहभागी बनना सौभाग्य की बात है।

इस दौरान निषाद समाज के जिला अध्यक्ष दुरपत निषाद (मुन्ना), ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रितेश जैन, विधायक प्रतिनिधि प्रकाश शर्मा, महिला ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष चंद्रिका वर्मा, चैनसिंग सोनवानी, सेक्टर प्रभारी तामेश्वर साहू, पठानढोड़गी सरपंच मनोज निषाद, जोशीलमती सरपंच मुलेश्वरी श्याम, कोलिहा लमती सरपंच प्यारेलाल मंडावी, गर्रापार सरपंच बालमुकुंद कुंजाम, महेश बंजारे, मोहित भक्ता, केशवराम निषाद, कनसराम निषाद, मनराखन निषाद, क्षेत्रीय अध्यक्ष मनोज कुमार, उपाध्यक्ष जयंतराम निषाद, दयालूराम निषाद, सचिव मुकेशराम निषाद, कोषाध्यक्ष महेंद्र निषाद, संरक्षक केशवराम, कनसराम, मोहितराम भक्ता, सह सचिव भगत राम निषाद, झड़ीराम, बिसेलाल, बलेश्वर राम, ग्यारसी बाई, सुरेखाबाई सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

हर्राटोला में संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता

चिरचारीकला संकुल केंद्र की बालक्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन ग्राम हर्राटोला में किया गया। इस प्रतियोगिता में हर्राटोला के साथ ही ग्राम केसाल, चिरचारीकला, थैलीटोला, ठाकुरबांधा, चोरहा बंजारी, मुंजालकला के स्कूली छात्रों ने हिस्सा लिया। विधायक छन्नी साहू ने इस आयोजन का शुभारंभ किया। बड़ी संख्या में मौजूद ग्रामीणों के साथ ही शालाओं के प्रधान पाठक, शिक्षक भी यहां उपस्थित थे। विधायक साहू ने यहां नौनिहालों से मुलाकात की और उन्हें श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने संबोधन में कहा कि-यह प्रतियोगिता टीम वर्क में बेहतर बनाने और प्रयासों के साथ सफलता के लिए जुझते रहने की सीख देने का माध्यम है। बच्चों को यहां सिर्फ खेल कौशल ही नहीं बल्कि जीवन के सूत्र का ज्ञान भी मिलना चाहिए।

इस दौरान यहां चिरचारी सरपंच पूनम शर्मा, जनपद सदस्य भुनेश्वरी साहू, भीखम देवांगन, राजूसिंह राजपूत, घनश्याम साहू, लोकनाथ साहू, चुनैन सिंह पटेल, कवलूराम पाल, उपसरपंच भग्गूराम, विकासखंड खेलप्रभारी ढालसिंह साहू, रामाधीन यादव, दुर्जन लाल ऊईके, बाबूलाल चंद्रवंशी, गोपाल मंडावी, कोदूराम चंद्रवंशी, ललित पंडे, प्रधानपाठक चतुरसिंह साहू, दीपमाला साहू, मोरध्वज साहू, पूनाराम महेश्वरी, संकुल प्रभारी भूषण वाडेकर, सुरेश शुक्ला, पीटीआई आबिक कुरैशी, मनहरण लाल पिथौरा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हसीना चंद्रवंशी, लक्ष्वंतिन बाई, नारद सिंह साहू, जगेश्वर चंद्रे, भरोसा चंद्रवंशी, नेमचंद, सुरखराम, भूषण कंवर, संजय साहू सहित अन्य मौजूद थे। यहां अतिथियों का स्वागत अंगेश्वरी बाई चंद्रवंशी, अहिल्या बाई चंद्रवंशी, राधाबाई साहू, पूर्णिमा धनकर, रोहिणी धनकर, भारती पंद्रे ने किया।

गेरुघाट में अंबेडकर भवन का लोकार्पण

विधायक छन्नी साहू ग्राम गेरुघाट में आयोजित संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में भी शामिल हुईं। इसके अलावा उन्होंने यहां अम्बेडकर भवन का भी लोकर्पण किया। यहां उन्होंने-बाबा साहेब अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया। इस दौरान पंचायत प्रतिनिधियों व ग्रामीणों की मौजूदगी में उन्होंने भवन को लोकार्पित किया। आयोजित बालक्रीड़ा प्रतियोगिता में उन्होंने बच्चों से मुलाकात की और विभिन्न खेलों को देखने के साथ ही यहां की व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि-बच्चों की प्रतियोगिता में सारे प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं। इस दौरान जिला सरपंच संघ अध्यक्ष धर्मेंद्र साहू, सरपंच गेरुघाट सेवकराम, आमगांव कुमर्दा सरपंच संजीव तुमरेकी, ग्राम पटेल चेतन कुंजाम, उपसरपंच मोहनीबाई मंडावी, सचिव सुनील कुमार उईके, रोजगार सहायक रोमन साहू, संतकुमार शांडिल्य, पंच चंद्रकला जामुलकर, फानीबाई शांडिल्य, शैलेंद्री बाई नेताम, भुवन मंडावी, रोहित कुमार मंडावी, पुनतराम कोमरे, भुमिका कंवर, ममता बाई कुंजाम, दिलीप नेताम, हेमंत उईके, भानदास साहू, शंभूराम साहू, चेतनदास मानिकपुरी, हरिशचंद्र नेताम, बीरबल नेताम सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

संसदीय सचिव चंद्राकर ने किया आइसोलेशन वार्ड का लोकार्पण

महासमुंद/नवप्रदेश। संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तुमगांव में दस बिस्तर के आइसोलेशन वार्ड का लोकार्पण, ब्लड बैंक भवन व बीस बिस्तर के वार्ड के लिए भूमिपूजन किया। इस दौरान संसदीय सचिव चंद्राकर ने कहा कि इससे क्षेत्रवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिलेगा। आज गुरूवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तुमगांव में दस बिस्तर के आइसोलेशन वार्ड का लोकार्पण, ब्लड बैंक भवन व बीस बिस्तर के वार्ड के लिए भूमिपूजन कार्यक्रम आयोजित था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर थे। अध्यक्षता नगरपंचायत अध्यक्ष राकेश चंद्राकर ने की। विशेष अतिथि के रूप में जनपद पंचायत अध्यक्ष यतेंद्र साहू, कृषि उपज मंडी अध्यक्ष हीरा बंजारे, बीज अनुसंधान समिति के संचालक दाउलाल चंद्राकर, जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री संजय शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष ढेलू निषाद, वरिष्ठ नेता अरूण चंद्राकर मौजूद थे। मुख्य अतिथि संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भूपेश सरकार द्वारा बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ जनता तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। विभिन्न योजनाओं के माध्यम से स्वास्थ्य सुविधाओं में विस्तार किया जा रहा है। शहरी क्षेत्रों में मुख्यमंत्री स्वास्थ्य स्लम योजना, महिलाओं के लिए दाई-दीदी क्लीनिक, उपचार सहायता के लिए डॉ खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना, सस्ती दवाओं के लिए धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर योजना के साथ अन्य स्वास्थ योजनाओं से बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो रही है। उन्होंने कहा कि महंगी होती स्वास्थ्य सेवाओं को गरीब से गरीब व्यक्ति की पहुंच में लाने का प्रयास राज्य सरकार द्वारा किया जा रहा है। इसी तारतम्य में धन्वंतरि मेडिकल स्टोर योजना का शुभारंभ किया गया है। यहां जेनेरिक दवाइयां 50 फीसद कम कीमत के साथ ही गुणवत्तापूर्ण दवाइयां उपलब्ध हो रही है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ओमप्रकाश यादव, कपिल साहू, गौतम सिन्हा, विजय बांधे, गजेंद्र साहू, शैलेंद्र सेन, हर्ष शर्मा, शिव यादव, गैंदलाल यादव, सलीम भाठी, नायक सर, सिद्धांत साहू सहित हॉस्पिटल स्टाफ मौजूद थे।

मंत्री अकबर करेंगे ध्वाजारोहण

कवर्धा/नवप्रदेश। गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2023 के मुख्य ध्वाजारोहण समारोह आयोजन कवर्धा के आचार्य पंथ गृंधमुनी नाम साहेब शासकीय स्नात्कोत्तर महाविद्यालय में किया जाएगा। वन, परिवहन, आवस एवं पर्यावरण मंत्री व कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर जिला मुख्यायल कवर्धा में ध्वजारोहण करेंगे। ध्वाजारोहण के बाद पुलिस और नगर सैनिकों की टुकड़ियों के द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर ली जाएगी।

कलेक्टर जनमेजय महोबे के निर्देश पर गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह की तैयारी के लिए विभागों को अलग-अलग जिम्मेदारी दी गई है। गणतंत्र दिवस 26 जनवरी की रात्रि में जिले के सभी शासकीय, सार्वजनिक भवनों, राष्ट्रीय महत्व के स्मारकों पर रोशनी की जाएगी। साथ ही सभी शासकीय और सार्वजनिक भवनों पर राष्ट्र ध्वज फहराया जाएगा। गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2022 का आयोजन पूरे जिले में गरिमापूर्ण तरीके से किया जाएगा। आयोजन के दौरान कोविड-19 से बचाव के लिए सभी निर्देशों का पालन और उपाए किए जाएंगे। जिला स्तर पर आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। ध्वजारोहण के बाद पुलिस एवं अर्द्धसैनिक बलों की टुकड़ियों द्वारा (गार्ड आफ आनर) सलामी दी जाएगी। इसके बाद जनता के नाम मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन होगा। कार्यक्रम में कोविड-19 से बचाव के लिए जारी दिशा निर्देशों का पालन किया जाएगा। जनपद पंचायत कार्यालयों में जनपद अध्यक्ष एवं नगरीय निकायों में अध्यक्षों द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। इसी तरह पंचायत मुख्यालयों में सरपंच एवं बड़े गांवों में गांव के मुखिया द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा।

तीन वर्ष के बाद निकलेगी विभागीय झांकी

कोविड़ संक्रमण के रोकथाम एवं प्रभावी नियंत्रण के तहत जारी निर्देशों के अनुरूप पिछले तीन साल से झांकी नहीं निकाली जा रही थी, तीन वर्ष के बाद इस बार विभागीय योजनओं के प्रगति को प्रदर्शित करती हुई विभिन्न विभागों के द्वारा आकर्षक झाकी निकाली जाएगी। इसके लिए वन, पशुपालन, जिला पंचायत, कृषि, महिला एवं बाल विकास विभाग लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी,स्वास्थ्य एवं जिल संसाधन सहित अन्य विभागों को को भी झांकियां तैयारी करने के निर्देश दिए है। कोविड संक्रमण के रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए जारी निर्देशों के तहत इस बार स्कूली बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन नहीं होगा।

युवा खेल को अपना लक्ष्य बनाकर खेलें तो इसमें कैरियर बना सकते हैं : चंदू साहू

जोब में आयोजित हुई जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता

राजनांदगांव/नवप्रदेश। युवा कार्यक्रम व खेल मंत्रालय के अधीनस्थ नेहरू युवा केन्द्र राजनांदगांव द्वारा विकासखंड छुरिया के ग्राम जोब में जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन हुआ। इस आयोजन में अलग-अलग विधा के खेल शामिल थे। महिलाओं के लिए कुर्सी दौड़, रस्सा-कसी, रंगोली प्रतियोगिता के साथ पुरुषों के लिए कबड्डी, जलेबी दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। समापन कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि चंदू साहू ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए विजेताओं को पुरस्कार वितरण किया।

उक्त आयोजन में कबड्डी प्रतियोगिता में क्षेत्र की कुल 21 टीमों ने हिस्सा लिया। इनमें प्रथम स्थान पर बखरूटोला, द्वितीय स्थान पर कटेंगाटोला व एसटी हॉस्टल छुरिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रस्सी खींच में हाईस्कूल की टीम प्रथम और महिला समूह जोब की टीम द्वितीय स्थान पर रही। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम नीलम, द्वितीय वंदना, तृतीय स्थान पर स्मिता रहीं। इसी तरह जलेबी दौड़ में विशाल उईके प्रथम, गलेशवर नेताम द्वितीय, गीतेश पडोटी तृतीय रहे। कुर्सी दौड़ में लोकेश्वरी बाई प्रथम, दुरपत साहू द्वितीय और तृतीय स्थान पर आशोबाई कोर्राम रहीं। समापन समारोह के मुख्य अतिथि चंदू साहू ने सभी खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि नेहरू युवा केन्द्र युवाओं को बेहतर प्लेटफार्म देने का कार्य कर रही है। खेल के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम व जागरूकता संबंधी कार्यक्रम कराने में नेहरू युवा केन्द्र अव्वल स्थान रखता है। युवाओं को खेल के माध्यम जिला स्तर व राज्य स्तर पर ले जाकर युवाओं की प्रतिभा को निखारने का जो कार्य किया जा रहा है, वह प्रशंसनीय है। जिले के युवा खेल को अपना लक्ष्य बनाकर खेलेंगे तो निश्चित ही प्रो-कबड्डी और ओलंपिक जैसे खेलों में अपना कैरियर बना सकते हैं। ऐसे कार्यक्रम का आयोजन की मेजबानी करना किसी भी ग्राम के लिए गौरान्वित करने वाला क्षण होता है। सभी प्रारूप में भाग लेने वाले समस्त खिलाड़ियों को उन्होंने बधाई दी।

इस मौके पर जिला युवा समन्वयक देवेश सिंह, जनपद सदस्य कन्हैया कोले, ग्राम पंचायत जोब सरपंच जानकी शरण श्रीवास्तव, मरकाकसा सरपंच ईश्वरी बाई, वन विभाग जोब रोशन खान, लालचंद साहू, वेदराम पटेल, कोमल सिंह, सावंत राम, ग्राम पटेल अर्जुन मंडावी व सभी ग्राम प्रमुखों, पंचगण व ग्रामवासी मौजूद थे।

अनुराग और विराग दोनों एक साथ नहीं हो सकते : शर्मा

नवागढ़/नवप्रदेश। मिश्रा पारा नवागढ़ में चल रही हरिवंश पुराण की कथा में गुरुवार को पंडित बिसाहू प्रसाद शर्मा ने सृष्टि की रचना के प्रसंग का वर्णन किया। कथा व्यास ने कहा कि सबसे पहले भगवान श्री हरि विष्णु की नाभि से कमल के फूल पर बैठे ब्रह्मा जी की उत्पत्ति हुई और भगवान श्री हरि विष्णु के आदेश के अनुसार ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना की। उन्होंने मनु और सतरूपा की उत्पत्ति की। मनु और सतरूपा से पांच संतानें दो पुत्र और तीन कन्या हुईं। कथा व्यास ने बताया कि अनुराग और विराग दोनों एक साथ नहीं हो सकते। संसार के साथ अनुराग और संसार के साथ विराग संभव नहीं। भगवान से अनुराग और संसार से विराग संभव है। अतः गृहस्थ को चाहिए कि संसार से विराग कर भगवान में अनुराग करें। उन्होंने कहा कि सात का अर्थ सत्य है और सत्य केवल परमात्मा है, यह संसार मिथ्या है। इस संसार में रहने वाला मनुष्य जीवन में परमात्मा से नश्वर वस्तु को मांगता है और फिर दुख भोगता है।

24 आरोपियों की हुई की गिरफ्तारी

कवर्धा/नवप्रदेश। बीते माह 29 दिसंबर को जिले के सिंघनपुरी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भेन्ड्रा नवागांव के बैगा पारा में शराब पकड़ने गई पुलिस पर ग्रामीणों ने हमला किया था। ग्रामीणों ने लाठी- डंडे लेकर अफसरों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। हमला उस वक्त हुआ, जब टीम कार्रवाई कर लौट रही थी। हमला करने वालों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल थे। हमला होने पर आबकारी और पुलिस की टीम किसी तरह जान बचाकर जंगल की ओर भागी। अफसरों से मारपीट के बाद ग्रामीणों ने सरकारी गाड़ियों में भी तोड़फोड़ की। इस मामले में टीम के साथ गए सिंघनपुरी थाना के प्रधान आरक्षक पेखेन्द्र जांगडे की आवेदन पर एफआईआर दर्ज किया गया था। करीब 15 से ज्यादा दिन बाद बुधवार को आरोपियों की गिरफ्तारी हुई है।

ग्रामीण खेल स्पर्धाओं से गांव के युवाओं को अपनी खेल प्रतिभा दिखाने का मिलता हैं अवसर : योगेश तिवारी

बेमेतरा/नवप्रदेश। विधानसभा क्षेत्र के ग्राम दारगांव में आयोजित ग्रामीण स्तरीय टेनिस बाल में किसान नेता योगेश तिवारी बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. एनके तिवारी, भूपेश्वरी राय सरपंच, कृपा रात्रे शिक्षक, निहाल साहू उपस्थित थे। इस अवसर पर किसान नेता ने श्री कृष्ण की पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों के समृद्धि व खुशहाली की कामना किये। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए किसाान नेता ने कहा कि मड़ई मेला के जरिए छत्तीसगढ़ की पुरातन परंपरा को सहेजने का काम किया जा रहा हैं। इस तरह के आयोजनों से आज की युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति व धर्म से अवगत होने का अवसर मिलता हैं। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल में हार-जीत लगी रहती हैं, लेकिन हार से निराश न होकर भविष्य में जीत के लिए प्रयासरत रहना चाहिए।ग्रामीण स्तर पर हो रही खेल स्पर्धाओं से गांव के युवाओं को अपनी खेल प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता हैं। इन मंचों के माध्यम से ही गांव के युवा बड़े टूर्नामेंट राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहुंचकर अपने गांव और जिले का नाम रोशन करते हैं।क्रिकेट स्पर्धा के समापन पर मुख्य अतिथि ने विजेता व उपविजेता टीम को पुरस्कार वितरण किया। इस दौरान जितेंद्र साहू जनपद सदस्य धमधा, अघनुराम, बाबूलाल लहरे, हेमंत साहू गौटिया, मनोज साहू उपसरपंच, अमरचंद रात्रे, डीलेश साहू, बच्चन साहू, बोधीराम साहू, संजू बारले, मनोज सिन्हा, बलराम राय, नरेश राय, गजेंद्र साहू, उत्तम धीवर, धरम देवागन, ओपी साहू, टिक्कू, पीलू, चुम्मन, नुपेंद्र, ऋतु, अनिल, दिलेश्वर, राजा, सौरभ, उत्तम, राहुल, महेंद्र, राजू, योगी, केशव, रामशरण, यशवंत, पिंटू, रोशन, टिकेंद्र, , हुलाश, गोलू साहू, बीरबल निर्मलकर, गुड्डा साहू, किशन यादव, पुनाराम पटेल, विक्की तिवारी, सुदामा साहू समेत दारगांव के ग्रामीण उपस्थित थे।

अमृतसरोवर योजना के निरीक्षण में पहुंची : प्रज्ञा

बेमेतरा/नवप्रदेश। बिरमपुर में मनरेगा के तहत 20 लाख के स्वीकृत मद से चल रहें अमृत सरोवर योजना के खुदाई कार्य के निरीक्षण के लिए जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने कार्यस्थल पहुँचकर श्रमिक महिलाओं और पुरुषों के बीच पहुँची, कार्यरत श्रमिकों ने तकनीकी सहायक गुंजा यादव की शिकायत करते हुए कहा कि कार्य प्रारंभ हुए 15 दिन से अधिक हो गए हैं, पर वो एक दिन भी कार्यस्थल पर निरीक्षण के लिए नहीं आई हैं। जिला पंचायत सदस्य ने उन्हें फ़ोन कर समय समय पर निरीक्षण और मार्गदर्शन के लिए आने को कहा, रोजगार सहायक अशोक ध्रुव ने उपस्थित मनरेगा श्रमिकों की उपस्थिति पंजी दिखा, मस्टर रोल की जानकारी दी। सरपंच संजय जोशी ने कहा कि श्रमिकों को भुगतान कम किया जाता हैं, इसके बावजूद 6 महीने में कुल 57 लाख के काम हुए हैं। श्रमिकों संबोधित करते हुए प्रज्ञा निर्वाणी ने कहा कि आप सभी अपने हिस्से की ईमानदारी निभाएं, यह अमृत सरोवर जो बन रहा हैं, वह आपको ही उपयोग करना हैं, कोई बाहर वाले के लिए नहीं हैं। सरकार आपके काम के लिए आपको पैसे दे रही हैं, अगर तय माप दण्ड के अनुसार काम होगा उसके बावजूद भुगतान कम हो तो मैं आपके साथ जा कर धरने में बैठ जाऊंगी, पर धरने और आंदोलन के लिए सच की ताकत चाहिए। मैं वादा करती हूं कि जायज काम का कम भुगतान नहीं होने दूँगी, आप सब भी इस बात को जान ले कि अपने काम को पूरी ईमानदारी से करना ही राष्ट्र सेवा और छत्तीसगढ़ महतारी की सेवा हैं। कार्यरत मनरेगा श्रमिकों और मेट प्रदीप मिश्रा, अमृत बाई, आजुराम, बाबूराम, जनकु, अलख, हेमलाल, पुष्पा बाई, लीलावती, कृपाराम, निर्मला, अघनिया, दौलत, थानेश्वरी, डोमन, पुरषोत्तम, कृपाराम, हरिराम, शकुन, थानसिंह, गौकरण, बिहारी मिश्रा, सरोजनी, कौशल्या, डेलू साहू, उर्मिला निषाद ने मनरेगा के तय मानकों के हिसाब से काम करने का संकल्प लिया। जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने खुद टेप मीटर लेकर सरपंच के साथ खुदाई हो रहे मिट्टी का नाप लिया, उन्होंने मनरेगा स्थल पर कंटेंजेन्सी फण्ड के तहत किसी भी प्रकार की सुविधा नहीं होने पर रोष जाहिर करते हुए सरपंच संजय जोशी के प्रयासों की सराहना की।

प्रशांत को मिला विहिप के गौरक्षा प्रांत संयोजक का दायित्व

राजनांदगांव/नवप्रदेश। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के शीर्ष नेतृत्व द्वारा विहिप प्रांत मंत्री विभूति भूषण पांडे एवं बजरंग दल प्रांत संयोजक ऋषि मिश्रा की अनुशंसा पर राजनांदगांव के प्रशांत दुबे को गौ रक्षा के प्रदेश संयोजक का दायित्व प्रदान किया गया है। दुबे काफी लंबे समय से बजरंग दल में अपनी धार्मिक सेवाएं समाज में प्रदान कर रहे हैं, जिन्हें समाज के हिंदूजन सशक्त एवं मजबूत हुए है। इन सेवाओं से वे नगर संयोजक से लेकर विभाग संयोजक तक के पद पर अपने संगठन की विचारधारा एवं कार्यों का वहन किया। गौ रक्षा के क्षेत्र में बजरंग दल गौ रक्षा विभाग की सेवाओं से राजनांदगांव के समस्त नागरिक भली-भांति वंचित हैं। राजनांदगांव की सनातनी युवाओं को संगठित करने में दुवे का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। नवीन दायित्व के साथ विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के समस्त बजरंगियों ने दुबे को शुभकामनाएं प्रेषित की। नवनियुक्त दुबे ने बताया कि प्रदेश में गौ माताओं का दुर्गति की चरम सीमा पर है, यहां गौपालन से लेकर पशु चिकित्सा सारी व्यवस्थाएं चरमरा गई है। कानून की सारी सीमाएं लांघ कर तस्कर गौमाताओं की धड़ल्ले से तस्करी कर रहे हैं। गौवंश के ऐसी स्थिति को लेकर बजरंग दल संगठन के गतिविधियों, रूपरेखा के माध्यम से आंदोलन करेगा तथा गौ को छत्तीसगढ़ में सशक्त स्थान दिलाएगा।

कबीरधाम के दिव्यांग एथलीटों ने राज्य स्तरीय स्पर्धा में किया कमाल

- 21 स्वर्ण पदक जीतकर जिले को किया गौरवान्वित

कवर्धा/नवप्रदेश। 13 वीं राज्य स्तरीय पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता स्वामी विवेकानंद एथलेटिक्स मैदान कोटा रायपुर में दिनांक 15 से16 जनवरी 2023 को आयोजित की गई। प्रतियोगिता में कबीरधाम जिले के 15 दिव्यांग खिलाड़ी एवं कोच व मैनेजर ने प्रतिस्पर्धा में भाग लिया। स्वामी विवेकानंद एथलेटिक स्टेडियम कोटा रायपुर में आयोजित 13वीं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता का समापन हो गया है। स्पर्धा में कबीरधाम जिले का दबदबा रहा। वहीं, रायपुर के खिलाड़ियों द्वारा भी जबरदस्त प्रदर्शन देखने को मिला। प्रतियोगिता में सबसे ज्यादा मेडल कबीरधाम जिले को मिला। दूसरे स्थान पर महासमुंद और तीसरे स्थान रायपुर का टीम रहा। राज्य के लगभग सभी जिलों से आए पैरा एथलिट खिलाड़ियों ने अपना पूरा दमखम दिखाया।

कबीरधाम जिले के दिव्यांग खिलाड़ियों ने वाकई कमाल कर दिया। फोर्स एकेडमी कबीरधाम के दिव्यांग एथलीटों ने दिखाया दम 21 गोल्ड मेडल प्राप्त कर जिले को गौरवान्वित कर दिया 21स्वर्ण पदक पदक सहित कुल 26पदक प्राप्त कर छत्तीसगढ़ में कबीरधाम जिला प्रथम स्थान रहा और टीम चैंपियनशिप प्राप्त किया छोटी मेहरा 2 स्वर्ण पदक (गोला फेंक ,चक्र फेंक) संगीता मसीह 3 स्वर्ण पदक (गोला फेंक, चक्र फेंक लंबी, कूद) शिवकिंकर नेताम 3 स्वर्ण पदक (गोला फेंक, भाला फेंक, चक्र फेंक) सुखनंदन निषाद 3 स्वर्ण पदक (लंबी कूद, ऊंची कूद, 100मीटर दौड़) अनिल कुमार 2 स्वर्ण पदक (भाला फेंक ,गोला फेंक) देवसिह अहिरे 2 रजत पदक (गोला फेंक ,भाला फेंक) कविता बंजारे 3 स्वर्ण पदक (लंबी कूद, 100 मीटर ,200 मीटर दौड़) अजय कुमार 1 स्वर्ण पदक (भाला फेंक) हरेंद्र कुमार चंद्रवंशी 3 पदक (2 स्वर्ण गोला फेंक 100मीटर,1 काष्य पदक लंबी कूद) केशव टंडन 2 स्वर्ण पदक (गोला फेंक ,भाला फेंक) थानुराम 1 स्वर्ण पदक (चक्र फेंक) राजू सोनवानी 1 काष्य पदक (गोला फेंक) कबीरधाम टीम के साथ टीम कोच प्रधान आरक्षक वसीम रजा कुरैशी एवं टीम मैनेजर सरजू कोसले शामिल हुए थे। जिनके द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि कबीरधाम जिले के पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उमेद सिंह के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनीषा ठाकुर रावटे तथा उप. पुलिस अधीक्षक मुख्यालय कौशल किशोर वासनिक के मार्गदर्शन व रक्षित निरीक्षक महेश्वर सिंह के कुशल दिशा निर्देश पर कल्पत्री स्टेडियम में पूर्व कई वर्षो से विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं/भर्ती प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा

भाटापारा/नवप्रदेश। प्रगतिशील कृषि उत्पादक सहकारी समिति मर्यादित भाटापारा के सी.ई.ओ. नवनीत डहरिया ने बताया कि समिति के चुनाव के लिए राज्य सहकारी निर्वाचन आयोग रायपुर, (छ.ग.) के द्वारा रिटर्निंग अधिकारी के रूप में ए.के.सुर्यवंशी (वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक) को बनाया गया हैं। इनके द्वारा समिति मंडल के निर्वाचित किये जाने वाले सदस्यों की कुल संख्या 11 घोषित की गई हैं जिसमे अनारक्षित वर्ग के 06 सदस्य, अनुसूचित जाति वर्ग के 01(महिला)सदस्य,अनुसूचित जनजाति वर्ग के 01(महिला) सदस्य, तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के 03 सदस्य होंगे। इन सभी सदस्यों के नामांकन पत्र 24-जनवरी को समय 12 बजे से 3 बजे तक,प्रस्तुत करने होंगे,नामांकन पत्रों की जांच एवं वैध नामांकन पत्रों की सूची 25-जनवरी को समय 12 बजे से 3 बजे तक, होंगें। नामांकन पत्रों की वापसी तथा अंतिम उम्मीदवारो की सूची 25-01-2023 को 3 बजे से 4 बजे तक होगी। विशेष साधारण सम्मिलित में चुनाव 02-02-2023 को 12 बजे से 3 बजे तक होंगी।रिक्त पदों का सहयोजन 03-02.2023 को होंगी। अध्यक्ष/ उपाध्यक्ष एवं अन्य सोसायटी के प्रतिनिधियों तथा अन्य पदाधिकारियों के निर्वाचन की सूचना 03-02-2023 को 12 बजे से 3 बजे तक होगी। अध्यक्ष / उपाध्यक्ष एवं अन्य सोसायटी के प्रतिनिधियों तथा अन्य पदाधिकारियों का निर्वाचन 06-फरवरी को 12 बजे से 3 बजे तक प्रगतिशील कृषि उत्पादक सहकारी समिति भाटापारा के कार्यालय में होगा।

बोड़तरा में क्रिकेट का शुभारंभ

भाटापारा/नवप्रदेश। समीपस्थ ग्राम पंचायत बोड़तरा में क्रिकेट का शुभारंभ मुख्य अतिथि इंजिनियर के के देवांगन एवम विशेष अतिथि

डॉक्टर विकास आडील के द्वारा श्रीफल तोड़कर किया गया। उदघाटन मैच दावन बोड़ और बोड़तरा के बीच हुआ।इस आयोजन के लिए अतिथियों द्वारा आयोजक सौरभ आडील को ऐसे कार्यक्रम के आयोजन के लिए बधाई और शुभकामनाए दिए।

कमलाकांत शुक्ला इंस्टिट्यूट ने नेत्ररोग शिविर लगाई

भाटापारा/नवप्रदेश। कमलाकांत शुक्ला इंस्टिट्यूट के तत्वाधान में सिविल अस्पताल भाटापारा के डॉक्टरों द्वारा शासकीय पंचम दीवान कन्या शाला में निशुल्क नेत्र एवं रक्त जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे नेत्र रोग सहायक अधिकारी डॉक्टर किस्मत गुलेरी एवं डॉक्टर रशनि छत्रे द्वारा निशुल्क नेत्र परीक्षण एवं रक्त जाच की गई। उक्त संबंध में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक गण पूर्णिमा कौशिक एवं प्रवीण विश्वास ने बताया कि शिविर में 120 से अधिक छात्राओं का नेत्र परीक्षण एवं 150 से अधिक छात्राओं का रक्त जांच किया गया जांच शिविर में 5 छात्राओं में दृष्टि दोष पाया गया जिन्हें शासन के योजना अंतर्गत चश्मे का वितरण किया जाएगा शिविर के आयोजन हेतु पंचम दीवान कन्या शाला के प्रधानाचार्य शैलेंद्र नामदेव एवं समस्त शिक्षकों का सहयोग प्राप्त हुआ तथा इस अवसर पर महाविद्यालय के बीएड अंतिम वर्ष के प्रशिक्षार्थी वालंटियर के रूप में उपस्थित रहे।

70 लाख का फर्जीवाड़ा, मंत्री से शिकायत

■ **नजूल पट्टे की आवासीय भूमि के नवीनीकरण पर भी फर्जीवाड़ा : रूपेश दुबे**

राजनांदगांव/नवप्रदेश। पूर्ववर्ती भाजपा सरकार में फर्जीवाड़ा की लंबी फेहरिस्त राजनांदगांव में है इसी क्रम में नर्सिंग कॉलेज के किराया के नाम पर भाजपा के नेता को लाखों रुपए का फायदा पहुंचाने संबंधी शिकायत दस्तावेजों के साथ प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री टी एस सिंहदेव से उनके राजनांदगांव आगमन पर प्रदेश कांग्रेस विधि विभाग के महामंत्री व जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने की है।

प्रवक्ता रूपेश दुबे ने बताया कि बलदेव बाग में स्थित नर्सिंग कॉलेज जिस स्थान पर संचालित है वह नजूल आवासीय पट्टे की निवासार्थ भूमि है जिसमें व्यवसायिक उपयोग कर इंजीनियर एवं भूमि स्वामी शेखर साहू ने फर्जीवाड़ा कर शासन को 70 लाख से भी अधिक राशि का चुना लगाया है दस्तावेजों के बारे में सिलसिलेवार रूपेश दुबे ने बताया कि नर्सिंग कॉलेज संचालन एवं छात्रावास के लिए 26 अप्रैल 2015 को निर्धारित क्षेत्रफल के भवन की आवश्यकता हेतु विज्ञापन निकाली गई थी



लेकिन पूर्ववर्ती भाजपा सरकार के द्वारा अंधेर गर्दी करते हुए अपने भाजपा के कार्यकर्ता को अवैध लाभ पहुंचाने के लिए विज्ञापन के मापदंड के विपरीत छोटे-छोटे कमरों के मकान में कालेज संचालन करा कर जहां शिक्षा में बाधा उत्पन्न करने का कार्य किया है वही बिना भाड़ा नियंत्रण अधिकारी से किराया निर्धारित कराए पीडब्लूडी से सांठगांठ कर 88 हजार 752 रु प्रतिमाह के दर पर अनुबंध कर उसका भुगतान प्रारंभ कर दिया जिससे आज तक लगभग 70 लाख से भी अधिक राशि की क्षति सरकार को हुई है और तो और यह नजूल में आवासीय पट्टे भूमि के रूप में दर्ज होने के बाद पट्टा नवीनीकरण के लिए जब आवेदन प्रस्तुत किया गया तो उक्त इंजीनियर के द्वारा नजूल विभाग के साथ सांठगांठ कर आवासीय पट्टे की भूमि को व्यवसायिक (किराया) देने के बाद भी नजूल राजस्व निरीक्षक से प्रयोजन में परिवर्तन नहीं होना और आवासीय बता कर पट्टा का नवीनीकरण करा कर शासन के साथ जो छल और धोखा किया उसके भी दस्तावेज शिकायत पत्र के साथ संलग्न कर स्वास्थ्य मंत्री को दिया गया है। उनके इस मामले में संलिप्त नर्सिंग कॉलेज, चिकित्सा शिक्षा विभाग, पीडब्लूडी, नजूल विभाग के लोगो के विरुद्ध शिकायत किए जाने पर सजग स्वास्थ्य मंत्री ने मामले की गंभीरता को देखते हुए कार्यवाही करने को आश्वस्त किया है।

शिवसेना जिलाध्यक्ष वैष्णव का मनाया जन्मदिन

भटगांव/नवप्रदेश। सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिलाध्यक्ष शिवसेना संगठन गगन वैष्णव के द्वारा अपने जन्मदिन पर जिड़ अवस्था में पढ़े रहे मंदिरों की साफ-सफाई कर रंग रोगन किया तथा नगर से सटे 4 किलोमीटर की दूरी पर माता हिंगलाज की मंदिर जाकर जन्मदिन के अवसर पर माथा टेका और रेस्ट हाउस केक काटकर जन्मदिन मनाया।

2 निर्माण कार्यों के लिए 10 लाख स्वीकृति

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिले के प्रभारी मंत्री श्री अमरजीत भगत के अनुशंसा पर कलेक्टर श्री प्रभात मलिक ने 2 निर्माण कार्य हेतु 10 लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत छुरा अंतर्गत ग्राम पंचायत खरखरा के ग्राम पण्डरीपानी में कचना धुरवा महाविद्यालय छुरा में आहाता निर्माण कार्य हेतु 5 लाख रूपये स्वीकृति दी गई है। इसी प्रकार ग्राम पंचायत पाण्डुका में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 5 लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। क्रियान्वयन एजेंसी का दायित्व संबंधित जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को दिया गया है।

प्रदेश सरकार की किसान विरोधी और कांटामारी नीति से ठगे जा रहे गन्ना उत्पाक किसान : चन्द्राकर

■ **भाजपा किसान मोर्चा ने 6 बिंदुओं पर सौंपा राज्यपाल के नाम ज्ञापन**

कवर्धा/नवप्रदेश। भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष भुनेश्वर चन्द्राकर के नेतृत्व में गुरूवार को जिले के गन्ना उत्पादक किसानो की ज्वलंत मांगों व समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन प्रदेश के राज्यपाल के नाम सीधे जिला कलेक्टर को सौंपा गया। भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष श्री चन्द्राकर ने गन्ना उत्पादक किसानो की कुल 6 अतिमहत्वपूर्ण मांगों पर शासन, प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए बताया कि प्रदेश सरकार की किसान विरोधी और कांटामारी नीति तथा कुशल नेतृत्व क्षमता के आभाव में गन्ना उत्पादक किसानो को उनकी फसल का बाजिब दाम नहीं मिल रहा है। आलम ये है कि जिले के करीब 70 प्रतिशत गन्ना उत्पादक किसान आज भी अपनी फसल निजी गुड़ फैक्ट्री संचालकों के पास औने पौने दामों में बेंचने पर मजबूर हैं वहीं जो करीब 30 प्रतिशत किसान जिले के सहकारी शक्कर उत्पादक कारखानों में अपनी फसल बेंच रहे हैं उनसे भी करीब 355 रूपए प्रति क्विंटल के भाव से गन्ना की खरीदी की जा रही है जो आज की कमर तोड़ मंहगाई में

लागत मूल्य के हिसाब से काफी कम है। श्री चन्द्राकर ने कहा कि गन्ना उत्पादक किसानो की इन्ही तमाम समस्याओं और मांगों को लेकर भाजपा किसान मोर्चा ने आज प्रदेश के राज्यपाल के नाम सीधे जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। उन्होने बताया कि ज्ञापन में मुख्य रूप से जिले के दोनों सहकारी शक्कर कारखाना के पंजीकृत किसानो को गन्ना पेराई सत्र 2021-22 के बकाया बोनस की राशि का भुगतान जल्द से जल्द किसानो के खातों में किए जाने, प्रदेश में कांग्रेस नेतृत्व वाली भूपेश सरकार द्वारा किसानो के लिए की गई घोषणा के अनुरूप धान के अलावा अन्य फसल लेने वाले तमाम किसानो को राजीव गांधी न्याय योजना के तहत प्रति एकड़ 9000 (नौ हजार रुपए) की दर से जल्द से जल्द राशि का भुगतान किए जाने, जिले के दोनों सहकारी शक्कर कारखाना में शेयर धारक गन्ना किसानों को राजीव गांधी न्याय योजना का उचित लाभ दिलाए जाने, गन्ना शेयर धारक किसानों के गन्ने का सही संयोजन कर शेयर धारक किसानों के बचे हुए रकबे का गन्ना किसानों द्वारा गुड़ उद्योग मे बेचा गया है उन सभी किसान भाइयों को राजीव गांधी न्याय योजना का लाभ दिए जाने तथा तत्काल उनके खाते में प्रति एकड़ 9000 रूपए की राशि के हिसाब से भुगतान किए जाने, जिले के दोनों सहकारी शक्कर कारखाना के शेयर धारक किसान जो एक से अधिक शेयर धारक है ऐसे शेयर धारक किसानो को परिवार के सदस्यों के नाम से शेयर ट्रांसफर करने की अनुमति प्रदान करने तथा जिले में लगातार बढ़ रहे गन्ना के रकबे को देखते हुए दोनों ही सहकारी शक्कर उत्पादक कारखानों में शेयरों की संख्या बढ़ाए जाने की मांग को शामिल किया गया है।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद खरोरा इकाई ने मनाया युवा दिवस

■ **सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ ही प्रतिभावान बच्चों का किया गया सम्मान**

खरोरा/नवप्रदेश। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद खरोरा इकाई व्दारा युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानन्द के जयंती पर आज युवा दिवस मनाया गया। स्थानीय मंगल भवन में भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद जी के पुजा अर्चना पश्चात कार्यक्रम की शुरूआत की गई।

कार्यक्रम के दौरान खरोरा हाईस्कूल, शिशु मंदिर एवं रियल पब्लिक स्कूल के बच्चों व्दारा देशभक्ति गीतों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजीव अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि स्वामी विवेकानंद के प्रयासों से दुनिया के कोने कोने में भारतीय संस्कृति व सभ्यता का प्रचार प्रसार हुआ हैं, उन्होंने युवाओं को स्वामी विवेकानंद के जीवन से प्रेरणा लेकर उनके दिखाए मार्ग पर चलने को प्रेरित किया। वही कार्यक्रम में उपस्थित नपं अध्यक्ष अनिल सोनी, सेवानिवृत्त शिक्षक सिताराम यादव ने स्वामी विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश

डालते हुवे कहॉ की युवाओ को स्वामी विवेकानंद के बताये मार्ग पर चलने की ज़रूरत है, क्योंकि युवा देश के भविष्य हैं जब युवा सही दिशा पर चलते हैं तो इससे देश का भविष्य समृद्ध और मज़बूत होगा। कार्यक्रम के दौरान केन्द्रीय रेलवे बोर्ड के सदस्य डॉ गुलाब टिकरिहा, तिल्दा जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष टिकेश्वर मनहरे, उपप्राचार्य हरीस देवांगन, सरस्वती शिशु मंदिर के प्राचार्य अश्वनी पाटकर, पुर्व सैनिक डी. आर. वर्मा, पुर्व पार्षद विकास ठाकुर, विद्यार्थी परिषद के ज़िला संयोजक राधेश्याम साहू आदी अतिथियों व्दारा खरोरा सहित आस-पास के स्कूलों के प्रतिभावान बच्चों को प्रशस्ति पत्र एवं प्रतिक चिन्ह देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित पुर्व सैनिक महेश वर्मा, खिलेन्द्र सिंह वर्मा, टेकराम वर्मा, हितेश सेन सहित नगर सेवानिवृत्त शिक्षक उपस्थित थे इनका विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं व्दारा शाल श्रीफल भेट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दौरान सुबोध सेन, सुमीत सेन, जयप्रकाश वर्मा, देव देवांगन, आकाश गिल्हरे, तामेश्वर मरकाम सहित विद्यार्थी परिषद के ज़िला सहसंयोजक अंजली गिरी, नगरमंत्री जानी डहरीया, शेलप्रभा देवांगन, काजल देवांगन, शिवम साहू, कोमल नायक, कुलदीप जांगड़े, हेमंत देवांगन, गणेश देवांगन, हेमराज सेन, सन्नी सिन्हा, लिलेश साहू, युवराज साहू, ठाकुर देवांगन, आदी लोगों सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता एवं छात्र छात्राएँ उपस्थित थे।

प्रथम पृष्ठ का शेष

युवा क्रिकेटर बेसिक ...

ओर सभी साथियों ने मुझे बधाई दी। मुझे यह नहीं पता था कि वह सिक्सर मुझे आज भी क्रिकेट प्रेमियों के दिलों दिमाग में बनाए रखेगा और मुझे उसका प्यार मुझे मिलता रहेगा।

प्रश्न - भारत और पाकिस्तान के मैचों को आप किस तरह से देखते हैं?

उत्तर-यदि ईमानदारी से कहा जाए तो दोनों देशों के खिलाड़ियों पर मैच जीतने का एक अलग ही दबाव होता है। और यह दबाव हम पर बोर्ड या टीम की तरफ से नहीं रहता, बल्कि क्रिकेट प्रेमियों और हमारे चाहने वालों की तरफ से होता है। भारत-पाकिस्तान के बीच बहुत पहले से प्रतिद्वंदिता चली आ रही है। यह प्रतिद्वंदिता हमें उत्साहित भी करती है। क्रिकेट के खेल में कोई एक ही टीम जीत सकती है। दूसरी टीम हारेगी ही, इसलिए क्रिकेट प्रेमियों को इसे खेल भावना के तौर पर स्वीकार करना चाहिए।

प्रश्न - टीम इंडिया के वर्तमान हालात पर चर्चा करना चाहूंगा। पिछले कुछ समय से हमारे बल्लेबाज सामने वाली टीम के स्पिनरों के सामने असहज हो रहे हैं, परेशान हो रहे हैं। इस पर आप क्या कहना चाहेंगे?

उत्तर - इस पर मैं यह कहना चाहूंगा कि गत कुछ समय से टी20 फॉर्मेट और इसकी बहुत सी लीग आने से युवा क्रिकेटरों की बेसिक कोचिंग का तरीका बदला है। पहले के युवा क्रिकेटरों की बेसिक कोचिंग टेस्ट और एकदिवसीय मैचों के मुताबिक होती थी। अब फटाफट क्रिकेट में कामयाब होने की होड़ ने युवाओं में क्रिकेट को काफी प्रभावित किया है। उनका खेलने का तरीका भी बदल गया है। कोचिंग के तरीकों में भी बदलाव नजर आने लगा है। जिस खिलाड़ी ने सिर्फ टी20 फॉर्मेट को अपनाया है, उसका दूसरे फॉर्मेट में सफल होना आसान नहीं रहा। जो खिलाड़ी अपना बेस मजबूत रखेगा वह सभी फॉर्मेट में सफल होगा। इस पर मेरा सीधा कथन है कि कोई भी टेस्ट क्रिकेटर टी20 क्रिकेट आसानी से खेल सकता है, पर टी20 स्पेशलिस्ट आसानी से टेस्ट नही खेल सकता।

प्रश्न - आगामी वन डे विश्व कप जो इस बार अक्टूबर नवंबर में खेला जाएगा, उसमें डयू फैक्टर को देखते हुए टीम इंडिया का स्पिन गेंदबाजी कॉम्बिनेशन किस तरह से हो सकता है?

उत्तर - स्पिनरों को ज्यादा मेहनत करनी होगी और सबसे बड़ी बात जो मैं देखता हूँ कि आज के समय के स्पिनर मैदान के बाहर कोच पर बहुत निर्भर हैं। मैदान में कप्तान पर उनकी निर्भरता बढ़ जाती है। हमारे वक्त कप्तान ने हमें छूट देते थे कि आप अपनी सोच और सामने वाले बल्लेबाज के खेल के हिसाब से अपनी प्लानिंग करें। इसी तरह इन्हें खुद की सोच बढ़ानी होगी। कुछ रचनात्मक करना होगा और उन्हें अपनी स्ट्रैटेजी बनानी होगी।

प्रश्न- ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध अगली टेस्ट सीरीज में हमारी टीम की स्ट्रेटजी किस तरह की होनी चाहिए, क्योंकि हमें वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बनाने के लिए 4 में से 3 टेस्ट जीतना जरूरी है?

उत्तर - टीम इंडिया को ध्यान रखना होगा कि ऑस्ट्रेलियाई टीम इस सीरीज में पूरी तैयारी के साथ आएगी। उनके पास अच्छे बल्लेबाज, अच्छे तेज गेंदबाज हैं। नाथन लायन सरीखे श्रेष्ठ ऑफ स्पिनर भी है हमारे बल्लेबाजों को काफी दमखम दिखाना होगा। यहां सबसे बडी जिम्मेदारी कोच राहुल द्रविड़ पर होगी। जहां तक मैं उनको जानता हूँ, वे पूरी तरह से टीम इंडिया को इस सीरीज के लिए तैयार करेंगे ।

प्रश्न - आज के तेज रफ्तार क्रिकेटिंग दौर में नवोदित बच्चों को और युवाओं को क्या संदेश देना चाहते है?

उत्तर - सबसे पहले तो युवाओं को ये तय करना है कि वे क्या करना चाहते हैं। क्या वे क्रिकेट खेलना चाहते है या सिर्फ टी20 फॉर्मेट में फोकस करना चाहते हैं। साथ ही कोच और संबंधित क्रिकेट संघ का मैनेजमेंट क्या चाहता है, यह जानना भी बहुत महत्वपूर्ण है। मेरा यही कहना है कि क्रिकेट खेलों और अपना बेस मजबूत करो उसके बाद सभी फॉरमेट में सफल हो सकते हैं।

प्रश्न - 21 जनवरी को छत्तीसगढ़ के इतिहास में पहला एकदिवसीय अंतराष्ट्रीय मैच रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह क्रिकेट स्टेडियम में होने जा रहा है। इसे आप किस तरह देखते है?

उत्तर - बहुत गर्व और खुशी की बात है कि इतनी बड़े आयोजन की जिम्मेदारी छत्तीसगढ़ को मिली है। इस जिम्मेदारी को आगे लगातार निभाने के लिए बहुत प्लानिंग करनी होगी। मैं पूरे छत्तीसगढ़ वासियों और छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ को इसके लिए बधाई देना चाहूंगा कि गत 20 वर्षों से राज्य में क्रिकेट को आगे बढ़ाने के लिए जो मेहनत हुई है, उसी मेहनत का यह सकारात्मक परिणाम हमे मिला है। छत्तीसगढ़ के जो बच्चे और बच्चियां जो क्रिकेट में आगे जाना चाहते हैं, यह आयोजन उनके लिए भी मील का पत्थर साबित होगा। अभी महिला आईपीएल की भी शुरुआत हो रही है, जिससे महिला क्रिकेटरों के लिए भी आगे बढ़ने के लिए बहुत अधिक रास्ते बनेंगे। इसी के साथ मैं इस नववर्ष में टीम इंडिया को शुभकामनाएं देना चाहता हूँ कि यह वर्ष उनके लिए बहुत अच्छा और ऐतिहासिक साबित हो।

चुनावी बजट पर मंत्रियों ...

की प्रोफाइल में जुड़े विभागों की योजना और प्रस्तावों पर बात की जाएगी। इस साल छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव होना है। ऐसे में सरकार हर वर्ग को साधने की कोशिश करेगी। पिछले महीने से ही सभी विभाग प्रमुख अपने-अपने विभागों को लेकर काम में जुटे हुए हैं।

मुगलकालीन दुर्लभ...

पारख उप-संचालक, डॉ. वृषोत्तम साहू उत्खनन सहायक एवं डॉ. राजीव मिंज तथा डोंगरगांव के अनुविभागीय अधिकारी द्वारा डोंगरगांव थाना प्रभारी बरेठ के पास जमा पुरावशेषों व प्राप्ति स्थल का निरीक्षण किया गया। पुरावशेषों के सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए, महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय रायपुर में संग्रह हेतु कार्यवाही की जा रही है। संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग के संचालक आचार्य ने बताया कि राजनान्दगांव जिले के ग्राम बाजार नवागांव से प्राप्त चांदी के सिक्के पर प्रथम दृष्टया मुगलकालीन शासक अहमद शाह बहादुर के काल में जारी हुए प्रतीत होते हैं, जो कटक टकसाल में बने हैं।

ठगी का शिकार बनी ...

कार्यालय में रखे सामान उठा ले गए। वहीं कुछ लोगों ने कार्यालय में पथराव कर शीशे को नुकसान पहुंचाया है। घटना की खबर पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और उन्होने महिलाओं व उनके परिवार के सदस्यों को समझा-बुझाकर शांत करवाया। बाद में पीड़ित महिलाओं ने रैली की शक्ल में कोतवाली थाना पहुंचकर कंपनी संचालक के खिलाफशिकायत की है। फिलहाल फरार कंपनी संचालक सानू कुमार का का कुछ पता नहीं चल पाया है। उसे बिहार का निवासी बताया जा रहा है। इसके अलावा पीड़ित महिलाएं कंपनी संचालक के संबंध में कुछ भी जानकारी देने में असमर्थ है।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग

उद्घोषणा

अ-2/2022-23

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका सुधा दास पति अजय कुमार दास निवासी-पुरानी सिविल लाईन दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम मालूद प.ह.नं. 02 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 288 रकबा 0.0600 हे. (आवासीय) प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा. सं. की धारा 59 (2) के तहत पुर्ननिर्धारण बाबत आवेदन प्रस्तुत किया है जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत माध्यम के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 17/01/2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

सील | **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग

उद्घोषणा

अ-2/2022-23

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि केदारनाथ वर्मा आ. के.आर. वर्मा निवासी-सेक्टर 06 भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम सिकोला प.ह.नं. 17/8 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 621/126 रकबा 0.0140 हे. 1500 (आवासीय) प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा. सं. की धारा 59 (2) के तहत पुर्ननिर्धारण बाबत आवेदन प्रस्तुत किया है जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत माध्यम के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 18/01/2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

सील | **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग

उद्घोषणा

अ-2/2022-23

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका दीपिका त्रिपाठी पति कमलेश्वर प्रसाद त्रिपाठी निवासी-कोकड़ी द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम सिकोला प.ह.नं. 17/8 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 133/29 रकबा 0.008 हे. 900 (आवासीय) प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा. सं. की धारा 59 (2) के तहत पुर्ननिर्धारण बाबत आवेदन प्रस्तुत किया है जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत माध्यम के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 18/01/2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

सील | **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग

उद्घोषणा पत्र

अ-2/ 2022-23

श्री पंकज ध्रुव

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री पंकज ध्रुव आ. श्री नारदराम निवासी- सेक्टर 05 भिलाई द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन एवं पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. सं. 1959 की धारा 172/59 (2) (5) के तहत इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा (क्षेत्रफल)	प्रयोजन
धनोरा प.ह.न. 39 तह. व जिला दुर्ग	1017/31	0.023हे. 2475 वर्गफीट	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 28.12.2022 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर | **अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग

उद्घोषणा पत्र

अ-2/ 2022-23

दामिनी चन्द्राकर

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका दामिनी चन्द्राकर आ. श्री एल.एन. चन्द्राकर निवासी-मैत्री नगर रिसाली भिलाई जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन एवं पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. सं. 1959 की धारा 172/59 (2) (5) के तहत इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा (क्षेत्रफल)	प्रयोजन
उमरपोटी प.ह.न. 42 तह. व जिला दुर्ग	216/18	0.011हे. 1232 वर्गफीट	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 17.01.2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर | **अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग

उद्घोषणा पत्र

अ-2/ 2022-23

हार्वेस्ट मिशन फार अध्यक्ष- जान जोसफ

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक हार्वेस्ट मिशन फार अध्यक्ष जान जोसफ आ. स्व. एलीशन जोसफ निवासी-ग्राम जुनवानी भिलाई जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन एवं पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. सं. 1959 की धारा 172/59 (2) (5) के तहत इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा (क्षेत्रफल)	प्रयोजन
जुनवानी प.ह.न. 53 तह. व जिला दुर्ग	993	0.030 हे. 3600 वर्गफीट	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 17.01.2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर | **अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग

उद्घोषणा

पं.नं.202301100400090/अ-2/2022-23

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक जितेन्द्र कुमार कामड़े आ. स्व. ठाकुरराम कामड़े निवासी- अर्जुन्दा द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम बोरसी प.ह.नं. 19/23 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 264/4 रकबा 0.012 हे. 1250 (आवासीय) प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा. सं. की धारा 59 (2) के तहत पुर्ननिर्धारण बाबत आवेदन प्रस्तुत किया है जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत माध्यम के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 10/01/2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

सील | **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग**

कार्यालय संपदा अधिकारी

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.)

फोन नं. 0771-2436320

email ID: eocghbzone2@gmail.com

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सरदार वल्लभ भाई पटेल थोक बाजार, डुमरतराई रायपुर में स्थित दुकान क्र. ए-03 श्री श्री प्रतीक खण्डेलवाल पित स्व. श्री संतोष कुमार खण्डेलवाल के नाम पर इस कार्यालय का नामांतरण आदेश क्र. 5862 दिनांक 05.09.2022 द्वारा नामांतरित है। नामांतरी द्वारा दिनांक 18.10.2022 को हस्तांतरण विलेख (फ्री-होल्ड) निष्पादित करा लिया गया है। हस्तांतरण विलेख निष्पादन उपरांत उक्त दुकान को क्रेता श्री चेतन हेमानी पिता श्री हंसराज हेमानी, निवासी-13/49 जैन मंदिर रोड बालाजी वार्ड जगदलपुर बस्तर (छ.ग.) के पक्ष में दिनांक 11.11.2022 को विक्रय कर दिया गया है। वर्तमान में क्रेता श्री चेतन हेमानी पिता श्री हंसराज हेमानी द्वारा उक्त दुकान को फ्री-होल्ड पश्चात अपने नाम पर नाम दर्ज किए जाने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त दुकान के नाम दर्ज करने के संबंध में किसी भी व्यक्ति, शासकीय, अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-2, रायपुर

कार्यालय नगर पंचायत आमदी, जिला-धमतरी (छ.ग.)

-:: ई-प्रोक्यूरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना ::-

Main Protal:-http://eproc.cgstate.gov.in Email ID: comamdi@gmail.com

क्रमांक/2084/न.पं./ लोनिवि/2022-23 आमदी, दिनांक 18/01/2023

ई-प्रोक्यूरमेन्ट निविदा आमंत्रण सिस्टम टेण्डर नम्बर 121442

कार्यालय नगर पंचायत आमदी द्वारा लोक निर्माण विभाग में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यो हेतु रोड़ एस.ओ. आर. दिनांक 01.01.2015 (निविदा जारी होने के दिनांक तक समस्त संशोधनों के साथ) कम अधिक या समान दरों पर शेड्यूल अनुसार निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं :-

1. ऑनलाईन निविदा करने हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 10/02/2023 समय दोपहर 05.30 बजे तक ।
2. फिजिकल डाक्यूमेंट कार्यालय नगर पंचायत आमदी में जमा करने की अंतिम तिथि 14/02/2023 समय दोपहर 05.30 बजे तक ।
3. ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथि 15/02/2023 समय दोपहर 12.00 बजे से ।

क्र.	कार्य का नाम	प्राक्कलन राशि	धरोहर राशि रु.	कार्यावधि	ठेकेदार का वर्ग
1	स्कूल चौक से शांति चौक तक वार्ड क्र. 13,12,10,11 एवं मेन रोड से रोहित साहू घर तक वार्ड क्र. 04,05,06 में बी.टी. रोड निर्माण कार्य।	89.70 लाख	67500.00	04 माह	वर्ग डी एवं उच्च श्रेणी पंजीकृत ठेकेदार

उक्त कार्य हेतु विस्तृत जानकारी अवधि में ई-प्रोक्यूमेंट वेब पोर्टल Main Portal : http//eproc.cgstate.gov.in से भी डाउनलोड व देखी जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगर नगर पंचायत आमदी

कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई

E-Procurement Tender Notice

Main Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

Project cell./N.P.N./ 610/423 Bhilai/Dated: 18/01/2023

Online tender are invited on behalf of the Municipal Corporation, Bhilai for the following work in Form "A" for Contract from the contractors e-Procurement System portal (https://eproc. cgstate.gov.in)

Sr.	Tender no.	Name of work	Probable amount of contract (in lacs)	Earnest money (in lacs)	completion period	निविदा जारी दिनांक	निविदा डाऊनलोड की अंतिम दिनांक
1	121181	जोन क्र. 01 अंतर्गत सभी वार्डों में बैडमिंटन ग्राउंड निर्माण कार्य (वार्ड 01,02,03,04,05,06,07,08, 09, 10,11,12,13,17 एवं 18	150.00 Lacs	113000.00	120 Days	17.01.2023	08.02.2023
2	121190	जोन 02 अंतर्गत सभी वार्डों में बैडमिंटन ग्राउंड निर्माण कार्य (वार्ड 14,15,16,19,20,21,22,23,24 25,26, 27,28 एवं 29	140.00 Lacs	105000.00	120 Days	17.01.2023	08.02.2023
3	121227	जोन 01 अंतर्गत सुपेला चौक से राजेन्द्र प्रसाद चौक तक डामरीकृत मार्गों का नवीनीकरण कार्य।	188.83 Lacs	142000.00	180 days	17.01.2023	08.02.2023

NOTE :
1. For other details visit GoC e-Procurement System portal website https://eproc.cgstate.gov.in **2.** Corrigendum Amendment if any, will be displayed on above website https://eproc.cgstate.gov.in/ only and it shall be part of tender document. **3.** For more details please download NIT details.

Executive Engineer

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-4035602, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021

प्रतियोगिता से निखरता हैं खिलाड़ियों का व्यक्तित्व : आशीष छाबड़ा

बेमेतरा/नवप्रदेश। हमारें युवा साथियों के द्वारा बहुत ही बढ़िया टेनिस बॉल क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया, हमारे जीवन में खेल का बहुत अधिक महत्व हैं, हमें अपने जीवन में निश्चित रूप से खेल के प्रति लगाव होना चाहिए। खेल में एक सिक्के के दो पहलू होता हैं, जब दो टीमों के बीच प्रतिस्पर्धा होती हैं तो एक टीम की जीत तो दूसरी टीम की हार होती हैं। खेल में हार-जीत मायने नहीं रखता, मायने रखता कि हम खेल को किस उद्देश्य के साथ खेलें। आज का फाइनल मैच मोहंदी इलेवन एवं सड्डू इलेवन के मध्य खेला गया, जिसमें मोहंदी के साथियों ने अच्छा प्रदर्शन कर आज के इस फाइनल मैच को जीतकर विजेता के रूप में उभरे हैं। इस अवसर पर मौजी राम साहू अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति सरदा, शुभम वर्मा अध्यक्ष प्रतिनिधी जनपद पंचायत बेरला, तखत राम साहू, इंदरचंद जैन, बंसीलाल निषाद सरपंच, यामनी सुरेश वैष्णव सदस्य जनपद पंचायत बेरला, सौरभ मिश्रा, प्रवीणचन्द साहू, नितेश चौबे, होरीलाल तिवारी, ऋषि साहू अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति अछोली, हरिनारायण साहू, मनहरन साहू, तोरण साहू, अर्जुन साहू, यादोराम साहू, देवनारायण साहू, घनश्याम साहू, सोहन साहू, शिव चंद्रवंशी, डोमार साहू, खिलावन साहू, चेतन साहू, कामता, दयाराम साहू, करण साहू, भोला गुप्ता, रामलाल साहू, रामखिलावन साहू, लक्ष्मीनारायण साहू, कुमार साहू, मुखीराम साहू, सीएल चंद्रवंशी, मुखिराम सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहें।

26वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव में दुर्ग के युवाओं की धूम

उतई/नवप्रदेश। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा हुबली-धारवाड़ कर्नाटक में 26वां राष्ट्रीय युवा महोत्सव का आयोजन 12 से 16 जनवरी तक किया गया था। विकसित युवा विकसित भारत थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम में देशभर से 8 हजार से ज्यादा युवाओं ने हिस्सा लिया।

नेहरू युवा केन्द्र दुर्ग से संबद्ध शौर्य युवा संगठन आदर्श ग्राम कोड़िया एवं जोहार युवा मंडल डूमरडीह द्वारा युवा कृति स्टॉल लगाया गया है। युवा कृति स्टॉल में शौर्य युवा संगठन आदर्श ग्राम कोड़िया दुर्ग छत्तीसगढ़ द्वारा गोबर के दीये, गौमय शुभलाभ स्टिकर, गौमय चरण पादुका, गौमय धूप, गौमय धूप स्टैंड, धान की बालियों से बना झूमर, धान का तिरंगा बैच, गोदना शिल्प उत्पाद आदि उत्पाद रखा गया था। साथ ही जोहार युवा मंडल डूमरडीह द्वारा छत्तीसगढ़ प्रदेश की सुप्रसिद्ध मठपरई भित्ति शिल्पकला उत्पाद का स्टॉल लगाया गया है। शौर्य संगठन के उत्पादों एवं वेशभूषा ने विभिन्न राज्यों के युवाओं और स्थानीय नागरिकों को बहुत आकर्षित किया, पूरे कर्नाटक में इन्ही उत्पादों की विशेष चर्चा थी। स्टॉल एवं उत्पादों का दूरदर्शन समाचार के साथ स्थानीय समाचार चैनल व समाचार पत्रों ने प्रमुखता से स्थान दिया। युवा महोत्सव में प्रतिभागियों सहित कर्नाटक के 6 लाख लोगों ने एक साथ योग अभ्यास कर गिनीज़ बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड भी बनाया गया जिसमें दुर्ग के युवा भी सहभागी बने।

एसडीएम ने ली शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक

जर्जर शाला भवन के डिसमेंटल पर ध्यान देने के दिए निर्देश

बेमेतरा/नवप्रदेश। जिलें में स्कूल शिक्षा विभाग के शिक्षा के क्षेत्र में सुधार लाने के उद्देश्य से कलेक्टर जितेन्द्र कुमार शुक्ला के मार्गदर्शन में शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेमेतरा के सभाकक्ष में कल अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सुश्री सुरुचि सिंह ने अनुविभाग स्तर के स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान बताया गया कि जर्जर स्कूल भवन को सरपंच ग्राम पंचायत कठौतिया डिस्मेंटल नहीं कराना चाह रहे हैं, जिसके संबंध में सीईओ जनपद पंचायत बेमेतरा को निर्देशित किया जाएगा।

प्राथमिक शाला सारंगपुर एवं जिया के जर्जर भवन को डिस्मेंटल हेतु सीईओ जनपद पंचायत बेमेतरा को, ग्राम सिंधौरी के मध्यान भोजन कक्ष को डिस्मेंटल हेतु सीएमओ नगर पालिका बेमेतरा को, जर्जर शाला भवन के डिस्मेंटल हेतु एचएम को विशेष रूप से ध्यान देने हेतु निर्देशित किया जाएगा। प्रत्येक स्कूलों में किचन गार्डन बनाने हेतु निर्देशित किया गया, जिसकी समीक्षा अगले माह के बैठक में की जायेगी। मोहलाई घठोली एवं करमतरा के स्कूलों में पेयजल की समस्या हैं, हेडपम्प एवं बोर की व्यवस्था नहीं हैं, जिसके संबंध में पीएचई विभाग बेमेतरा को ज्ञापन जारी कर निर्देशित किया जाएगा। हर हफ्ते स्कूलों में मध्यान भोजन की गुणवत्ता के संबंध में दौरा करने के लिए एसडीएम द्वारा औचक निरीक्षण किया जायेगा। ग्रान बरानी, मटका एवं हथमुड़ी के शाला भवन के किचन शेड जर्जर होने के संबंध में चर्चा किया गया। मस्ती के पाठशाला कार्यक्रम के अंतर्गत क्या-क्या होता हैं के संबंध में चर्चा किया गया तथा मस्ती की पाठशाला को और कैसे बेहतर बना सकते हैं के संबंध में चर्चा किया गया। करियर मार्गदर्शन के संबंध में कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक के बच्चों का हफ्ते में एक पीरियड अनिवार्य रूप से लेने के संबंध में निर्देशित किया गया। कक्षा पहली के बच्चों का निवास प्रमाण पत्र जन्म प्रमाण पत्र के आधार पर बनाने हेतु चर्चा किया गया। इस दौरान अनुविभाग बेमेतरा के संकुल प्रभारी एवं संकुल समन्वयक उपस्थित थे।

दस लाख की लागत से बनेगा सभागार

महासमुंद/नवप्रदेश। शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय महासमुन्द मचेवा में दस लाख की लागत से सभागार का निर्माण कराया जाएगा। संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय महासमुन्द मचेवा में छात्रसंघ पदाधिकारियों व छात्राओं से रूबरू होकर छात्राओं की मांग पर सभागार निर्माण के लिए दस लाख, लाइब्रेरी में पुस्तक सामग्रियों के लिए तीन लाख व कम्प्यूटर खरीदी के लिए पांच लाख रूपए की राशि देने की घोषणा की। वहीं संसदीय सचिव व विधायक चंद्राकर ने अन्य सुविधाओं के विस्तार के लिए उचित पहल करने का आश्वासन दिया। संसदीय सचिव व विधायक चंद्राकर आज गुरूवार को शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय महासमुन्द मचेवा में छात्रसंघ पदाधिकारियों व छात्राओं से रूबरू होकर उनकी समस्याएं जानी। इस दौरान छात्रसंघ पदाधिकारियों व कक्षा प्रतिनिधियों ने लाइब्रेरी में पुस्तकों की कमी और कंप्यूटर की कमी की ओर ध्यानाकर्षित कराया। जिस पर संसदीय सचिव ने आठ लाख रूपए की राशि देने की घोषणा की। सभागार के लिए दस लाख रूपए की घोषणा की। इसी तरह यहां वाई फाई जोन बनाने के साथ ही सीसीटीवी कैमरा लगाने, अतिरिक्त कक्ष के निर्माण की दिशा में उचित पहल करने का भरोसा दिलाया।

लहंगर सोसाइटी के लिए खाद गोदाम का होगा निर्माण

■ संसदीय सचिव ने किया निर्माण कार्यों के लिए भूमिपूजन

महासमुंद। ग्राम पंचायत लहंगर के सोसाइटी में खाद गोदाम का निर्माण कराया जाएगा। संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने निर्माण कार्यों के लिए भूमिपूजन किया। उन्होंने कहा कि गोदाम बनने से किसानों को फायदा होगा। मंगलवार को ग्राम पंचायत लहंगर में खाद गोदाम निर्माण के लिए भूमिपूजन समारोह का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर थे। अध्यक्षता कृषि उपज मंडी अध्यक्ष हीरा बंजारे ने की। विशेष अतिथि के रूप में जनपद पंचायत अध्यक्ष यतेंद्र साहू, जनपद उपाध्यक्ष त्रिलोकी राधेश्याम ध्रुव, जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री संजय शर्मा, वरिष्ठ नेता अरूण चंद्राकर, जनपद सदस्य रमाकांत ध्रुव, राधेलाल सिन्हा, दिलीप जैन, मानिक साहू, संतोष चंद्राकर, गंगाराम पटेल, केशव चौधरी, उदयराम ध्रुव, राधेश्याम ध्रुव मौजूद थे। पूजा-अर्चना पश्चात मुख्य अतिथि संसदीय सचिव चंद्राकर ने खाद गोदाम निर्माण के लिए भूमिपूजन किया। अपने संबोधन में संसदीय सचिव चंद्राकर ने कहा कि यहां खाद गोदाम की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। इस दिशा में ग्रामीणों ने ध्यानाकर्षित कराया था। जिसे गंभीरता से लेते हुए खाद गोदाम निर्माण के लिए राशि स्वीकृत कराई गई। खाद गोदाम निर्माण होने से किसानों को लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सरपंच मीना बाई देवदास, बेद राम ध्रुव, गौतम राम ध्रुव, पंचराम ध्रुव ,जयसिंह ध्रुव, सुरेंद्र ध्रुव, ,कोमल सिन्हा, सदाराम ध्रुव, मन्नू यादव, नकुल निषाद ,भागी राम ध्रुव, खेदु राम यादव, मोहन सिन्हा, गौराम ध्रुव, रेखलाल चंद्राकर, संतोष चंद्राकर, रामेश्वर यादव, घसिया यादव, पुनित यादव बलराम ध्रुव, मनराखन ठाकुर, रूप सिंह नेताम, वीरेंद्र ध्रुव, मनीष ध्रुव, श्रीराम ध्रुव, कृष्ण लाल साहू, कुश कुमार पटेल, राजेश कुमार साव, हिरा लाल चौधरी, कली राम सेन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद थे।

लॉन्ग-टर्म ग्रोथ के लिए क्वालिटी पैरामीटर्स को मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध

मुंबई। एडलवाइस टोकियो लाइफ इंश्योरेंस, एक नए जमाने की लाइफइंश्योरेंस कंपनी है, जो अपने बिजनेस में स्थायी और दीर्घकालिक विकास करने के लिए अपने बिजनेस क्वालिटी पैरामीटर को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए कंपनी ग्राहकों और डिस्ट्रीब्यूटर को खुश करने के लिए प्रोसेस को प्राथमिकता दे रही है। एडलवाइस टोकियो लाइफ इंश्योरेंस के चीफ डिस्ट्रीब्यूशन ऑफिसर अनूप सेठ ने कहा, हम मुख्य रूप से 4 क्वालिटी पैरामीटर को देख रहे हैं, जो कि क्लेम सेटलमेंट रेशियो, परसिस्टेंसी रेशियो, शिकायत अनुपात और नेट प्रमोटर स्कोर (एनपीएस) हैं जो हमारे व्यवसाय की मजबूती के संकेतक हैं। हमने अपनी रिस्क मैनेजमेंट प्रैक्टिस को मजबूत करने, गुणवत्तापूर्ण व्यवसाय की सोर्सिंग को सक्षम करने पर काम किया है। यह बदले में सभी मैट्रिक्स को मजबूत करेगा। हम अपने ग्राहक और वितरक अनुभव को बेहतर बनाने के लिए डिजिटल माध्यम को एक प्रमुख लीवर के रूप में भी देख रहे हैं।

कॉलेज में मां सरस्वती की मूर्ति स्थापित

नवागढ़/नवप्रदेश। बुधवार की शासकीय कोदूराम दलित महाविद्यालय नवागढ़ में मां सरस्वती की प्रतिमा का विधिवत पूजन कर स्थापना किया गया। उल्लेखनीय है कि अभी तक कोई भी मूर्ति स्थापित नहीं हुई थी, जिसकी जानकारी होते ही पूर्व जनपद पंचायत उपाध्यक्ष देवादास चतुर्वेदी, पूर्व पार्षद विनोद साहू पूर्व सरपंच गोपालभैना मिंटू बिसेन ने मूर्ति खरीद कर महाविद्यालय में उसका स्थापना कराया। चतुर्वेदी ने बताया कि कुछ दिनों पहले जब हम वाणिज्य संकाय के छात्र छात्राओं को निःशुल्क पुस्तक देने पहुँचे थे, तभी महाविद्यालय में जानकारी प्राप्त हुई थी कि यहां मां सरस्वती की मूर्ति की यहां आवश्यकता है। इस दौरान प्राचार्या बंजारा, विद्या जायसवाल सहित अन्य उपस्थित रहे।

नांदघाट में काफरैली एवम पशु जागरूकता का हुआ आयोजन

भाटापारा/नांदघाटनवप्रदेश। पशुधन विकास विभाग ने बुधवार को ग्राम नांदघाट में काफ रैली एवं पशु जागरूकता शिविर का आयोजन किया।जिसमें बड़ी संख्या में पशुपालकों ने हिस्सा लिया। इस दौरान पशुधन विकास विभाग के अधिकारियों ने पशु बांझपन, कृत्रिम गर्भाधान तथा विभाग द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के विषय में जानकारी दी और उसका लाभ उठाने का अनुरोध किया गया। इस दौरान ग्रामीणों को नस्ल सुधार के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि पशुपालक अपने घर में पाई गई देशी गाय, भैंस में कृत्रिम गर्भाधान कराकर उन्नत नस्ल की बछवा प्राप्त कर सकते हैं।उन्होंने बताया कि उन्नत नस्ल में गीर,साहीवाल की गाय प्राप्त होती है तो अधिक मात्रा में दूध उत्पादन में वृद्धि होती है।वही अगर बछवा प्राप्त होता है तो अधिक कीमत वाला बैल तैयार होता है जिससे पशुपालकों के अधिक लाभ होता है।वही 160 हितग्राहियों को बैकयार्ड रंगीन चूजा वितरण की गई। इस दौरान डॉ विजय कुर्रे पशु चिकित्सा अधिकारी,सरपंच सरिता कटारे,कांग्रेस नेता लाला कटारे,एके कुरैशी एवीएफओ,एके आडिल,एसआर साहू,सुनील गायकवाड़,महेश मीरे,रवि कुर्रे,संतोष यादव,मैत्री एवं प्राइवेट कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ता,पशुपालक,किसान मौजूद रहे।

पोषण ट्रैकर एवं सक्षम आंगनबाड़ी के संबंध में विभागीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का हुआ आयोजन

कोरबा/नवप्रदेश। महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत पंचवटी सभा कक्ष में आज पोषण ट्रैकर एप व सक्षम आंगनवाड़ी केंद्र के संबंध में विभागीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यशाला में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग कोरबा श्रीमती प्रीति खोखर चखियार की अध्यक्षता में विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यशाला में सक्षम योजना, छतीसगढ़ी महिला कोष, मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह, मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान, कौशल्या मातृत्व योजना, मुख्यमंत्री बाल संदर्भ योजना, महिला जागृति शिविर, आदि विषयों पर चर्चा की गई। साथ ही जो आंगनवाड़ी केंद्र जर्जर हालत में है ऐसे केंद्रों को अन्य सुरक्षित स्थान पर तुरंत संचालित करने हेतु निर्देश दिए गए। जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी गजेंद्र देव सिंह द्वारा पोषण अभियान अंतर्गत जिले के 700 केंद्रों को सक्षम आंगनवाड़ी के चयन प्रक्रिया व अंतिम सूची जारी करने हेतु कहा गया। आंगनवाड़ी केंद्र को सुचारू रूप से चलाने हेतु निर्देश दिया गया। अनिल देवांगन जिला समन्वयक द्वारा पोषण ट्रैकर एप का मासिक रिपोर्ट पर समीक्षा व नवीन फ़ीचर्स के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही नियमित आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओ द्वारा उसे केंद्र स्तर पर एप के माध्यम से एंट्री करने कहा गया।

वर्षा जल के संरक्षण व भूजल स्तर को बढ़ाने केंद्र सजग : पांडेय

■ केंद्र सरकार की अमृत सरोवर योजना के तहत जिले के 75 तालाबों का होना है कायाकल्प

कवर्धा/नवप्रदेश। राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पांडेय ने बताया कि केंद्र सरकार वर्षा जल के संरक्षण व भूजल स्तर को बढ़ाने की दिशा में चिंता करते हुए सजगता के साथ कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्षा जल के संरक्षण के भूजल स्तर को बढ़ाने के उद्देश्य से 24 अप्रैल 2022 को अमृत सरोवर योजना का शुभारंभ किया था।

सांसद संतोष पांडेय ने बताया कि गर्मी के दिनों में कई क्षेत्र के लोगों को निस्तारी पानी और पेयजल की समस्या से जूझना पड़ता है। वर्षा जल का संरक्षण नही हो पाने से गर्मी के शुरुआत में ही तालाब सूख जाते हैं। इससे निस्तारी की समस्या का सामना करना पड़ता है। पेयजल संकट भी कई इलाकों की बड़ी समस्या है। इसी तरह की समस्याओं को देखते हुए केंद्र की मोदी सरकार ने अमृत सरोवर योजना की शुरुआत की है। इसके तहत जिले के 75 तालाबों को चिन्हित किया गया है। इन तालाबों का कायाकल्प किया जाना है। इसमें गहरीकरण, सुंदरीकरण आदि कार्य शामिल हैं। इस योजना को 15 अगस्त 2023 तक पूरा करना है। छग राज्य में इस योजना के तहत 2758 तालाबों का कायाकल्प होना है।

सांसद पांडेय ने बताया कि गांवों में आज भी तालाब निस्तारी के सबसे प्रमुख साधन हैं। कई स्थानों पर तालाबों पर अतिक्रमण भी हो रहा है। कई तालाब तो पूरी तरह से विलुप्त हो गए हैं। इससे निस्तारी का संकट गहराता जा रहा है। तालाबों के पट जाने का असर भूजल स्तर पर भी पड़ रहा है। इसका परिणाम यह हुआ है कि गर्मी शुरू होने के पहले ही कई हैंडपंप और कुंए सूख जाते हैं। उन्होंने कहा कि जल के संरक्षण के प्रति सभी को जागरूक होने की आवश्यकता है। भावी पीढ़ी को भी इस योजना के महत्व को समझना होगा। जल है तो जीवन है, वाक्य केवल संदेश देने तक ही सीमित न रह जाए। इसके मूल सिद्धांत को साकार करना सभी का उत्तरदायित्व है। उम्मीद है कि उत्तरदायी एजेंसियों से लेकर आमजन निर्मल भाव से इस कार्य को लक्ष्य तक पहुंचाने में अपनी बेहतर भूमिका निभाएंगे। सांसद पांडेय ने बताया कि केंद्र सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना का काम केंद्र सरकार के मंशानुरूप निर्धारित समय पर हो इसके लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। साथ ही कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के लिए कहा गया है।

अडानी एंटरप्राइजेज लिमिटेड अनुवर्ती सार्वजनिक निर्गम 27 को खुलेगा

नई दिल्ली। अडानी एंटरप्राइजेज लिमिटेड ने शुक्रवार, 27 जनवरी, 2023 को आंशिक भुगतान आधार पर जारी कुल 20,000 रू. करोड़ तक के अपने अनुवर्ती सार्वजनिक निर्गम ('एफपीओ') को खोलने का प्रस्ताव दिया है। एफपीओ में ताजा निर्गम ('ऑफर') के जरिए प्रति एफपीओ इक्विटी शेयर मूल्यस (प्रीमियम सहित) पर नकद रूप में कंपनी के 1 रू. अंकित मूल्य के आंशिक चुकता इक्विटी शेयर ('एफपीओ इक्विटी शेयर') शामिल हैं। इस ऑफर में पात्र कर्मचारियों द्वारा सब्सक्रिप्शन के लिए 50 करोड़ रू. तक के कुल एफपीओ इक्विटी शेयरों का आरक्षण शामिल है, जो ऑफर के बाद की चुकता इक्विटी पूंजी के 5% से अधिक नहीं होगा। प्रस्ताव के खुदरा हिस्से में बोली लगाने वाले खुदरा व्यक्तिगत बोलीदाताओं के लिए प्रति एफपीओ इक्विटी शेयर ?64 की छूट की पेशकश की जा रही है। एफपीओ ऑफर के लिए प्राइस बैंड 3,112रू. से 3,276रू. प्रति एफपीओ इक्विटी शेयर तय किया गया है। कम से कम 4 एफपीओ इक्विटी शेयरों के लिए और उसके बाद 4 एफपीओ इक्विटी शेयरों के गुणक में बोली लगाई जा सकती है। एंकर निवेशकों के लिए बोली लगाने की तारीख बोली/ऑफर खुलने की तारीख से एक कार्य दिवस पहले होगी।

पहले उपाध्यक्ष अब अध्यक्ष ने उपाध्यक्ष पर लगाया आरोप

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिले के दूरस्थ क्षेत्र देवभोग जनपद पंचायत के अंदर मची आंतरिक घमासान नाटकीय घटनाक्रम में बाद सामने आया है। बीते मंगलवार को देवभोग जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष सुखचंद बेसरा ने जिला कार्यालय पहुंच कलेक्टर प्रभात मलिक को जनपद पंचायत अध्यक्ष नेहा सिंघल पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए अपना इस्तीफा पत्र सौंपा है। वही इसके बाद देवभोग जनपद पंचायत के अध्यक्ष नेहा सिंघल ने 15 जनपद सदस्यों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंच जनपद पंचायत उपाध्यक्ष सुखचंद बेसरा पर विकास कार्यों में गतिरोध करने का आरोप लगाते हुए अविश्वास प्रस्ताव लाने कलेक्टर को आवेदन सौंपा है। 7 बिंदुओं पर भ्रष्टाचार का खुलासा करते हुए पहले ही जनपद उपाध्यक्ष सुखचंद बेसरा ने सभी मामले में जांच करते हुए भ्रष्टाचार में लिप्त जनपद अध्यक्ष के विरुद्ध कार्यवाही करने की मांग करते हुए अपना इस्तीफा पत्र सौंपा है। सुखचंद बेसरा ने अपने आवेदन में जनपद पंचायत देवभोग में हुए भ्रष्टाचार का उल्लेख करते हुए बताया कि देवभोग जनपद पँचायत में लगातार विभिन्न मदो की राशि मे फर्जी बिल के सहारे आर्थिक अनियमितता की जा रही है।उक्त अनियमितता जनपद अध्यक्ष नेहा सिंघल के इशारों पर सीईओ जनपद के साथ मिलीभगत कर किया जा रहा है। बेसरा ने बताया कि वह कांग्रेस पार्टी के एक जवाबदार सिपाही के साथ ही जनपद पंचायत देवभोग के निर्वाचित उपाध्यक्ष है। अध्यक्ष भाजपा समर्थित है, उनकी मंशा सरकार की छवि धूमिल करने की है, इसलिए उनके द्वारा अपने पद व प्रभाव का दुरुपयोग कर अपने पति के फर्म तिरुपति ज्वैलर्स व बालाजी फर्म के अलावा ड्राइवर, नौकर व अन्य परिचित के नाम का बिल लगवाकर कर लाखो की राशि आहरण कर आर्थिक अनियमितता को अंजाम दिया है।जनपद में चल रहे भर्राशाही का उनके द्वारा लगातार विरोध किया जाता रहा है,जिसके चलते मूझे पदच्यूत करने का धमकी दिया जाता है।जनपद के ज्यादातर सदस्य भाजपा समर्थित है जिन्हें अध्यक्ष व उसके सपोर्टर सदस्य द्वारा गुमराह किया जाता है जिसके चलते अन्य सदस्य इन अनियमितता के खिलाफ आवाज नहीं उठाते,उल्टे मनचाहा प्रस्ताव पारित करवा लिया जाता है।जनपद के योजनाओं में लगातार किये जा रहे गड़बड़ियों से कांग्रेस सरकार कि छवि धूमिल हो रही है जिसे जांच कर रोका जाना आवश्यक होगा।

सुखचंद बेसरा ने अपने आवेदन में कहा कि देवभोग जनपद में चल रहे भर्राशाही को रोकने में वह नाकाम हुआ है। जिसके चलते जनपद उपाध्यक्ष पद से स्तीफा देना चाहता हूं।

1-जनपद विकास निधि की राशि से बनाये गए व्यवसायिक परिसर के निर्माण से लेकर उसके दुकान के आबंटन तक भारी अनियमितता बरती गई है।सामुदायिक भवन के पुराने दीवार पर परिसर खडा कर पूर्ण मूल्यांकन किया गया।आबंटन में 5 वे नम्बर की दुकान लिलम ध्रुव जो कि जनपद मनरेगा शाखा में सहायक ग्रेड 3 के रूप में कार्यरत है एवं 8 नम्बर की दुकान कृतिका मरकाम जो की जनपद में पदस्थ सहायक विस्तार अधिकारी पालेश्वर मरकाम एव जनपद सीईओ एम एल मंडावी की बेटी है,के नाम आबंटित किया गया।बगैर रेंट कंट्रोलर के अभिमत के किराये का दर बाजार भाव से ज्यादा तय किया गया,हद तो तब हो गई जब इस परिसर के किराए दार से पगड़ी के रूप में 30 से 40 हजार रुपये नगद लिया गया।इसका मैंने विरोध किया ,लेकिन जनपद अध्यक्ष सब कुछ जानते हुए भी प्रस्ताव पारित करवा लिया।परिसर में किये गए मनमानी से सरकार की छवि धूमिल हुआ है। 2-मनरेगा कार्य निरीक्षण के नाम पर स्कॉर्पियो वाहन किराए पर लगाया गया है,जो जनपद अध्यक्ष के ज्वेलरी में काम करने वाले कर्मी के नाम पर है।निविदा प्रक्रिया में हेर फेर कर जनपद अध्यक्ष नेहा सिंघल द्वारा पद का दुरुपयोग कर वाहन लगाया गया है।मनरेगा में विधिवत भुगतान करने के बजाए जनपद के अन्य मदो से नियम विरूद्ध भुगतान किया जा रहा है।इसके पूर्व कार्यकाल में इसी तरह वाहन के आड़ में जनपद मद का भारी दुरुपयोग किया गया है।

जनपद उपाध्यक्ष सुखचंद बेसरा ने बताया कि विवेकानंद यूवा प्रोत्साहन राशि के 10 लाख रुपये को जनपद अध्यक्ष एवं सीईओ द्वारा परिचितो के बिल के सहारे कागजों में जागरूकता व अन्य आयोजन दिखाकर पुरी राशि का आहरण कर लिया गया है।जबकि सरकार ने इस मद का आबंटन यूवाओ को प्रोत्साहित करने के लिए दिया था।

14 वे एवं 15 वे वित्त मद से जनपद अध्यक्ष द्वारा अपने निर्वाचित क्षेत्र में मुरम बिछाई व मरम्मत जैसे कार्यो का आबंटन कराया।अपने पति व अन्य फर्मो के बिल के सहारे कम काम कर ज्यादा रुपए आहरित किया गया।

> जनपद उपाध्यक्ष के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाने 15 जनपद सदस्यों के साथ कलेक्टर गरियाबंद को आवेदन दिया है। जनपद उपाध्यक्ष सुखचंद बेसरा विकास कार्यों में गतिरोध लाने की कोशिश करते हैं जिससे क्षेत्र में विकास कार्य बाधित हो रहे हैं।
>
> **नेहा सिंघल,** अध्यक्ष जनपद पंचायत देवभोग।

भाजपा और कांग्रेस पार्टी ने जनता को लूटने का काम किया : झा

बालोद/नवप्रदेश। बीजेपी हो या कांग्रेस दोनों ही पार्टियों ने जनता को लूटने का काम किया है। हम तीसरे विकल्प के तौर में छत्तीसगढ़ की जनता के सामने आएंगे और जमीनी स्तर की लड़ाई लड़ेंगे। साथ ही यहां किसान और आदिवासियों के हित में काम करेंगे। आम आदमी पार्टी के दिल्ली में विधायक और छत्तीसगढ़ के प्रदेश प्रभारी संजीव झा ने गुरूवार को बालोद के स्थानीय सर्किट हाउस में मीडिया से चर्चा करते हुए कही। इस प्रेस वार्ता में संजीव झा ने कहा- आम आदमी पार्टी संगठन के तीसरे दौर में जा रही है। श्री झा ने बालोद जिलाध्यक्ष कमलकांत साहू और जिला सचिव चुरेन्द्र साहू की घोषणा की। जिले के बाद विधानसभा स्तर पर नियुक्ति होगी। विधानसभा के बाद एक विधानसभा को ब्लॉक स्तर पर बांटा जाएगा। ब्लॉक को भी 5 सर्कल में पंचायतों के रूप में बांटा गया है। ये संगठन का स्ट्रक्चर रहेगा। अभी जिला अध्यक्षों की घोषणा कर दी गई। आम आदमी पार्टी के प्रभारी संजीव झा ने कहा कि जनता समझ गई है कि लोगों के साथ कांग्रेस और बीजेपी सिर्फ छल कर रही है। आम आदमी पार्टी जनता के साथ ये छल और ज्यादा नहीं होने देगी। संजीव झा का कहना है कि हम प्रदेशवासियों के सहयोग से जनता के पास जा रहे हैं। साथ ही ईमानदार राजनीति की अलख जलाकर सभी से सहयोग मांगेगे। संजीव झा ने कहा कि राज्य में सांगठनिक ढांचा तैयार हो चुका है। प्रदेश के लगभग बीस हजार गांवों में आम आदमी पार्टी अपने यूनिटों में इंचार्ज बनाने की प्रक्रिया जोर शोर से चल रही है, जो आने वाले दिनों में पूरी कर ली जायेगी। इसके साथ ही पार्टी जल्द ही भ्रष्टाचार, स्वास्थ्य और शिक्षा के मुद्दों को लेकर अपना प्रदेशव्यापी अभियान शुरू कर अपने मजबूत संगठन के द्वारा हर घर तक पहुंचेगी। प्रेसवार्ता के दौरान कोमल उपेंडी, जिलाध्यक्ष बालोद कमलकांत साहू, जिला सचिव चुरेन्द्र साहू, पूर्व प्रदेश सचिव उत्तम जायसवाल, गोपाल साहू, दीपक आरदे सहित आदि शामिल रहे।

निजी मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस एमडी और एमएस के लिए फीस तय

■ **निर्धारित फीस के अलावा कोई और शुल्क नहीं लेने के निर्देश**

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य शासन द्वारा गठित प्रवेश तथा फीस विनियामक समिति ने शैक्षणिक सत्र 2021-22, 2022-23 एवं 2023-24 के लिए निजी मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस, एमडी और एमएस के लिए अंतिम फीस का निर्धारण कर दिया है। समिति ने श्री शंकराचार्य इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज जुनवानी, भिलाई में एमडी एवं एमएस के क्लिनिकल पाठ्यक्रम के लिए प्रति छात्र सालाना नौ लाख 98 हजार 954 रूपए की फीस निर्धारित की है। वहीं इनके प्रि-क्लिनिकल/पैरा-क्लिनिकल पाठ्यक्रम के लिए सात लाख 99 हजार 187 रूपए की फीस निर्धारित की गई है। रायपुर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज गोढ़ी भानसोज, रायपुर में संचालित एमडी व एमएस के क्लिनिकल पाठ्यक्रम के लिए प्रति छात्र प्रति वर्ष नौ लाख 31 हजार 484 रूपए तथा प्रि-क्लिनिकल/पैरा-क्लिनिकल पाठ्यक्रमों के लिए सात लाख 45 हजार 187 रूपए की फीस निर्धारित की गई है। प्रवेश तथा फीस विनियामक समिति के अध्यक्ष प्रभात कुमार शास्त्री ने बताया कि राज्य के तीन निजी मेडिकल कॉलेजों में संचालित एमबीबीएस पाठ्यक्रम और दो कॉलेजों में संचालित एसएएस एवं एमडी (पीजी) पाठ्यक्रम के लिए पूर्व में अंतरिम फीस निर्धारित की गई थी। तीनों मेडिकल कॉलेजों के निरीक्षण तथा लेखा आदि की जांच, पड़ोसी राज्यों में प्रचलित फीस की दर, छत्तीसगढ़ की स्थिति, प्रति व्यक्ति औसत आय आदि तथ्यों पर विचार के बाद इन पाठ्यक्रमों के लिए अंतिम फीस का निर्धारण किया गया है।

फीस में ही संपूर्ण शुल्क शामिल : श्री शास्त्री ने बताया कि विगत 13 जनवरी को समिति के सदस्यों चिकित्सा शिक्षा विभाग के संचालक डॉ. विष्णु दत्त, वित्त सदस्य योगेश वर्ल्यानी और विधि सदस्य सैय्यद अफसर अली की मौजूदगी में हुई बैठक में तीन मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस तथा दो मेडिकल कॉलेजों में एमएस व एमडी के लिए शैक्षणिक शुल्क को अंतिम रूप से निर्धारित किया गया है। तीनों संस्थानों को निर्देशित किया गया है कि इस फीस में ही संपूर्ण शुल्क शामिल हैं। संस्थान यूनिफॉर्म, आईडी कॉर्ड, लैबोरेटरी, सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेलकूद, एनएसएस, भवन, फर्नीचर, उपकरण आदि मदों में कोई अतिरिक्त राशि नहीं वसूल करेंगे। विद्यार्थियों के लिए छात्रावास एवं ट्रांसपोर्टेशन की सुविधा वैकल्पिक रहेगी। इनके लिए संस्थानों को 'नो लॉस-नो प्रॉफिट' के आधार पर शुल्क लेने के निर्देश दिए गए हैं।

जानिए, सालाना निर्धारित फीस...

प्रवेश तथा फीस विनियामक समिति द्वारा श्री शंकराचार्य इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में संचालित एमबीबीएस पाठ्यक्रम के लिए शिक्षण सत्र 2022-23, 2023-24 एवं 2024-25 हेतु सालाना सात लाख 99 हजार 187 रूपए एवं आधा साल के लिए तीन लाख 99 हजार 593 रूपए शुल्क का निर्धारण किया गया है। वहीं रायपुर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में प्रति वर्ष सात लाख 45 हजार 187 रूपए और आधा साल के लिए तीन लाख 72 हजार 593 रूपए फीस का निर्धारण किया गया है। श्री बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज मोवा, रायपुर के लिए शैक्षणिक सत्र 2021-22, 2022-23 और 2023-24 के लिए के लिए प्रति वर्ष सात लाख 50 हजार 187 रूपए तथा आधा साल के लिए तीन लाख 75 हजार 093 रूपए की फीस निर्धारित की गई है।

मुसीबत में फंसी महिलाएं टोल फ्री नंबर 181 और सखी सेंटर से लें मदद

रायपुर/नवप्रदेश। महिलाओं को घर के भीतर और बाहर अनेक प्रकार की मुसीबतों का सामना करना पड़ता है। ऐसी हर परिस्थिति में महिलाओं की चौबीसों घंटे सहायता करने के लिए सरकार द्वारा व्यवस्था सखी सेंटर और महिला हेल्पलाइन नंबर 181 की व्यवस्था की गई है। किसी भी प्रकार की घटना, प्रताड़ना या संकट होने पर महिलाएं त्वरित सहायता और आपातकालीन सेवाओं के लिए हेल्पलाइन नंबर 181 पर मोबाइल या लैंडलाईन से कॉल कर मदद ले सकती है। यह नंबर चौबीसों घंटे काम करता है और यह निःशुल्क सेवा है। इसके साथ पीड़ित महिलाओं की मदद के लिए छत्तीसगढ़ के पुराने सभी 27 जिलों में सखी सेंटर संचालित हैं। ये सेंटर मुसीबत में फंसी महिलाओं के लिए स्वास्थ्य, आश्रय, पुलिस, विधिक जैसी सभी प्रकार की सहायता एक स्थान पर ही उपलब्ध कराते हैं। फोन करना संभव न हो तो महिलाएं वाट्सअप, फेसबुक, ट्विटर, ईमेल और वेबसाइट के माध्यम से भी महिलाएं हेल्पलाइन-181 से मदद ले सकती हैं। वाट्सअप 9406005181 के माध्यम से राज्य के किसी कोने से कोई भी महिला या बालिका मैसेज कर सहायता मांग सकती है। महिला हेल्पलाईन द्वारा तत्काल सहायता पहुचाने के लिए राज्य में संचालित सखी वन स्टॉप सेंटर, पुलिस, हॉस्पिटल, सुधार गृह सहित अन्य आपातकालीन सेवाओं के साथ समन्वय कर प्रकरण का निराकरण किया जाता है।

दूसरे की मदद के लिए भी डायल करें 181

किसी महिला की तरफ से कोई दूसरा व्यक्ति भी मदद के लिए 181 नंबर पर कॉल कर सकता है। यहां न सिर्फमहिलाओं की हिंसा या दुर्घटना में मदद की जाती है, बल्कि सामाजिक कल्याण से जुड़ी योजनाओं जैसे विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन, आवास योजना में आने वाली दिक्कतों में भी सहायता की जाती है। यहां विधिक सेवा और सखी सेंटरों की मदद से महिलाओं की न्यायतंत्र तक पहुंच और कानूनी सहायता प्राप्त करने में भी सहायता की जाती है। घरेलू हिंसा से पीड़ित महिलाएं भी मदद के लिए फोन कर सकती हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए यहां महिलाओं को कानूनी सलाह, स्वास्थ्य और आश्रय संबंधी सहायता पहुंचाई जाती है।

कलेक्टर ने सब इंजीनियर को जारी किया नोटिस

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। विगत दिवस विकासखंड गीदम अंतर्गत ग्राम छिंदनार में निदान शिविर का आयोजन किया गया। निदान शिविर में ग्रामीणों द्वारा पेयजल की समस्या से अवगत कराया। इस संबंध में कलेक्टर विनीत नंदनवार के जानकारी लिए जाने पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के उप अभियंता कौशल कुमार नेताम के द्वारा स्पष्ट जवाब नहीं दिया गया। शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में रुचि नहीं लिए जाने की इस प्रवृत्ति पर उप अभियंता पर नाराजगी जाहिर करते हुए कलेक्टर ने नोटिस जारी करते हुए स्पष्टीकरण मांगा है।

पटवारियों का मुख्यालय तय, ग्रामीणों की समस्याओं का करेंगे समाधान

जशपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ रवि मित्तल ने जिले के पटवारियों को प्रत्येक ग्राम पंचायत में कार्य करने हेतु मुख्यालय दिवस निर्धारित किया है। उन्होंने सभी पटवारियों को माह के प्रत्येक सप्ताह में अलग-अलग पंचायत में कार्य करने हेतु मुख्यालय निर्धारित किया है। साथ ही पटवारियों को नियमित तिथि में संबंधित मुख्यालय में उपस्थित रहकर ग्रामीण जनों के समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए है। इसी कड़ी में जिले के पटवारियों को सभी विकासखड़ों में जनवरी माह के प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ और पांचवा सप्ताह में अलग-अलग ग्राम पंचायत के मुख्यालय में प्रातः 10 से शाम 5 बजे तक बैठने के सख्त निर्देश दिये हैं। जिसके अंतर्गत बगीचा तहसील के श्यामलाल नागेन्द्र बगीचा, रूद्रेश्वर साय पैंकरा लोटा, भट्ठीकोना, डूमरटोली, गम्हरिया, श्यामलाल नागेन्द्र, कुरूमकेला, रतबा, सामरबार, शिवदयाल सिदार दुर्गापारा, सरडीह, झगरपुर, पेटा,बगडोल, सोनपुर, जरूडांड, टांगरडीह पुरंगा, पुरंगा, मझगांव रुद्रेश्वर साय झीकी, रूपसेरा, रेबरे, रायकेरा, मान्ती भगत कुरडेग, जुरगुम, सुलोचनी बाई कुटमा, गुरम्हाकोना, पत्ताकेला, बेतरा, अलोक खेस्स बेंद, भितघरा, रेंगले सूतरी, राजपुर, पण्डरीपानी प्रिंस कुमार कुहापानी, जबला, जामपानी, तम्बाकछार, सरबकोम्बो विलसन कुजूर कलेया, बुटंगा, कुरहाटेपना, रंगपुर, विलसन कुजूर गैलूंगा बच्छरांव, जोसेफ केरकेट्टा रमसमा, साहीडांड़ करमा, समदुरा मुख्यालय निर्धारित किया गया है।

22.86 लाख किसानों ने बेचा धान 21 हजार 237 करोड़ का भुगतान

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में धान खरीदी के चालू खरीफसीजन में अब तक के सभी वर्षों का रिकार्ड टूट गया है। राज्य में समर्थन मूल्य पर अब तक 103 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है। पिछले वर्ष 2021-22 में 98 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हुई थी। धान खरीदी 31 जनवरी 2023 तक चलेगी। इस तरह धान खरीदी का यह आंकड़ा और भी बढ़ेगा। राज्य के 22.86 लाख किसानों ने धान विक्रय किया है। धान के एवज में इन किसानों को 21,237 करोड़ रूपए का भुगतान बैंक लिंकिंग व्यवस्था के तहत उनके बैंक खातों में सीधे किया गया है। राज्य सरकार ने चालू खरीफसीजन में 110 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य रखा है। धान खरीदी केन्द्रों में दिख रही किसानों की चहल-पहल और धान की आवक से यह अनुमान है कि यह लक्ष्य भी आसानी से प्राप्त हो जाएगा। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी धान खरीदी के साथ-साथ कस्टम मिलिंग के लिए धान का निरंतर उठाव जारी है। अब तक कुल धान खरीदी 103 लाख मीट्रिक टन धान में से 88.25 लाख मीट्रिक टन धान के उठाव के लिए डीओ जारी किया गया है, जिसके विरूद्ध मिलर्स द्वारा लगभग 80 लाख मीट्रिक टन धान का उठाव कर लिया गया है। राज्य सरकार की किसान हितैषी फैसलों से पिछले चार वर्षों में लगातार किसानों के पंजीयन और रकबा में वृद्धि हुई है। इस वर्ष 24.97 लाख किसानों ने पंजीयन कराया है, इनमें 2.30 लाख नए किसान हैं। किसानों को धान विक्रय में सहूलियत हो इस लिहाज से राज्य में 2617 धान उपार्जन केन्द्र बनाए गए हैं।

आंबा कार्यकर्ता व सहायिका के पदों पर होगी भर्ती

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत बलौदाबाजार एकीकृत बाल विकास परियोजना में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के 1 एवं आंगनबाड़ी सहायिका के 3 रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। जिसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के एक पद सुशील कुमार मसीह वार्ड नं. 2 के आंगनबाड़ी केन्द्र 6 ब एवं सहायिका के तीन पदों के लिए गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर वार्ड नं. 21 के आंगनबाड़ी केन्द्र 2 अ, इंदिरा गांधी वार्ड नं 6 के आंगनबाड़ी केन्द्र 8 ब एवं लोकमान्य तिलक वार्ड नं 16 के आंगनबाड़ी केन्द्र 16 ब शामिल है। आवेदन करने के अंतिम तिथि 31 जनवरी तक कार्यालयीन समय में सायं 5.30 बजे तक कार्यालय एकीकृत बाल विकास परियोजना बलौदाबाजार के पते पर अपना आवेदन पत्र केवल पंजीकृत डाक के माध्यम से भेज सकते है। इसी प्रकार लवन एकीकृत बाल विकास परियोजना में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के 2-2 रिक्त पद पर भर्ती की जाएगी। जिसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ता खैंदा आंगनबाड़ी केन्द्र 1, जामडीह आंगनबाड़ी केन्द्र एवं सहायिका 2 पदों के लिए डोटोपारा आंगनबाड़ी केन्द्र 1, अमलीडीह आंगनबाड़ी केन्द्र 1 शामिल है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पद के लिए शैक्षणिक योग्यता बारहवीं उत्तीर्ण एवं सहायिका पद के लिए आठवीं उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

आत्मानन्द स्कूल की छात्रा रश्मि 27 को पीएम मोदी से करेगी परीक्षा पे चर्चा

खैरागढ़/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल और सीबीएसई की बोर्ड परीक्षाएं फरवरी- मार्च 2023 में आयोजित होने वाली है। इससे पहले 27 जनवरी को दिल्ली के तालकटोरा के इंडोर स्टेडियम में प्रधानमंत्री चयनित छात्रों के साथ परीक्षा पे चर्चा करेंगे। इस कार्यक्रम में प्रतिभागी बनने के लिए खैरागढ़ छुईखदान गंडई जिले के एक छात्रा रश्मि प्रजापति का चयन हुआ है। ज्ञात हो कि जिला में राज्य शिक्षा कार्यालय के निर्देशन और कलेक्टर डॉ. जगदीश सोनकर के मार्गदर्शन में स्वामी आत्मानन्द अंग्रेजी माध्यम की उत्कृष्ट 4 शालाएं खैरागढ़, छुईखदान, गंडई और सलेहवारा में संचालित है। इनमे से गंडई स्कूल की कक्षा 9 वीं की छात्रा रश्मि प्रजापति ने परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में शामिल होने के लिए संबंधित शीर्षक में लेख 30 दिसम्बर 2022 तक ऑनलाइन जमा करना था। जिसके आधार पर चयनित छात्र एवं शिक्षक को कार्यक्रम में शामिल होना है। स्व. लाल मूरत सिंह खुसरो आत्मानन्द अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय गंडई में अध्ययनरत रश्मि प्रजापति, पिता जुगल किशोर प्रजापति का चयन परीक्षा पे चर्चा के लिए हुआ है। रश्मि का चयन अवर कल्चर अवर प्राइड पर लिखे गए लेख के आधार पर हुआ है, छत्तीसगढ़ राज्य से केवल 02 विद्यार्थियों व एक शिक्षिका का चयन हुआ है। इसमें रश्मि दुर्ग संभाग से एक मात्र छात्रा है जिनका चयन परीक्षा पे चर्चा के लिए हुआ है। छात्रा रश्मि ने अपनी उपलब्धि के बारे में बताया कि पढ़ाई सबके लिए जरूरी है, जितना मेहनत करेंगे उतनी सफलता मिलेगी। मेरे लिए आत्मानंद स्कूल लक्की है। मैं डॉक्टर बनना चाहती हूँ, प्राचार्य, टीचर्स और मम्मी-पापा से पूरा सहयोग मिलता है। वहीं कलेक्टर डॉ. जगदीश सोनकर ने रश्मि के चयन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा है कि - राज्य शासन की स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट शाला प्रतिभावान बच्चों के लिए एक शानदार प्लेटफार्म है। रश्मि के डॉ. बनने के सपने को साकार करने लिए जिला प्रशासन बेहतर कोचिंग के माध्यम से पूरा सहयोग करेगा।

सरकारी अस्पतालों में रूटीन और एमरजेंसी सेवा ठप, जूनियर डॉक्टर्स हड़ताल पर

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में सरकारी अस्पतालों के जूनियर डॉक्टरों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। जूनियर डॉक्टरों की मांग है कि मानदेय में बढ़ोतरी की जाए। लंबे समय से मानदेय बढ़ाने की गुहार जूनियर डॉक्टर सरकार से लगा रहे हैं, लेकिन अब तक जूनियर डॉक्टरों को राहत नहीं मिली है. गुरूवार से राज्य के सभी मेडिकल कॉलेज से जूनियर डॉक्टर्स, इंटर्न, बोंडेड डॉक्टर्स और मेडिकल कॉलेज के छात्रों ने हड़ताल शुरू कर दी। दरअसल, राज्य में 9 मेडिकल कॉलेज हैं, इसमें लगभग 3 हजार जूनियर डॉक्टर, इंटर्न, बोंडेड डॉक्टर्स और मेडिकल कॉलेज के छात्र हैं जो सरकारी अस्पतालों में ड्यूटी करते हैं. लेकिन पिछले चार सालों से छात्रों के मानदेय में बढ़ोतरी नहीं हुई है। इसलिए डॉक्टर्स ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। इसके चलते प्रदेशभर में सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य सुविधाएं बिगड़ सकती हैं। सरकारी मेडिकल कॉलेज में सारा काम इंटर्न और जुडो के भरोसे रहता है। ऐसे में इनके हड़ताल से सारी सर्विसेज ठप पड़ने की संभावना है।

रूटीन और एमरजेंसी सुविधाओं का बहिष्कार

रायपुर में पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति मेडिकल कॉलेज से जुड़े हुए डॉ भीमराव अम्बेडकर सरकारी अस्पताल में जूनियर डॉक्टर काम करते है, लेकिन गुरूवार सुबह 8 बजे से अनिश्चितकाल तक सभी कार्यों इसमें रूटीन और एमरजेंसी सुविधाओं का बहिष्कार कर दिया। जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन के प्रेसिडेंट डॉ प्रेम चौधरी ने बताया कि गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में सारा काम इंटर्न डॉक्टर्स और जुडो ही करते हैं। अस्पताल उनके लिए घर है, क्योंकि वो 24 घंटे हॉस्पिटल में ही रहते हैं।

4 साल से नहीं हुई वेतन में बढ़ोतरी

जूनियर डॉक्टर्स ने पिछले साल भी वेतन बढ़ोतरी के लिए हड़ताल किया था। उस समय वेतन बढ़ोतरी के लिए प्रस्ताव राज्यपाल, मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव को पत्र सौंपा गया था, लेकिन अब तक कोई पहल नहीं की गई है। जूनियर डॉक्टर्स ने बताया है कि पिछले 4 साल से जूनियर डॉक्टर्स के मानदेय में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है, जबकि प्रदेश के हर श्रेणी के कर्मचारियों की शासन ने विभिन्न रूप से वेतन बढ़ोतरी किया गया है।